Dr. C.V. Raman University
Kargi Road, Kota, BILASPUR, (C. G.),
Ph. : +07753-253801, +07753-253872
E-mail : info@cvru.ac.in | Website : www.cvru.ac.in

Advanced Statistical Analysis

Institute of Open and Distance Education

Faculty of Commerce

Advanced Statistical Analysis

2MCOM3

DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

Chhattisgarh, Bilaspur

A STATUTORY UNIVERSITY UNDER SECTION 2(F) OF THE UGC ACT

2MCOM3

उच्च सांख्यिकीय विश्लेषण

2MCOM3, Advanced Statistical Analysis

Edition: March 2024

Compiled, reviewed and edited by Subject Expert team of University

1. Dr. Vivek Bajpai

(Professor, Dr. C. V. Raman University)

2. Dr. Preeti Shukla

(Associate Professor, Dr. C. V. Raman University)

3. Dr. Aashima Frinklin

(Assistant Professor, Dr. C. V. Raman University)

Published by:

Dr. C.V. Raman University

Kargi Road, Kota, Bilaspur, (C. G.),

Ph. +07753-253801, 07753-253872

E-mail: info@cvru.ac.in

Website: www.cvru.ac.in

अध्याय-1 सम्भावना सिद्धांत (THEORY OF PROBABILITY)

NOTES

इकाई की रूपरेखा

1.0 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप इस योग्य हो सकेंगे कि-

1. संभावना सिद्धांत के अर्थ एवं परिभाषा को समझ सकेंगे।
2. व्यवसाय व सामाजिक जीवन में संभावना सिद्धांत के महत्व एवं उपयोगिता को समझ सकेंगे।
3. संभाविता के नियम एवं प्रमेय का ज्ञान होगा।

1.1 प्रस्तावना

पूर्व में ऐसे समंकों के विश्लेषण का अध्ययन किया गया है जिन्हें उन साधनों से प्राप्त किया जाता है जो हमारे नियंत्रण से बाहर हैं, जैसे, आय के वितरण और मूल्यों में उच्चावचन। इस अध्याय में हम उन काल्पनिक (artificial) समंकों के विश्लेषण का अध्ययन करेंगे जिन्हें हम ऐसी रीतियों से प्राप्त करते हैं जो अधिकांशतः हमारे नियंत्रण में होती हैं। ऐसे समंकों के विश्लेषण से हमें कुछ निष्कर्ष प्राप्त होते हैं जो सांख्यिकीय अध्ययन के लिए काफी महत्वपूर्ण होते हैं। इन निष्कर्षों का अध्ययन संभावना सिद्धांत के अन्तर्गत किया जाता है। अतः हम संभावना सिद्धांत के विकास के विषय में कुछ जानना चाहेंगे।

1.2 संभावना सिद्धांत का विकास (Development of the Theory of Probability)

इस सिद्धांत के विकास का श्रेय 17वीं और 18वीं शताब्दी के सटोरियों (gamblers) को है। प्रारम्भ में ये सटोरिये भाग्य की देवी (Goddess of Fortune) पर ही विश्वास करते थे जो केवल अन्धविश्वास ही था। बाद में इनमें से कुछ लोग अपनी सट्टे सम्बन्धी समस्याओं को हल करने के लिए उस समय के प्रसिद्ध गणितवेत्ताओं की सहायता

NOTES

चाहने लगे। इस प्रकार उस समय के प्रसिद्ध गणितवेत्ता श्री गैलीलियो, पैस्कल, फरमेन्ट, आदि ने उन समस्याओं के समाधान की ओर अपनी मानसिक शक्तियों का उपयोग किया। इन्हीं के प्रयासों से सम्भाविता सिद्धांत का प्रादुर्भाव हुआ। इन विद्वानों ने अवसर (chance) सम्बन्धी कई समस्याओं पर बड़ी गहनता से विचार किया। धीरे-धीरे इस सिद्धांत के विकास को गति मिली। प्रसिद्ध विद्वान लेपलेस, गॉस, डेनियल बरनौली, आदि ने इस सिद्धांत को और विकसित किया और कई क्षेत्रों में इसका प्रयोग सफलतापूर्वक किया। इटली के श्री कारडेनो जो स्वयं एक सटोरिये थे, ने भी इस सिद्धांत के विकास में अपना योगदान एक बीजगणितीय समस्या के हल के रूप में प्रस्तुत किया। कुछ विद्वानों ने इस सिद्धांत का प्रयोग वित्तीय, सैनिक, प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी सफलतापूर्वक किया। आधुनिक समय में सम्भाविता सिद्धांत पर आधारित निदर्शन सिद्धांत का प्रतिपादन श्री आर.ए. फिशर, पीयरसन और जे.नीमन आदि द्वारा किया गया है।

1.3 सम्भावना सिद्धांत का महत्व (Importance of the Theory of Probability)

श्री एमाइल बोरेल के शब्दों में इस सिद्धांत का महत्व इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है-

"Probability theory is of interest, not only to card and dice players, who were its godfathers, but also to all men of action, heads of industries or heads of armies, whose success depends on decisions, which in turn depend on two sorts of factors the one known or calculable, the other uncertain and problematical."

इस सिद्धांत का प्रयोग प्रायः सामान्य जीवन में होता है। मनुष्य का परिस्थितियों पर पूर्ण रूप से अधिकार नहीं होता है। इसी कारण अनिश्चितता रहती है और हमें सम्भावना का सहारा लेना पड़ता है। श्री बॉडिंगटन ने इसीलिए कहा है कि "सांख्यिकी अनुमानों और सम्भावनाओं का विज्ञान है" (Statistics is a science of estimates and probabilities)। यह सिद्धांत गणित पर आधारित होने से इस पर विश्वास किया जा सकता है और अनावश्यक परेशानी से बचा जा सकता है।

1.4 सम्भावना सिद्धांत का अर्थ (Meaning of the Probability Theory)

सम्भावना शब्द का अर्थ साधारण व्यवहार में होता है। जैसे, उसके जीतने की सम्भावना कम है, युद्ध होने की सम्भावना है या नहीं, आप सम्भवतः सही हैं, कल वर्षा होने की सम्भावना है, आदि। इन सभी वाक्यों में अनिश्चितता के विचार को मान्यता दी गई है। सांख्यिकीय व्यवहार में सम्भावना शब्द का अर्थ भिन्न होता है। साधारण व्यवहार में किसी विषय की सम्भावना व्यक्ति-विशेष के स्वयं के हित सम्बन्ध पर निर्भर करती है तथा समय और परिस्थिति के अनुसार उसमें परिवर्तन होता है। सांख्यिकीय व्यवहार में किसी की सम्भावना का अर्थ यह होता है कि यदि किसी विशिष्ट घटना से सम्बन्धित प्रयोग बार-बार किया जाये तो उस विशिष्ट घटना के घटित होने की सम्भावना क्या है? उदाहरणार्थ, यदि एक सिक्का ऊपर फेंका जाये तो उसके चित्त (head) या पट (tail) गिरने की सम्भावना बराबर-बराबर (1/2) यदि यह सिक्का संसार के किसी भी कोने में ले जाकर प्रयोग किया जाये तो सम्भावना 1/2 ही रहेगी। इसी प्रकार ताश की गड्डी में जिसमें 52 पत्ते होते हैं और जिनमें पान के 13 पत्ते होते हैं, अनायास खींचे जायें तो पान के पत्ते के खींचे जाने की सम्भावना 13/52 या 1/4 रहेगी।

इसलिए सांख्यिकी में सम्भावना का अर्थ यह है कि किये गये प्रयोग के फलस्वरूप किसी विशिष्ट घटना के होने की सम्भावना क्या है? विभिन्न सांख्यिकवेत्ताओं ने इसका अर्थ इस प्रकार दिया है-

(1) **लेप्लेस** (Laplace)- "सम्भावना, अनुकूल घटनाओं का होने वाली समस्त घटनाओं के साथ अनुपात है।"

"Probability is the ratio of favourable events to the total number number of equally likely events."

(2) **कॉनर** (Connor)- "सम्भावना, अनिश्चित घटनाओं के विषय में मस्तिष्क की एक स्थिति है।"

"Probability is an attitude of mind towards uncertain events."

इस प्रकार, सरल शब्दों में, सम्भावना सिद्धांत को इस प्रकार परिभाषित किया जाता है कि "यदि कोई समान ढंगों से घटित होने वाली घटनाएँ घटित हो सकती हैं, तो उनमें से किसी एक घटना के घटित होने की सम्भावना, अनुकूल ढंग से घटित होने वाली घटनाओं की संख्या का समस्त सम्भव घटनाओं से अनुपात होता है।"

"If there are several equally likely events that may happen, the probability that any one of these events will happen, is the ratio of the number of cases favourable to its happening to the total number of possible cases.

परिभाषाएँ
(Definition)

(1) **गणितीय परिभाषा** (Mathematical Definition)- "कोई विशिष्ट घटना m प्रकार से हो सकती है और यदि वह घटना n प्रकार से नहीं हो सकती हो तो उस विशिष्ट घटना के होने की सम्भावना या 'p' = $\frac{m}{m+n}$ है और उस घटना के न होने की सम्भावना या 'q' = $\frac{n}{m+n}$ है।"

उदाहरणार्थ एक थैले, में 12 गेंदे हैं, 4 का रंग हरा और 8 का रंग लाल है। सभी गेंदों का आकार समान है। यदि थैले में से बिना देखे एक गेंद निकाली जाये तो हरे रंग की गेंद के निकलने की क्या सम्भावना है? यहाँ हरे रंग की गेंद चार हैं अतः हरे रंग की गेंद के निकलने की घटना चार प्रकार से हो सकतीहै। लाल गेंद आठ हैं, अतः हरे रंग की गेंद न निकलने की घटना आठ प्रकार से हो सकती है।

इस प्रकार यह घटना 4 प्रकार से हो सकती है और 8 प्रकार से नहीं हो सकती। अतः $m=4$ और $n=8$ है। उपरोक्त सूत्र के अनुसार-

p (घटना होने की सम्भावना) $= \frac{m}{m+n} = \frac{4}{4+8} = \frac{1}{3}$

q (घटना न होने की सम्भावना) $= \frac{n}{m+n} = \frac{8}{4+8} = \frac{2}{3}$,

कोई भी घटना या तो हो सकती है या नहीं हो सकती है। अतः उस घटना के होने या न होने का योग '1' है। दूसरे शब्दों में $(p + q) = 1$। अतः $q = 1 - p$ और $p = 1 - q$ इस प्रकार किसी भी घटना के होने या न होने की सम्भावना 0 से 1 के बीच होगी। किसी घटना की सम्भावना यदि शून्य (0) है तो उसका होना असम्भव है और यदि सम्भावना '1' है तो उस घटना का होना निश्चित है। हमें 'विशिष्ट घटना का घटित होना' वाक्यांश का महत्व भली-भाँति जान लेना चाहिये। जैसे एक नगर में 20 से 25 वर्ष की आयु के लोगों में से आधे पुरुष और आधे स्त्रियाँ हैं। एक व्यक्ति जिसकी आयु 20 वर्ष है का नाम 'क' है। उसके स्त्री या पुरुष होने की सम्भावना क्या है? सम्भाविता सिद्धांत के अनुसार वह 1/2 है। किन्तु यह वास्तव में सम्भव नहीं है। वह या तो पुरुष या स्त्री हो सकता है। इससे यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिन विषयों के सम्बन्ध में निश्चित रूप से निर्णय लिये जा सकते हैं उन विषयों में सम्भाविता सिद्धांत का प्रयोग अवांछनीय है।

सम्भावना की गणितीय परिभाषा की सीमायें- (1) समान रूप से घटित होने वाली स्थितियाँ सर्वत्र सम्भव नहीं होतीं।

(2) इस परिभाषा की उपयोगिता उस समय समाप्त हो जाती है जबकि सम्भव परिणामों की कुल संख्या अनिश्चित हो।

(3) यह भी सम्भव है कि समान रूप से घटित होने वाली स्थितियों की गणना सम्भव न हो।

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

(2) **सम्भावना की सांख्यिकीय परिभाषा** (Statistical Definition of Probability)- 'यदि परीक्षणों को सार रूप से समान स्थितियों में बहुत अधिक बार दोहराया जाये तो सम्पूर्ण परीक्षणों की अनन्त रूप से बढ़ती हुई संख्या की तुलना में किसी एक घटना के घटने की अनुपात सीमा उस घटना के घटित होने की सम्भावना कहलाती है। यह कल्पना कर ली जाती है कि यह अनुपात एक निश्चित और अपूर्व सीमा को प्राप्त करता है।'

श्री एम. वैद्यनाथन ने सम्भावना की सांख्यिकीय परिभाषा इस प्रकार दी है : "If a large number of trails be made under constant conditions, then the ratio of the number of trails, in which a certain event happens to the total number of trails (N) would approach a limit as N is indefinitely increased and this limit is the probability of the event happening."

सांख्यिकीय परिभाषा की सीमाएँ

इस परिभाषा की सबसे बड़ी त्रुटि यह है कि-

(i) यह कैसे जाना जावे कि जाँचों (परीक्षणों) की परिस्थितियाँ आवश्यक रूप से एक समान रही हैं या नहीं। वैज्ञानिक प्रयोगों के क्षेत्र में निरन्तर अनुसंधान होते रहते हैं जिसके परिणामस्वरूप परीक्षणों की परिस्थितियाँ बदलती रहती हैं। विशेषतः चिकित्सा सम्बन्धी विज्ञानों में परिस्थितियाँ एक समान नहीं रहती हैं।

(ii) सभी परीक्षणों की अनन्त संख्या, वास्तव में, एक सैद्धांतिक एवं अव्यवहारिक धारणा है।

(iii) सांख्यिकीय सम्भावना का माप पूर्णतः शुद्ध नहीं होता। यह अनुभव एवं प्रयोग पर आधारित होता है, इसलिए यह अनुमानतः ही सत्य होता है। संभावना की यह परिभाषा इसकी गणितीय परिभाषा का ही संशोधित रूप है।

1.5 सम्भावना-मापदण्ड (Probability Scale)

जैसा कि बतलाया गया है, किसी घटना के घटित होने की सम्भावना का माप (p) 0 से लेकर 1 तक हो सकता है। जब सम्भावना का माप शून्य (p = 0) होता है तो सम्बद्ध घटना असम्भव होती है। किसी व्यक्ति अटलांटिक महासागर तैर कर पार करने की सम्भावना '0' है। सम्भावना-मापदण्ड के दूसरी ओर पूर्ण-निश्चितता की स्थिति होती है, जैसे प्रत्येक मनुष्य के मरने की सम्भावना '1' है अर्थात् p = 1। एक अनभिनत सिक्का उछाले जाने पर उसके सिर (head) आने की सम्भावना 1/2 या 0.5 या 50% है। ताश के पत्तों में से किसी 'इक्के' के निकाले जाने की सम्भावना 4/52 या 1/13 या 0.077 या 7.7% है। लाल पान के किसी एक पत्ते को निकाले जाने की सम्भावना 13/52 या 1/4 या 25% या 0.25 होगी। इस प्रकार सम्भावना का माप भिन्न के रूप में या, दशमलव में या प्रतिशत के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

Illustration 1. What is the chance of drawing king in a draw from a pack of 52 cards.

ताश के बावन पत्तों की गड्डी में से एक बादशाह के छांटे जाने की प्रायिकता क्या है ?

Solution-

Total No. of cases that can happen = 52 (n)

No. of favourable cases i.e., total No. of king in the pack of cards = 4 (p)

$$\therefore \text{ The probability } = \frac{P}{n} = \frac{4}{52} = \frac{1}{13}$$

Illustration 2. A bag contains 5 black and 10 white balls. What is the probability of drawing?

(i) a black ball, and (ii) a white ball.

एक थैले में 5 काली तथा 10 सफेद गेंदें हैं। (i) एक काली तथा (ii) एक सफेद गेंद छांटे जाने की संभावना (प्रायिकता) क्या है ?

Solution-

$$\text{(i)} \quad p(\text{black}) = \frac{\text{No of black balls}}{\text{Total No. of balls}} = \frac{5}{15} = \frac{1}{3}$$

$$\text{(ii)} \quad p(\text{white}) = \frac{\text{No of white balls}}{\text{Total No. of balls}} = \frac{10}{15} = \frac{2}{3}$$

Illustration 3. The Registrar of vital statistics in a country reported 6,858 sons and 6,543 daughters for a specific region. Treating this as a fair sample from the general population, estimate the probability that the child to be born will be a boy.

Solution- The event can happen in 6,858 ways and can fail in 6,543 ways. Hence,

$$P = \frac{6858}{6858 + 6543} = \frac{6858}{13401}$$

Illustration 4. What is the probability that a vowel selected at random in any English book is an 'e'? इस बात की संभावना क्या है कि अंग्रेजी की एक पुस्तक से यादृच्छिक रीति से छांटा गया स्वर 'e' होगा ?

Solution- Since there are five vowels, total no. of equally likely events = 5 No. of favourable events = 1

$$P = \frac{\text{No. of favourable events}}{\text{Total No. of equally likely events}} = \frac{1}{5}$$

Illustration 5. What is the probability of an ace in a throw of one dice? (एक पांसे के फेंकने पर इक्का अंकित होने की संभावना क्या है ?

Solution- First of all, all the possible cases with one dice will be six- the number of its sides.

Secondly, the number of favourable cases is one because only one side can come upward which is the same as the extent, in question. Hence, the probability we are looking for is the fraction whose numerator is one and whose denominator is six i.e., it is $\frac{1}{6}$.

Illustration 5 (A) : Out of a pack of cards what is the probability of drawing (a)a king; (b) a king of hearts, (c) any card of hearts.

ताश की एक गड्डी से निम्नलिखित के खींचे जाने की क्या संभावना है ?

(अ) एक बादशाह (ब) लाल का बादशाह (स) लाल का कोई पत्ता।

Solution : (a) Since there are 4 kings in 52 cards, Hence

$$p = \frac{4}{52} = \frac{1}{13}.$$

(b) Since there is only 1 king of hearts, $p = \frac{1}{52}$

(c) Since there are 13 cards of hearts, $p = \frac{13}{52} = \frac{1}{4}$

Illustration 5(B) – (i) What is the probability of throwing a number greater than 3 with an ordinary dice whose faces are numbered from 1 to 6?

एक साधारण पासा जिस पर 1 से 6 तक बिन्दु अंकित हैं फेकने पर 3 से अधिक अंकित बिन्दु प्राप्त होने की संभावना क्या हैं ?

(ii) If two dice are thrown together, what is the probability of throwing a total of 7?

यदि दो पाँसे एक साथ फैंके जाते हैं तो इस बात की संभावना क्या है कि उनसे 7 का योग प्राप्त होगा ?

(iii) What is the probability that a digit selected at random from the logarithmic table is (a) 4, (b) 5 or 8?

इस बात की क्या संभावना है कि यादृच्छित रीति (दैव निदर्शन रीति) से छेदा सारणी से छांटा गया कोई अंक (अ) 4, (ब) 5 या 8 होगा ?

Solution –

(i) Total No. of cases = 6

No. of favourable cases (4, 5 & 6) = 3

$$\therefore \quad p = \frac{3}{6} = \frac{1}{2}$$

(ii) Total No. of cases = 6 × 6 = 36

NOTES

No. of favourable cases

[(1 + 6), (2 + 5), (3 + 4), (4 + 3), (5 + 2), (6 + 1) = 6

$\therefore \quad p = \frac{6}{36} = \frac{1}{6}$

(iii) Total no. of digits from 0 to 9 = 10

(a) No. of favourable cases = 1, $p = \frac{1}{10}$

(b) No. of favourable cases = 2, $p = \frac{2}{10}$ or $\frac{1}{5}$

Illustration 5 (C) : The following table gives distribution of marks :

निम्न सारणी में अंकों का वितरण इस प्रकार दिया हुआ है :

Marks (प्राप्तांक) :	5	10	15	20	25
No. of Students (छात्र संख्या) :	45	98	28	16	13

A student is taken at random from the above group. Find the probability that (i) his marks are under 15, (ii) his marks are 15 or more.

उपरोक्त छात्र समूह से एक छात्र दैव निदर्शन रीति से लिया जाता है। संभावना ज्ञात कीजिए कि (i) उसके प्राप्तांक 15 से कम हैं (ii) उसके प्राप्तांक 15 या अधिक हैं।

Solution –

In this group the total No. of cases ie. students are

$$45 + 98 + 28 + 16 + 13 = 200$$

(i) No. of Students getting marks below 15 are 45 + 98 = 143.

$\therefore$ Required Probability $= \frac{143}{200}$

(ii) No. of Students getting marks 15 or above are

28 + 16 + 13 = 57

$\therefore$ Required Probability $= \frac{57}{200}$

1.6 घटनाएँ (Events)

(1) **समान रूप से घटित होने वाली घटनाएं** (Equally likely events)- सम्भाविता सिद्धांत का वर्णन करते समय इस वाक्यांश का प्रयोग किया गया है। ये वह घटनाएं होती हैं जिनमें से कोई भी घटना घटित हो सकती है। सिक्का उछालते समय वह या तो चित्त पड़ेगा या पट। इस प्रकार समान रूप से घटित होने वाली घटनाएं दो हैं। यह निम्न उदाहरण से स्पष्ट हो जायेगा-

'अ' और 'ब' दो खिलाड़ी इन नियमों के अनुसार एक सिक्का उछाल रहे हैं कि वह दो बार उछाला जायेगा। यदि किसी भी उछाल में सिक्का चित्त पड़ता है तो 'अ' विजयी होगा और यदि चित नहीं पड़ता है तो 'ब' विजयी घोषित किया जायेगा।

इस उदाहरण में समान रूप से घटित होने वाली परिस्थितियाँ निम्न होंगी-

प्रथम उछाल	**द्वितीय उछाल**	
चित	चित	'अ' की विजय
चित	पट	'अ' की विजय
पट	चित	'अ' की विजय
पट	पट	'ब' की विजय

अतः 'अ' के विजयी होने की सम्भावना $\frac{3}{4}$ है।

(2) **परस्पर अपवर्जी घटनाएं** (Mutually Exclusive Events)- यह ऐसी घटनाएं होती हैं जिसके घटित होने से दूसरे की सम्भावना समाप्त हो जाती है। उदाहरणार्थ, सिक्का यदि उछाला जाये तो उसके चित पड़ने से पट नहीं पड़ सकेगा और पट पड़ने से वह चित नहीं पड़ सकेगा।

(3) **स्वतंत्र घटनाएं** (Independent Events)- घटनाएँ स्वतंत्र तब मानी जाती हैं जबकि एक घटना के घटित होने से दूसरी घटनाओं के घटित होने पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। दो घटनाएँ तब स्वतंत्र मानी जाती हैं जबकि उनका एक दूसरे पर कोई प्रभाव नहीं होता, जैसे कि सिक्के प्रथम उछाल के परिणाम का दूसरे उछाल पर कोई प्रभाव नहीं होता है।

(4) **आश्रित घटनाएं** (Dependent Events)- यदि एक घटना दूसरी को प्रभावित करती है तो उन्हें आश्रित घटनाएँ कहते हैं। जैसे 52 पत्तों में से 'राजा' के आने की संभावना 1/13 होती है। यदि एक बार राजा निकल जाये और उसे पुनः पत्तों में न मिलाया जाये तो दुबारा 'राजा' निकलने की सम्भावना 3/51 होगी। इस प्रकार प्रथम घटना ने यहाँ द्वितीय घटना को प्रभावित किया है अतः ये आश्रित घटनाएँ हैं।

(5) **सरल एवं संयुक्त घटनाएँ** (Simple and Compound Events)- सरल घटनाओं के लिए किसी घटना के घटित होने या घटित नहीं होने की संभावना पर विचार किया जाता है। ऊपर उदाहरण 1 तथा 2 सरल घटनाओं के ही उदाहरण हैं। 52 पत्तों की एक गड्डी में से बादशाह के खींचे जाने की संभावना $\left(\frac{4}{52}\right)$ सरल घटना का एक उदाहरण है इसी प्रकार एक थैले में 5 लाल और 3 काली गेंदें हों तो एक काली गेंद निकालने की संभावना ज्ञात करना भी सरल घटना ही है।

संयुक्त घटना में दो या दो से अधिक घटनाओं के संयुक्त रूप से घटने की संभावना का अध्ययन किया जाता है। दो पाँसों को एक साथ फैंकना या तीन सिक्कों को एक साथ उछालना और फिर कुछ संभावनाएं निकालना-संयुक्त घटनाओं के उदाहरण हैं।

बोध प्रश्न

1. संभावना सिद्धान्त से आप क्या समझते हैं।

....

....

....

2. संभावना सिद्धान्त की गणितीय परिभाषा की सीमाएँ लिखिए।

....

....

....

3. परस्पर अपवर्जी घटनाओं से आप क्या समझते हैं।

....

....

....

1.7 संभाविता के नियम या प्रमेय (Probability Rules or Theorems)

(1) **संभाविता के योग का नियम** (Rule of Addition of Probability)- कभी-कभी यह जानना आवश्यक होता है कि किन्हीं दो या दो से अधिक घटनाओं में से किन्हीं दो या दो से अधिक घटनाओं के होने की संभावना क्या है? तब हमें इस नियम का उपयोग करना पड़ता है। ये दो या दो से अधिक घटनाएँ अपवर्जी (Mutually Exclusive) होती हैं। घटनाएँ अपवर्जी तभी कहलायेंगी जबकि उनका एक साथ घटित होना असम्भव हो अर्थात् उनमें से एक बार

केवल एक ही घटना घटित हो सकती है। ऐसी परिस्थिति में उन दो या दो से अधिक घटनाओं की अलग-अलग सम्भावना निकाल कर उनका योग करना पड़ता है। इसे सूत्र के रूप में इस प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है-

$$P(A_1 + A_2 \ldots + A_n) = P(A_1) + P(A_2) + \ldots + P(A_n)$$

where,

$P(A_1 + A_2 \ldots + A_n)$ = दो या दो से अधिक घटनाओं की सम्मिलित सम्भावना।

$P(A_1) + P(A_2) \ldots\ldots + P(A_n)$ = घटनाओं की अलग-अलग सम्भावनाएँ।

Illustration 6. If dice having six sides and marked 1 to 6 is thrown, what is the probability of getting 1 or 2?

Solution - We shall have to calculate the probability of getting 1 and probability of getting 2 seperately and then add them-

Probability of getting 1 is $\frac{1}{6}$; Probability of getting 2 is $\frac{1}{6}$

Substituting the above values in the formula,

$$P(A_1 + A_2) = P(A_1) + P(A_2)$$

$$P(A_1 + A_2) = \frac{1}{6} + \frac{1}{6} = \frac{1}{3}$$

$\therefore$ The probability of getting 1 or 2 $= \frac{1}{3}$

Illustration 7. A bag contains 8 white, 4 black, 6 yellow and 6 red balls. What is the probability of getting a white or red ball at random in a single draw of one?

एक थैले में 8 सफेद, 4 काली, 6 पीली और 6 लाल गेंदें हैं। एक बार निकालने पर एक सफेद या एक लाल गेंद के निकलने की क्या संभावना है ?

Solution-

The probability of getting one white ball $= \frac{8}{24} = \frac{1}{3}$

" " " red " $= \frac{6}{24} = \frac{1}{4}$

Hence " " " white or red ball $= \frac{1}{3} + \frac{1}{4} = \frac{7}{12}$

Illustration 8 (A). There are three events. X, Y and Z of which only one can happen. The odds against X are 4 to 1 against Y are 5 to 3. Find the odds against Z.

Solution-

Probability of X's happening is $= \frac{1}{5}$ Probability of Y's happening is $= \frac{3}{8}$

Probability of Z's happening is $= 1 - \left(\frac{1}{5} + \frac{3}{8}\right) = \frac{23}{40}$

Therefore the odds against Z are 17 to 23.

Illustration 8 (B) : From a pack of 52 cards one card is drawn at random. What is the probability that it will be a queen of clubs or a king of diamonds?

Solution : Drawing a queen of Clubs or a king of diamonds are mutually exclusive events.

$\therefore$ Probability of drawing a queen of Clubs $= \frac{1}{52}$

and Probability of drawing a king of diamonds $= \frac{1}{52}$

$\therefore$ The Probability of drawing a queen of clubs or a king of diamonds is $= \frac{1}{52} + \frac{1}{52} = \frac{2}{52} = \frac{1}{26}$

Illustration 8 (C) : (i) What is the Probability of getting at least total of 8 by throwing two dice once?

दो पाँसों को एक बार फैंकने पर कम से कम 8 का योग आने की संभावना क्या है ?

दो पाँसों को एव बार फेकने पर कम से कम 8 का योग आने की संभावना क्या है ?

(ii) Find out the probability of getting the total of 10 or 12 by throwing two dice.

दो पाँसों के फैंकने पर 10 या 12 के योग आने की संभावना बतलाइये।

Solution- दो पाँसों के एक साथ फैंकने पर कुल $6 \times 6 = 36$ नतीजे प्राप्त हो सकते हैं जैसा कि निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट है :

दूसरे पाँसे का परिणाम	पहले पाँसे का परिणाम						योग
	1	2	3	4	5	6	
1	1, 1	1, 2	1, 3	1, 4	1, 5	1, 6	6
2	2, 1	2, 2	2, 3	2, 4	2, 5	2, 6	6
3	3, 1	3, 2	3, 3	3, 4	3, 5	3, 6	6
4	4, 1	4, 2	4, 3	4, 4	4, 5	4, 6	6
5	5, 1	5, 2	5, 3	5, 4	5, 5	5, 6	6
6	6, 1	6, 2	6, 3	6, 4	6, 5	6, 6	6
योग	6	6	6	6	6	6	36

(i) कम से कम 8 का योग प्राप्त करने का अर्थ हुआ - 8 या 9 या 10 या 11 या 12 का योग प्राप्त करना।

8 का योग प्राप्त करने की संभावना (2, 6) (3, 5) (4, 4) (5, 3) (6, 2) $= \frac{5}{36}$

9 का योग प्राप्त करने की संभावना (3, 6) (4, 5) (5,4) (6, 3) $= \frac{4}{36}$

10 का योग प्राप्त करने की संभावना (4, 6) (5, 5) (6, 4) $= \frac{3}{36}$

11 का योग प्राप्त करने की संभावना (5, 6) (6, 5) $= \frac{2}{36}$

12 का योग करने की संभावना (6, 6) $= \frac{1}{36}$

$\therefore$ कम से कम 8 का योग प्राप्त करने की संभावना होगी

$$= \frac{5}{36} + \frac{4}{36} + \frac{3}{36} + \frac{2}{36} + \frac{1}{36} = \frac{15}{36} = \frac{5}{12}$$

(ii) दो पाँसों के फैंकने पर-

10 का योग प्राप्त करने की संभावना (4, 6) (5, 5) (6, 4) $= \frac{3}{36}$

12 का योग प्राप्त करने की संभावना (6, 6) $= \frac{1}{36}$

10 या 12 का योग प्राप्त होने की संभावना होगी $= \frac{3}{36} + \frac{1}{36} = \frac{4}{36}$ या $\frac{1}{9}$

NOTES

Illustration 8 (D) - (i) In an examination the chance of A's Success is $\frac{1}{8}$, B's Success $\frac{7}{50}$ and C's Success is $\frac{1}{6}$. Find the chance that one of them will succeed. एक परीक्षा में 'अ' की सफलता की संभावना $\frac{1}{8}$ 'ब' की $\frac{7}{50}$ तथा 'स' की $\frac{1}{6}$ हो तो इस बात की संभावना बतलाइये कि उनमें से एक सफल हो जावेगा।

(ii) A bag contains 20 balls numbered from 1 to 20. Find the probability that a ball drawn is a multiple of 3 or 5. एक थैले में 20 गेंद हैं जिन पर 1 से 20 तक नंबर अंकित हैं। यह संभावना बतलाइये कि एक गेंद के निकालने पर उसका नंबर 3 या 5 का गुणक होगा।

(iii) A bag contains 50 balls numbered from 1 to 50. One ball is drawn at random. Find the probability that the number is a multiple of (a) 10 or 12, (b) 10 or 14. एक थैले में 50 गेंदे हैं जिन पर 1 से 50 तक नंबर अंकित हैं। दैव निदर्शन रीति से एक गेंद निकाली जाती है। इस बात की संभावना बतलाइये कि गेंद का नंबर (अ) 10 या 12 (ब) 10 या 14 का गुणक है।

(iv) A bag contains 50 balls numbered from 1 to 50. One ball is drawn at random. Find the probability that the number of the drawn ball is a multiple of 2 or 3 or 10. एक थैले में 50 गेंदें हैं जिन पर 1 से 50 तक नंबर अंकित हैं। दैव निदर्शन रीति से एक गेंद निकाली जाती है। इसकी संभावना बतलाइये कि निकाली गई गेंद की संख्या 2 या 3 या 10 का गुणक अंक है।

(v) What is the probability of drawing a card of diamond or an ace from a pack of cards? ताश की एक गड्डी से एक ईट का पत्ता या एक इक्का खींचने की संभावना क्या है ?

(vi) A person is said to hit the target in 3 out of 4 shots, whereas another person is said to hit at all when they both try. एक व्यक्ति के विषय में कहा जाता है कि वह 4 में से 3 लक्ष्य भेद सकता है जबकि एक दूसरा व्यक्ति 3 में से 2 लक्ष्य भेद सकता है। यदि वे दोनों प्रयास करें तो लक्ष्य भेदे जाने की संभावना बतलाए।

Solution-

(i) These events are mutually exclusive, the probability that one of them will succeed is

$$\frac{1}{8}+\frac{7}{50}+\frac{1}{6}=\frac{75+84+100}{600}=\frac{259}{600}$$

(ii) The probability that the number is a multiple of

$$3=(3, 6, 9, 12, 15, 18)=\frac{6}{20} \quad \text{or} = \frac{3}{10}$$

The Probability that the number is a multiple of

$$5 = (5, 10, 15 \,\&\, 20)=\frac{4}{20} \text{ or } \frac{1}{5}$$

$\therefore$ The Probability is a multiple of 3 or 5 $=\frac{3}{10}+\frac{1}{5}=\frac{5}{10}\ or\ \frac{1}{2}$

But this is not correct because number 15 is not mutually exclusive. It is a multiple of 3 as well as of 5. It is included in both.

Hence, the correct probability that the number is a multiple of 10

$$= (10, 20, 30, 40 \,\&\, 50) = \frac{5}{50}$$

The Probability that the number is a multiple of 12

$$= (12, 24, 36, \& 48) = \frac{4}{50}$$

As the events are mutually exclusive, the probability that the number will be a multiple of 10 or 12

$$= \frac{5}{50} + \frac{4}{50} = \frac{9}{50}$$

(b) The probability that the number is a multiple of 10

$$= (10, 20, 30, 40 \& 50) = \frac{5}{50}$$

The probability that the number is a multiple of 14 $= (14, 28, 42) = \frac{3}{50}$

The events are mutually exclusive, hence, the probability that number will be a multiple of 10 or 14

$$= \frac{5}{50} + \frac{3}{50} = \frac{8}{50}$$

(iv) The probability of multiple of 2

$$= (2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20, 22, 24, 26, 28, 30, 32, 34, 36, 38, 40, 42, 44, 46, 48, \text{and } 50) = \frac{25}{50}$$

The probability of multiple of 3

$$= (3, 6, 9, 12, 15, 18, 21, 24, 27, 30, 33, 36, 39, 42, 45, 48) = \frac{16}{50}$$

The probability of multiples of 10 $= (10, 20, 30, 40 \& 50) = \frac{5}{50}$

The common multiple of 2 and 3 are :

$$(6, 12, 18, 24, 30, 36, 42, 48) = \frac{8}{50}$$

The common multiple of 2 and 10 are : $(10, 20, 30, 40, 50) = \frac{5}{50}$

The common multiples of 3 & 10 are $= \frac{1}{50}$

The common multiples of 3 and 10 are 30 $= \frac{1}{50}$

Hence, the probability of the number being a multiple of 2, 3 or 10

$$= \frac{25}{50} + \frac{16}{50} + \frac{5}{50} - \frac{8}{50} - \frac{5}{50} - \frac{1}{50} + \frac{1}{50} = \frac{33}{50}$$

Note : जब दो घटनाओं A तथा B में से A अथवा B या A और B दोनों घट सकती हों तो घटनाएं A अथवा B पूर्णतः परस्पर अपवर्जी नहीं कहलाएँगी। अतः योग के नियम को संशोधित रूप में निम्नलिखित प्रकार से प्रयुक्त किया जावेगा। जैसा ऊपर (ii) में किया गया है-

$$p\,(A \text{ or } B) = p\,(A) + p\,(B) - p\,(A = B)$$

इसी प्रकार तीन घटनाओं की दशा में सूत्र इस प्रकार होगा जैसा कि ऊपर (iv) में किया गया है-

$$p\,(A \text{ or } B \text{ or } C) = p(A) + p(B) + p\,(C) - p(A+B) - p\,(A+C) - p\,(B+C) + p\,(A+B+C)$$

NOTES

(v) Probability of drawing a card of Diamond $= \frac{13}{52}$ *or* $\frac{1}{4}$

Probability of Drawing a card of ace $= \frac{4}{52}$ *or* $\frac{1}{13}$

But in 4 aces, one ace of diamond is included which was also included in 13 cards of diamond. Hence, the probability of drawing an ace of diamond which is included in both $= \frac{1}{52}$

The probability of drawing a card of diamond or an ace

$$= \frac{1}{4} + \frac{1}{13} - \frac{1}{52} = \frac{13 + 4 - 1}{52} = \frac{16}{52} \text{ or } \frac{4}{13}$$

(vi) The probability of first person hitting the target $= \frac{3}{4}$

The probability of second person hitting the target $= \frac{2}{3}$

As both them may hit the target, the events are not mutually exclusive. Hence, the probability of hitting the target.

$$= \frac{3}{4} + \frac{2}{3} - \left(\frac{3}{4} \times \frac{2}{3}\right) = \frac{11}{12}$$

(2) सम्भावित के गुणाकार का नियम (Rule of Multiplication of Probability)

इस नियम का प्रयोग सम्भाविता के योग के नियम की विपरीत परिस्थिति में होता है। जब हम यह जानना चाहते हैं कि दो या दो से अधिक घटनाओं की एक साथ या एक के बाद एक निश्चित क्रम के होने की सम्भावना क्या है, तो इस नियम का प्रयोग करते हैं। यह घटनाएँ स्वभाव से ही आपस में स्वतंत्र होती हैं। वे एक दूसरे पर किसी प्रकार निर्भर नहीं रहतीं। जैसे- एक थैली में दो रंग की कुछ गेंद हैं। उसमें से किसी एक रंग के दो या दो से अधिक गेंद निकालने की क्या सम्भावना है? इस परिस्थिति में हर घटना की सम्भावना ज्ञात कर उन सब सम्भावनाओं का गुणाकार किया जाता है। गुणाकार नियम इस प्रकार होता है-

$$P(A_1 A_2 A_3 \ldots A_n) = P(A_1) \times P(A_2) \times P(A_3) \times \ldots P(A_n)$$

Where, P $(A_1 A_2 A_3 \ldots A_n)$ = विभिन्न घटनाओं की एक साथ सम्भावना

$P(A_1) \times (A_2) \times (P(A_3) \times \ldots . P(A_n)$ = विभिन्न घटनाओं की अलग-अलग सम्भावना।

यदि घटनाओं की संख्या कम हो तो इस रीति से सम्भावना ज्ञात करना सरल होता है। यदि उनकी संख्या अधिक हो तो सम्भावना ज्ञात करना बहुत कठिन होता है।

Illustration 9. What is the probability of getting all the tails upward in four throws of a coin?

एक सिक्के को चार बार उछालने पर सभी बार चित पढ़ने की क्या संभावना है?

Solution-

The probability of getting tail in the Ist throw $= \frac{1}{2}$

The probability of getting tail in the IInd throw $= \frac{1}{2}$

The probability of getting tail in the IIIrd throw $= \frac{1}{2}$

The probability of getting tail in the IVth throw $- \frac{1}{2}$

The probability of getting tails upward in all the four throws.

$$=\frac{1}{2}\times\frac{1}{2}\times\frac{1}{2}\times\frac{1}{2}=\frac{1}{16}$$

Illustration 10. What is the probability of throwing three fours in three throws of a dice?

पाँसा तीन बार फेंकने पर तीनों बार चार आने की संभावना क्या है।

Solution-

The probability of a 'four' in Ist throw $=\frac{1}{6}$

The probability of a 'four' in IInd throw $=\frac{1}{6}$

The probability of a 'four' in IIIrd throw $=\frac{1}{6}$

The probability of three 'four' $=\frac{1}{6}\times\frac{1}{6}\times\frac{1}{6}=\frac{1}{216}$

Illustration 11. In a bag there are 10 green and 15 red balls. If they are drawn at a time, and the ball is replaced after each draw, what is the probability of getting the first ball green, second red and the third green.

एक थैले में 10 हरी तथा 15 लाल गेंदें हैं। यदि उन्हें एक बार निकालने पर वापस अंदर रख दिया जाता है तो प्रथम गेंद के हरी, दूसरी के लाल और तीसरे के हरी होने की संभावना क्या है?

Solution- As the balls are replaced after each draw, so each event is independent.

The probability that the first ball will be green is $=\frac{10}{10+15}=\frac{2}{5}$

The probability that the second ball will be red is $=\frac{15}{10+15}=\frac{3}{5}$

The probability that the third ball will be green is $=\frac{10}{10+15}=\frac{2}{5}$

Hence, desired probability is $\frac{2}{5}\times\frac{3}{5}\times\frac{2}{5}=\frac{12}{125}$

Illustration 12. In a bag, there are 10 black and 10 green balls. Calculate the probability of drawing the black balls in succession if the ball drawn first is not replaced. (एक थैले में 10 काली और 10 हरी गेंदें दोनों बार लगातार काली गेंद निकलने की संभावना क्या है, यदि प्रथम बार निकाली गेंद वापस थैले में नहीं रखी जाती है?)

Solution- Here, the second event is dependent and the first is independent. The probability of getting black ball in the first attempt.

$$=\frac{10}{10+10}=\frac{1}{2}$$

The probability of black ball in the second attempt. $=\frac{9}{10+9}=\frac{9}{19}$

The probability of getting two black ball in succession $=\frac{1}{2}\times\frac{9}{19}=\frac{9}{38}$

NOTES

Illustration 13. From a pack of cards, three cards are drawn without being replaced. What is the probability that they will have the same value? (ताश की गड्डी से बिना वापस रखे तीन पत्ते निकाले जाते हैं। क्या संभावना है कि वे एक ही अंक वाले होंगे ?)

Solution- As the first card may be of any value, the probability of getting any card in the first draw is certain, i.e., $\frac{52}{52}$

In the second draw the probability of getting a card of the same value $\frac{2}{51}$ In the third draw, the probability of getting a card of the same value 1/50. So, the probability that all the three cards will be of the same value.

$$= \frac{52}{52} \times \frac{2}{51} \times \frac{1}{50} = \frac{2}{2550} = \frac{1}{1275}$$

Illustration 14. A problem in statistics is given to three students A, B and C whose chances of solving it are 1/2, 1/3, 1/4 respectively. What is the probability that the problem will be solved?

सांख्यिकी का एक प्रश्न तीन छात्र-अ, ब, स को हल करने के लिए दिया गया है जिनके हल करने की संभावना क्रमशः $\frac{1}{2}, \frac{1}{3}, \frac{1}{4}$ है। प्रश्न के हल होने की संभावना क्या है ?

Solution- Probability that student 'A' will fail to solve the problem

$$= 1 - \frac{1}{2} = \frac{1}{2}$$

Probability that student B will fail to solve the problem $= 1 - \frac{1}{3} = \frac{2}{3}$

Probability that student C will fail to solve the problem $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$

Since the events are independent, the probability that all the three students will fail to solve the problem.

$$= \frac{1}{2} \times \frac{2}{3} \times \frac{3}{4} = \frac{1}{4}$$

The probability that the problem will be solved $= 1 - \frac{1}{4} = \frac{3}{4}$

Illustration 15. (i) 'A' can solve 75% of the problems is STATISTICS and 'B' can solve 70% what is the probability that either 'A' or 'B' can solve a problem chosen at random.

'अ' सांख्यिकी में 75% प्रश्न हल कर सकता है और 'ब' 70%। क्या संभावना है कि दैव निदर्शन द्वारा चुना गया एक प्रश्न दोनों में से किसी के द्वारा हल हो जावेगा।

(ii) The chance to get a contract for Road Construction for a contractor is 4/9 and that for a water tank is 5/7. What is the probability that at least he will get one contract of the two?

एक ठेकेदार को सड़क निर्माण का ठेका मिलने की संभावना 4/9 है और उसे पानी की टंकी का ठेका मिलने की संभावना 5/7 है तो इन ठेकों में से उसे कम से कम एक ठेका मिलने की संभावना क्या है ?

Solution-

(i) Probability that 'A' will not solve the problem $= 1 - \frac{75}{100} = \frac{25}{100}$

Probability that 'B' will not solve the problem $= 1 - \frac{70}{100} = \frac{30}{100}$

Since the events are independent, the probability that both will not solve the problem is

$$\frac{25}{100} \times \frac{30}{100} = \frac{3}{40}$$

The probability that the problem will be solved is

$$1 - \frac{3}{40} = \frac{37}{40} = 925 \times 100 = 92.5\%$$

(ii) Probability of not getting Road Contract $= 1 - \frac{4}{9} = \frac{5}{9}$

Probability of not getting water tank contract $= 1 - \frac{5}{7} = \frac{2}{7}$

Probability of not getting both the contracts $= \frac{5}{9} \times \frac{2}{7} = \frac{10}{63}$

Probability of getting at least one contract $= 1 - \frac{10}{63} = \frac{53}{63}$

Illustration 16 : (i) Find the probabilty of drawing an ace, a King, a queen and a knave in that order from a pack of cards in four consecutive draws, the cards drawn are not being replaced.

ताश की एक गड्डी में से चार बार लगातार चार पत्ते निकालने पर इस बात की संभावना मालूम कीजिए कि वे क्रमशः इक्का, बादशाह, बेगम तथा गुलाम होंगे। निकाले हुए पत्ते गड्डी में नहीं रखे जाते हैं।

(ii) Four cards are drawn without replacement. What is the probability that (a) they are all aces, (b) they are all of different suits.

बिना वापस रखे चार पत्ते निकाले जाते हैं क्या संभावना है कि (अ) वे सब इक्के हैं (ब) वे सब अलग अलग रंग के हैं।

(iii) The odds against a certain event are 5 to 3 and the odds in favour of another (independent) event are 8 to 5. Find the chance that at least one of the events will happen.

एक घटना के घटित होने के विपक्ष में संयोग अनुपात 5:3 है और दूसरी घटना (स्वतंत्र) के घटित होने के पक्ष में संयोग अनुपात 8:5 है। इस बात की संभावना बतलाइये कि कम से कम एक घटना घटित होगी।

(iv) The captain of the West Indies Cricket team is reported to have observed the rule of calling 'heads' Every time the toss was made during the five matches of the last test series with the Indian team. What is the probability of his winning the toss in all the five matches? How will the probability be affected if he had made a rule of tossing a coil privately to decide whether to call 'heads' or 'tails' on such occasion?

कहा जाता है कि भारतीय टीम के साथ गत टेस्ट श्रंखला में खेले गये 5 मेचों में वेस्ट इंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान ने हर बार जब भी टॉस किया गया 'हैड' माँगने के नियम का पालन किया। पाँचों मैचों में उसके जीतने की संभावना क्या है? यह संभावना किस प्रकार प्रभावित होती यदि वह अलग से सिक्के को उछालकर हर बार 'हैड' या 'टेल' माँगने का निर्णय करता?

(v) 'A' can hit a target 3 itmes in 5 shots; 'B' 2 times in 5 shots; 'C' 3 itmes in 4 shots. They fire a volley.What is the probability that 2 shots hit the target?

'अ' 5 में से 3 बार एक लक्ष्य को भेद सकता है; 'ब' 5 में से 2 बार और 'स' 4 में से तीन बार। वे एक राउण्ड निशाना लगाते हैं। इसकी क्या संभावना है कि 2 निशाने लक्ष्य को भेद देंगे?

NOTES

(vi) Three groups of children contain respectively 3 girls and 1 boy; 2 girls and 2 boys; 1 girl and 3 boys one child is selected at random from each group. Show that the chance, that the three selected consist of 1 girl and 2 boys, is 13/32

बच्चों के तीन समूहों में क्रमशः 3 लड़कियाँ और 1 लड़का; 2 लड़कियाँ और 2 लड़के; और 1 लड़की और 3 लड़के हैं। दैव निदर्शन रीति से प्रत्येक समूह में से एक-एक बच्चे का चयन किया जाता है। यह सिद्ध कीजिए कि चयन किये गए 3 बच्चों में 1 लड़की और 2 लड़के होने की संभावना 13/32 है।

(vi) From a pack of 52 cards, two are drawn at random. Find the chance that one is a king and the other a queen.

52 पत्तों की ताश की एक गड्डी में से 2 पत्ते दैव निदर्शन रीति से खींचे जाते हैं। इस बात की संभावना बतलाइये कि उनमें से एक बादशाह और दूसरा बेगम।

Solution :

(i) (a) The probability of drawing an ace $= \frac{4}{52}$

(b) The probability of drawing a king $= \frac{4}{51}$

(c) The probability of drawing a queen $= \frac{4}{50}$

(d) The probability of drawing a knave $= \frac{4}{49}$

The events are dependent, hence the required probability of the compound event is:

$$\frac{4}{52} \times \frac{4}{51} \times \frac{4}{50} \times \frac{4}{49} = \frac{256}{64{,}94{,}400}$$

or $$= \frac{32}{8{,}12{,}175}$$

(ii) (a) The events are dependent. Hence the required probability

$$= \frac{52}{52} \times \frac{39}{51} \times \frac{26}{50} \times \frac{13}{49} = \frac{2{,}197}{20{,}825}$$

(iii) Thc probability that the first event will not happen $= \frac{5}{8}$

The probability that the second event will not happen $= \frac{5}{13}$

The probability that at least one event will not happen $= \frac{5}{8} \times \frac{5}{13} = \frac{25}{104}$

The probability that at least one event will happen $= 1 - \frac{25}{104} = \frac{79}{109}$

(iv) As the chance of winning the toss in one test is $\frac{1}{2}$

Since the events are independent, the probability of his winning the toss in all the five matches is

$$\frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2} = \frac{1}{32}$$

NOTES

Since the events are independent, the calculated probability would not be affected by his decision.

(v) Firing a volley means that all of them try once to hit the target. Two shots can hit the target in one of the following ways :-

(a) A and B and C fails to hit.

(b) A and C hit and B fails to hit.

(c) B and C hit and A fails to hit.

The Probability of hitting by $A = \frac{3}{5}$ and of not hitting $= 1-\frac{2}{5}=\frac{3}{5}$

" " " " $B = \frac{2}{5}$ " " $= 1-\frac{2}{5}=\frac{3}{5}$

" " " " $C = \frac{3}{4}$ " " $= 1-\frac{3}{4}=\frac{1}{4}$

Hence-

The probability of A and B hitting and C not hitting $= \frac{3}{5}\times\frac{2}{5}\times\frac{1}{4}=\frac{6}{100}$

" " A and C " B " $= \frac{3}{5}\times\frac{3}{4}\times\frac{3}{5}=\frac{27}{100}$

" " B and C " A " $= \frac{2}{5}\times\frac{3}{4}\times\frac{2}{5}=\frac{12}{100}$

Since the events are mutually exclusive, the probability that two shots hit the target is-

$$\frac{60}{100}+\frac{27}{100}+\frac{12}{100} = \frac{45}{100} \; or \; 45\%$$

(vi) 1 girl and 2 boys may be selected in the following ways :

(a) Girl from the first group, boy from the second and boy from the third group:

The probability for it is $= \frac{3}{4}\times\frac{2}{4}\times\frac{3}{4}=\frac{18}{64}$

(b) Boy from the first group, girl from the second group and boy from the third group :

The probability is $= \frac{1}{4}\times\frac{2}{4}\times\frac{3}{4}=\frac{2}{64}$

(c) Boy from the first group, boy from the second group and the girl from the third group :

The probability is $= \frac{1}{4}\times\frac{2}{4}\times\frac{1}{4}=\frac{2}{64}$

All these events are mutually exclusive. Hence the probability that any of these events happen

$$= \frac{10}{4}+\frac{6}{64}+\frac{2}{64}=\frac{26}{64} \; or \; \frac{13}{32}$$

(vii) Two cards-a king and queen may be drawn in one of the following ways :

(a) First card a king and second a queen

(b) First card a queen and second a king.

$$\text{Probability of drawn as in (a)} = \frac{4}{52} \times \frac{4}{51} = \frac{16}{2652}$$

$$\text{Probability of drawn as in (b)} = \frac{4}{52} \times \frac{4}{51} = \frac{16}{2652}$$

(a) and (b) are mutually exclusive, Hence, required probability,

$$= \frac{16}{2652} + \frac{16}{2652} = \frac{32}{2652} \text{ or } \frac{8}{663}$$

1.8 सम्भाविता सिद्धांत में क्रमचय तथा संयोग
(Permutation and Combinations in the Theory of Probability)

ऊपर यह बताया जा चुका है कि सामान्यतः घटनाओं के घटने की अनुकूल और प्रतिकूल परिस्थितियाँ सुगमता से मालूम हो जाती हैं। किन्तु कभी-कभी ऐसा सम्भव नहीं हो पाता है। ऐसी परिस्थिति में क्रमचय और संयोग के नियमों की सहायता लेना आवश्यक हो जाता है। क्रमचय शब्द का अर्थ होता है किसी विषय की रचना किस प्रकार की जा सकती है। यह उन समस्त विन्यासों (arrangements) को प्रकट करता है जो हमें दी हुई वस्तुओं में से कुछ या सभी को एक साथ लेकर प्राप्त होते हैं। जैसे, यदि a,b,c में से दो एक साथ लेने हों तो इसके क्रमचय निम्नलिखित होंगे-

ab,	ac,	bc
ba,	ca,	cb

इस प्रकार यदि दो वस्तुयें एक साथ ली जायें तो इनकी रचना 6 प्रकार से की जा सकती है। इसे सूत्र के रूप में निम्न प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है-

$$^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!}$$

where ^nP_r = Permutations

n = number of all the items

n = number of all the items

r = number of items taken together

! = factorial which means n (n–1) (n–2) (n–3)..........

उपरोक्त उदाहरण में इससूत्र द्वारा क्रमचय ज्ञात किया जा सकता है, अर्थात् a, b, c इन तीन शब्दों की रचना दो शब्दों को साथ लेकर किस प्रकार की जा सकती है-

n = 3 और r = 2

अतः $$^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!} = \frac{3!}{(3-2)!} = \frac{3 \times 2 \times 1}{1} = 6$$

संयोग
(Combinations)

संयोग का अर्थ है- दिये गये विषय में संयोग या वर्ग किस प्रकार किये जा सकते हैं। दी गई सामग्री के ऐसे वर्ग बनाये जाते हैं जो उन वस्तुओं में से कुछ या सभी वस्तुओं को एक साथ लेने पर प्राप्त होते हैं। जैसे, a,b और c शब्दों का संयोग दो शब्दों के साथ में लेकर कितनी प्रकार से किया जा सकता है। यह संयोग निम्न प्रकार किया जा सकता है-

ab, ac, bc या ba, ac, cb

अर्थात् वह संयोग तीन प्रकार से किया जा सकता है। यह सूत्र के रूप में निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया जा सकता है-

NOTES

$$^nC_r = \frac{n!}{(n-r)! \times r!} \text{ or } ^nC_r = \frac{^nP_r}{r!}$$

where ^nC_r = Combinations

n = number of all the items.

r = items taken together

! = factorial

उपरोक्त उदाहरण में

n=3, r=2

अतः $^nC_r = \frac{3 \times 2 \times 1}{(3-2)! \times 2!} = \frac{3 \times 2 \times 1}{1 \times 2 \times 1} = 3$

कुछ एकक समान हों तो क्रमचय (Permutations) **का उपयोग-** क्रमचय का उपयोग कैसे किया जाता है, यह ऊपर बताया जा चुका है। कभी-कभी ऐसा होता है कि जिन एककों की रचना (arrangement) करनी हो वे भिन्न-भिन्न न रहकर उसमें से कुछ एकक एक समान हों। जैसे, एक थैली में 12 गेंद हैं, वे भिन्न-भिन्न रंग की न होकर उसमें से 4 लाल रंग की और 8 हरे रंग की हैं। इस स्थिति में एक ही प्रकार के 4 एकक और दूसरे प्रकार के 8 समान एकक हैं। इस परिस्थिति में निम्न सूत्र का उपयोग किया जायेगा-

$$\text{Desired probability} = \frac{n_1!\, n_2! \ldots n_k!}{n!}$$

where $n_1, n_2 \ldots n_k$ = विभिन्न प्रकार के समान एकक

n = एककों का पूर्ण योग।

Illustration 17. If man has the choice of travelling between Bhopal and Delhi by 10 trains, in how many possible ways he can complete the return journey using a different train in each direction? यदि एक व्यक्ति को भोपाल एवं दिल्ली के बीच दस रेलगाड़ियों से यात्रा करने का विकल्प हो तो प्रत्येक दिशा में अलग गाड़ी का उपयोग करते हुए वह अपनी वापसी की यात्रा कितने प्रकार से पूरी कर सकता है ?

Solution - For the outward journey he has the choice of using all the 10 trains. Having completed the outward journey, he will be left with only 9 trains to complete the return journey. Thus the total number of ways in which he can complete the journey are $10 \times (10-1) = 90$

$$\text{Perm.} = n(n-1) = 10(10-1) = 90.$$

Illustration 18. In how many different ways 4 books at a time can be arranged out of 6 different books on a shelf? (एक अलमारी में 6 भिन्न-भिन्न पुस्तकों में से एक बार में चार पुस्तकें कितने प्रकार से विन्यासित की जा सकती है। :

Solution- $^nP_r = {}^6P_4$

$$= \frac{6!}{(6-4)!} = \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{2 \times 1} = 360$$

Illustration 19. In how many ways 5 seats can be occupied by 4 students? (चार छात्रों द्वारा 5 सीटें कितने प्रकार से ग्रहण की जा सकती है ?

Solution- Here n=5, r=4

Applying the formula,

$$^nP_r = \frac{n!}{(n-r)!} \text{ or } {}^5P_4$$

$$= \frac{5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{(5-4)!} = \frac{5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{1} = 120$$

Illustration 20. There are 6 doors in a room. 5 persons have to enter it. In how many ways they can enter from different doors?

एक कमरे में 6 दरवाजे हैं पाँच व्यक्तियों को इनमें प्रविष्ट होना है। भिन्न-भिन्न दरवाजों से वे कितने प्रकार से प्रविष्ठ हो सकते हैं?

Solution- Perm. = n (n-1) (n-2) (n-3) (n-4)

= 6 (6-1) (6-2) (6-3) (6-4) = 720

The formula can be written as under :-

$$^nP_r = {}^6P_5 = \frac{6\,!}{(6-5)\,!}$$

$$= \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{1} = 720$$

Illustration 21. In how many ways can 12 seats be occupied by 8 students? आठ छात्रों द्वारा बारह सीटें कितने प्रकार से ग्रहण की जा सकती हैं?

Solution- $^nP_r \; = {}^{12}P_8$

$$= \frac{12\,!}{(12-8)}$$

$$= \frac{12 \times 11 \times 10 \times 9 \times 8 \times 7 \times 6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{4 \times 3 \times 2 \times 1}$$

= 1,99,58,400

Illustration 22. In how many ways can 12 students be allotted to three tutorial groups of 2, 4 and 6 respectively? (12 छात्रों को क्रमशः 2, 4 और 6 के तीन ट्यूटोरियल समूह में कितने प्रकार से बाँटा जा सकता है?

Solution- If m = 2, n = r, and p = 6

Then, $$^nP_r = \frac{(m+n+p)\,!}{m\,! \times n\,! \times p\,!} = \frac{(2+4+6)\,!}{2\,! \times 4\,! \times 6\,!}$$

$$= \frac{12 \times 11 \times 10 \times 9 \times 8 \times 7 \times 6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{(2 \times 1) \times (4 \times 3 \times 2 \times 1) \times (6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1)}$$

$$= \frac{12 \times 11 \times 10 \times 9 \times 8 \times 7}{(2 \times 1) \times (4 \times 3 \times 2 \times 1)} = \frac{665280}{480} = 13860$$

Illustration 23. In how many ways can the letters of the word "BETTER" be arranged? Better शब्द के अक्षरों को कितने प्रकार से व्यवस्थित किया जा सकता है?

Solution - In this letter 'E' comes twice, 'T' comes twice and 'B' and 'R' come only once.

Hence, $$^nP_r = \frac{(m+n+p+q)\,!}{m\,! \times n\,! \times p\,! \times q\,!}$$

$$= \frac{(2+2+1+1)\,!}{(2)\,! \times (2)\,! \times (1)\,! \times (1)\,!}$$

$$= \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3 \times 2 \times 1}{(2 \times 1) \times (2 \times 1) \times (1) \times (1)}$$

$$= \frac{6 \times 5 \times 4 \times 3}{(2 \times 1) \times (1) \times (1)} = \frac{360}{2} = 180$$

In this illustration, it has been assumed that

'm'	stands	for	letter	'E'
'n'	stands	for	letter	'T'
'p'	stands	for	letter	'B'
'q'	stands	for	letter	'R'

Illustration 24. In how many ways 3 books can be chosen out of ten different books? (भिन्न-भिन्न दस पुस्तकों में से कोई तीन पुस्तकों को चुना जा सकता है ?)

Solution the formula, we have.

$$^nC_r = \frac{n!}{(n-r)!\,r!} = \frac{10!}{(10-3)!\,3!}$$

$$= \frac{10\times9\times8\times7\times6\times5\times4\times3\times2\times1}{(7\times6\times5\times4\times3\times2\times1)\times(3\times2\times1)} = \frac{10\times9\times9}{(3\times2\times1)} = 120$$

Illustration 25. A bag contains 4 black and 3 white balls. Two draws of 2 balls are made. The balls are replaced after each draw. What is the probability that in the first draw all of them will be black and in the second white? What will be the probability if the balls are not replace?

Solution. The number of ways in which two balls can be drawn out of 7 balls is $= {}^7C_2$

The number of ways in which two black balls can be drawn out of 4 black balls is $= {}^4C_2$

The number of ways in which two white ball can be drawn out of 3 white balls is $= {}^3C_2$

$\therefore$ The probability of getting two black balls in first draw $= \dfrac{{}^4C_2}{{}^7C_2}$

Similarly, the probability of getting two white balls in the second draw $= \dfrac{{}^3C_2}{{}^7C_2}$

The desired probability

$$= \frac{{}^4C_2}{{}^3C_2} \times \frac{{}^3C_2}{{}^7C_2} = \frac{\dfrac{n!}{(n-4)!}}{\dfrac{n!}{(n-r)!\,r!}} \times \frac{\dfrac{n!}{(n-r)!\,r!}}{\dfrac{n!}{(n-r)!\,r!}}$$

$$= \frac{\dfrac{4\times3\times2\times1}{(4-2!)\,2!}}{\dfrac{7\times6\times5\times4\times3\times2\times1}{(7-2)!\,2!}} \times \frac{\dfrac{3\times2\times1}{(3-2!)\,2!}}{\dfrac{7!}{(7-2)!\,2!}}$$

$$= \frac{\dfrac{24}{(2\times1)\times(2\times1)}}{\dfrac{7\times6\times5\times4\times3\times2\times1}{(5\times4\times3\times2\times1)\times(2\times1)}} \times \frac{\dfrac{6}{(1\times2\times1)}}{\dfrac{7\times6\times5\times4\times3\times2\times1}{(5\times4\times3\times2\times1)\times(2\times1)}}$$

$$= \frac{\dfrac{24}{4}}{\dfrac{42}{2}} \times \frac{\dfrac{6}{2}}{\dfrac{42}{2}} = \frac{6}{21} \times \frac{3}{21} = \frac{2}{49}$$

If the balls are not replaced :

The probability of the first event $= \frac{^4C_2}{^7C_2}$

NOTES

However, the probability of the second event will be different if after first draw there will remain only 2 black and 3 white balls in the bag.

The number of ways in which 2 balls can be drawn out of 5 $= {}^5C_2$

The number of ways in which two white balls can be drawn out of 3 white balls $= {}^3C_2$

The probability of drawing 2 white balls is $= \frac{^3C_2}{^5C_2}$

Illustration 7. 192 परिवारों में जिनके लिये (albinos) बच्चे के उत्पन्न होने की सम्भावना 0.25 समझी जाती है, प्रथम तीन बच्चों में सूरजमुखी बच्चों का वितरण इस प्रकार था-

सूरजमुखी बच्चों की संख्या;	0	1	2	3
परिवारों की संख्या :	77	90	20	5

यह मानते हुए कि द्विपद नियम लागू होता है, सैद्धांतिक आवृत्तियों को मालूम कीजिये तथा X^2 – परीक्षण का प्रयोग करके आसंजन-सौष्ठव (Goodness of fit) की जाँच कीजिये।

Solution - सूरजमुखी बच्चे के पैदा होने की सम्भावना-

$$p = 0.25 = \frac{1}{4}\ ; q = 1 - p = \frac{3}{4}\ ; n = 3\ ; N = 192$$

0, 1, 2, 3 सूरजमुखी के जन्म की प्रत्याशित आवृत्तियाँ मालूम करने के लिये निम्नलिखित द्विपद-वितरण के सभी पद निकाले जावेंगे-

$$N(q+p)^n = 192\left(\frac{3}{4} + \frac{1}{4}\right)^3$$

$$= 192\left[\left\{\left(\frac{3}{4}\right)^3\right\} + \left\{3\left(\frac{3}{4}\right)^2\left(\frac{1}{4}\right)\right\} + \left\{3\left(\frac{3}{4}\right)^1\left(\frac{1}{4}\right)^2\right\} + \left\{\left(\frac{1}{4}\right)^3\right\}\right]$$

$$= \frac{192 \times 1}{64}(27 + 27 + 9 + 1) = 81 + 81 + 27 + 3$$

आसंजन-सौष्ठव (Goodness of fit) की जाँच-

x	f_a	f_e	$f_a - f_o$	$(f_a - f_e)^2$	$\frac{(f_a - f_e)^2}{f_e}$
0	77	81	–4	16	$\frac{16}{81} = 0.198$
1	90	81	+9	81	$\frac{81}{81} = 1.000$
2	20	27	–7	49	$\frac{49}{27} = 1.815$
3	5	3	+2	4	$\frac{4}{3} = 1.333$
N = 192		192			$x^2 = 4.346$

स्वतंत्र्य संख्या = 4 – 1 = 3

3 d.f. के लिये 5% सार्थकता स्तर पर काई वर्ग का सारणी - मूल्य 7.815 है। ज्ञात किया गया मूल्य 4.346 सारणी मूल्य से कम है। अतः वास्तविक एवं प्रत्याशित आवृत्तियों का अन्तर सार्थक नहीं है, अर्थात् वक्र आसंजन उत्तम है।

Illustration 8. पाँच सिक्कों का एक समुच्चय (set) 3200 बार उछाला जाता है और प्रत्येक बार आने वाले सिरों (heads) की संख्या लिख ली जाती है। इस प्रकार प्राप्त परिणाम निम्नांकित है-

सिरों की संख्या :	0	1	2	3	4	5
आवृत्ति :	80	570	1100	900	500	50

इस परिकल्पना की जाँच कीजिये कि सिक्के सुडौल हैं। X^2 जाँच का प्रयोग कीजिये।

Solution- सिक्के सुडौल होने की स्थिति में सिर (head) व दुम (tail) की सम्भावनायें $p = q = \frac{1}{2}$ होंगी।

यहाँ पर सिक्कों की संख्या, $n = 5$; जाँच (परीक्षण) की संख्या, N = 3,200 है।

अतः सैद्धांतिक आवृत्ति वितरण-

$N(q+p)^n = 3200\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\right)^5$ के विस्तार के द्वारा ज्ञात किया जायेगा।

$$3200\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\right)^5 = 3200\left(\frac{1}{2}\right)^5 [1 + 5 + 10 + 10 + 5 + 1]$$

$$= 3200 \times \frac{1}{82}(1 + 5 + 10 + 10 + 5 + 1)$$

$$= 100 + 500 + 1000 + 1000 + 500 + 100$$

x	f_a	f_e	$f_a - f_e$	$(f_a - f_e)^2$	$\frac{(f_a - f_e)^2}{f_e}$
0	80	100	–20	400	4.00
1	570	500	+70	4900	9.80
2	1100	1000	+100	10000	10.00
3	900	1000	–100	10000	10.00
4	500	500	0	0	0.00
5	50	100	–50	2500	25.00
N =	3,200	3,200	0	27,800	$x^2 = 58.80$

∴ स्वातंत्र्यांश (d.f.) 5 के लिये 5% स्तर पर x^2 का सारणी मूल्य 11.07 है। परिकलित मूल्य इससे बहुत अधिक है, अतः वक्र आसंजन उत्तम नहीं है, अर्थात् सिक्का सुडौल नहीं है।

द्विपद वितरण की विशेषतायें (Characteristics of Binomial distribution)- उपरोक्त उदाहरणों के आधार पर द्विपद-वितरण की निम्नलिखित विशेषतायें होती हैं-

(1) **सैद्धांतिक वितरण** (Theoretical Distribution)- द्विपद-वितरण एक सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण है जो बरनौली-प्रमेय पर आधारित है। इस सम्भावना वितरण को कुल संख्या (N) से गुणा करके प्रत्याशित आवृत्तियाँ मालूम की जाती हैं।

(2) **खण्डित-वितरण-** यह एक खण्डित आवृत्ति वितरण है जिसमें सफलताओं की संख्या 0,1,2,3...n होती है और उनकी आवृत्तियाँ द्विपद-विस्तार द्वारा निकाली जाती हैं।

(3) **आवृत्ति-बहुभुज-** द्विपद-वितरण को रेखाचित्र पर आवृत्ति-बहुभुज (Frequency Polygon) के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।

(4) **स्वरूप-** इसका स्वरूप 'p' और 'q' के माप और घातांक 'n' के मूल्य पर आधारित है।

(5) **अचर-मूल्य** (Constant) -- इसमें अचर-मूल्य विभिन्न सूत्रों द्वारा उपलब्ध किये जाते हैं, जैसे- समान्तर माध्य $(\bar{x}) \equiv np$; प्रमाप विचरण $(\sigma) = \sqrt{npq_1}$ प्रथम परिघात $(\mu_1) = 0$; द्वितीय परिघात $(N_2) = npq$; तृतीय परिघात $(\mu_3) = npq\,(q - p)$।

(6) **'p' और 'q' का क्रम** - n, p और q ज्ञात होने पर पूर्ण द्विपद वितरण लिखा जा सकता है। यदि सफलता की संख्या आरोही क्रम में- 0, 1, 2, 3....n लिखनी है तो द्विपद सम्भावना वितरण (q+p)n का विस्तार होगा। इसके विपरीत, सफलता की संख्या अवरोही क्रम- n......., 3, 2, 1, 0 - में होने पर (p+q) n का विस्तार होगा। विभिन्न पदों के गुणांक पास्कल त्रिभुज से ज्ञात किये जा सकते हैं। कुल परीक्षणों की संख्या अर्थात् 'N' से इस सम्भावना वितरण को गुणा करके प्रत्याशित आवृत्ति वितरण प्राप्त किया जा सकता है-

$N(q+p)^n$ या $N(p+q)^n$

(7) **उपयोग-** इसका उपयोग वहाँ उपयुक्त होता है जहाँ घटनाओं की सफलता-असफलता के आधार पर द्वन्द्वभाजन वर्गीकरण किया जा सकता है, जैसे सिक्का उछालने पर चित या पट गिरना, जनसंख्या का स्त्री-पुरुष में वितरण आदि। निर्णय लेने तथा भावी अनुमान के लिये यह एक आवश्यक उपकरण है।

बोध प्रश्न

1. सैद्धांतिक आवृत्ति वितरण का क्या अर्थ है।

....

....

....

2. सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण के महत्व की विवेचना कीजिए।

....

....

....

3. द्विपद वितरण की विशेषताएँ लिखिए।

....

....

....

2.5 सामान्य वितरण (Normal Distribution)

सामान्य वितरण के सर्वप्रथम अन्वेषण का श्रेय प्रसिद्ध अंग्रेजी-गणितज्ञ डॉ. ए.डी. मॉयर (Dr. A.D. Moiver) को है। बाद में विज्ञान में इसका प्रयोग फ्रांसीसी गणितज्ञ लेप्लेस (Laplace) द्वारा किया गया।

जर्मन-गणितज्ञ गॉस (Gauss) ने भी काफी विकास किया। कालान्तर में इसका प्रयोग क्वेलेट (बेलजियम) तथा गॉल्टन (इंगलैंड) ने भी किया तथा इसके क्षेत्र को विकसित किया। सामान्य वितरण को प्रसामान्य वितरण, सामान्य वक्र (Normal Curve), सामान्य आवृत्ति वक्र (Normal frequency distribution), सामान्य सम्भावना वक्र (Normal Probability Curve), सामान्य विभ्रम वक्र (Normal Curve of error) और गॉस-वक्र (Gauss-Curve) भी कहते हैं।

महत्व- सांख्यिकीय सिद्धांत में यह सबसे महत्वपूर्ण सम्भावना वितरण है। अधिकांश न्यादर्श (sample) इसी के आधार पर लिए जाते हैं। इसकी सहायता से यह अनुमान लगाया जाता है कि विशाल समग्र में से लिये गये न्यादर्श समग्र का प्रतिनिधित्व ठीक प्रकार से करते हैं या नहीं। इसकी सहायता से विभिन्न न्यादर्शों का विश्लेषण और तुलनात्मक अध्ययन सम्भव होता है। एक प्रसिद्ध सांख्यिकी श्री काउडन के शब्दों में इसका महत्व इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है-

"The normal curve of error stands out in the experience of mankind as one of the broadest generalisation of natural philosophy. It serves as the guiding instrument in researches in the physical and social sciences and in medicine, agriculture and engineering. It is an indispensable tool for the analysis and the interpretation of the basic data obtained by observation and experiment."

सामान्य वक्र का आकार - यह घण्टी के आकार का होता है। यह पूर्णतया समभित (Symmetrical) होता है यद्यपि इसका वास्तविक आकार प्रमाप विचलन द्वारा निर्धारित होता है इस अभाव में न्यादर्श के सिद्धांत का विकास सम्भव नहीं था। इस वक्र का आकार निम्न प्रकार का होता है-

NOTES



इस वक्र को निम्न समीकरण के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकता है-

$$y = \frac{N}{\sigma\sqrt{(2\pi^{0})}} \quad \frac{-(x-\bar{x})^2}{2\sigma^2}$$

where, y = Ordinate of the curve at a point x.

N = Number of items in the frequency distributions.

σ = Standard deviation of distribution.

π = The ratio of the circumference of a circle to its diameter approximately 3.1416;

$\sqrt{(2\pi)}$ = 2.5066

e = 2.718 (Base of the Napierian Logarithm)

सामान्य वितरण के उपयोग (Uses of Normal Distribution)- आधुनिक सांख्यिकी में सामान्य-वितरण का केन्द्रीय स्थान है। इसके प्रमुख उपयोग इस प्रकार हैं-

(1) कई क्षेत्रों में समंकों के विचरण का स्वरूप बहुत कुछ सामान्य वितरण के अनुरूप होता है। प्राकृतिक विज्ञानों, प्राणिशास्त्र, मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और आंशिक रूप से आर्थिक और औद्योगिक क्षेत्र में सामान्य-वितरण के कई उदाहरण मिलते हैं। एक पेड़ के पत्तों की लम्बाई, मनुष्यों की ऊंचाई, जन्म-मृत्यु और विवाह दरें, छात्रों के बौद्धिक स्तर का माप, मापन और अवलोकन की त्रुटियां, इस्पात के तारों की तनाव शक्ति, एक नस्ल के प्राणियों का आयु-वितरण आदि घटनाओं पर सामान्य वितरण के नियम लागू होते हैं। अतः इस वितरण का व्यापक रूप से उपयोग होता है।

(2) न्यादर्श सिद्धांत के आधार पर सांख्यिकीय निर्वचन में सामान्य वितरण का महत्व सर्वोपरि है। यदि प्रतिदर्श (Sample) बड़े और दैव-निदर्शन के आधार पर चुने गए हों तो प्रतिदर्श-मापों का वितरण सामान्य होता है भले ही समग्र के समंकों का वितरण सामान्य हो या नहीं हो। उदाहरण के लिये यदि हम किसी शहर के विश्वविद्यालय स्तर के 5,000 छात्रों के समग्र में से दैव-निदर्शन आधार पर 50-50 के 50 प्रतिदर्श चुनें, उनकी ऊंचाई का माप करें और सभी प्रतिदर्शों के समान्तर माध्य निकालें तो इन माध्य-ऊंचाइयों का वितरण सामान्य वितरण होगा चाहे पूरे समग्र के 5,000 छात्रों की ऊंचाई का वितरण सामान्य हो या न हो। न्यादर्श-वितरणों का यह गुण पूरे समग्र के माप का अनुमान लगाने में, विभिन्न प्रतिदर्श मापों की शुद्धता की जाँच करने में और न्यादर्श के उच्चावचनों की सीमाएँ निर्धारित करने में बहुत उपयोगी होता है। इसीलिये सामान्य वितरण को सांख्यिकीय निर्वचन तथा न्यादर्श-सिद्धांत का मूल-आधार माना जाता है।

(3) चर-मूल्यों का रूपान्तर करके अनेक अ-सामान्य वितरणों को सामान्य वितरण में बदला जा सकता है।

(4) सामान्य वितरण में कई गणितीय गुण होते हैं जिनके कारण इसकी उपयोगिता और भी बढ़ जाती है।

प्रसिद्ध सांख्यिकी यूडेन ने तो सामान्य वितरण की सार्वभौमिक उपयोगिता से प्रभावित होकर इसके उपयोग को सम्मित आकृति के रूप में ही प्रकट किया है- "विभ्रमों का सामान्य नियम मानव जाति के अनुभव में प्राकृतिक दर्शन के व्यापक सामान्यीकरण का महत्वपूर्ण सिद्धांत है। भौतिक तथा सामाजिक विज्ञानों, चिकित्सा, कृषि और इंजीनियरिंग में, शोधकार्य में यह निर्देशक उपकरण का कार्य करता है। अवलोकन तथा प्रयोग से प्राप्त मूल समंकों के विश्लेषण एवं निर्वचन में यह अपरिहार्य शास्त्र है।"

सामान्य-वितरण की मान्यताएँ (Assumptions of Normal Distribution)

(1) **स्वतंत्र कारण-** प्रत्येक अवलोकन तथा स्वतंत्र घटना पर प्रभाव डालने वाली कारण- सम्बन्धी शक्तियाँ परस्पर स्वतंत्र होना चाहिये।

(2) **विविध कारण-** व्यक्तिगत घटनाओं पर प्रभाव डालने वाली कारण- सम्बन्धी शक्तियाँ अनेक होना चाहिये और वे लगभग सभी समान भार या महत्व की होना चाहिए।

(3) **समिति** - सम्बन्धी मान्यता- सभी कारण संबंधी शक्तियों का ऐसा प्रभाव होना चाहिये कि समान्तर माध्य के दोनों ओर के विचलन आकार और संख्या में संतुलित हो जावें।

(4) **समरूपता की मान्यता-** जिस समग्र में से प्रतिदर्श का दैव-चुनाव किया जावे, उस समग्र के सम्बन्ध में ये शक्तियाँ एक समान होना चाहिए भले ही उनका प्रभाव भिन्न-भिन्न घटनाओं पर भिन्न-भिन्न पड़े।

स्पष्ट है कि उपरोक्त मान्यताएँ बहुत कठोर हैं जिसके कारण यह वितरण केवल एक आदर्श-वितरण मात्र रह जाता है। व्यावहारिक जीवन में, प्राकृतिक विज्ञानों, भौतिकी, जीवशास्त्र, मनोविज्ञान, कृषि आदि क्षेत्रों में उन सभी घटनाओं पर यह वितरण लागू होता है जो दैव पर आधारित होती हैं। आर्थिक क्षेत्र में सामान्य वितरण का प्रयोग सीमित होता है।

प्रसामान्य वक्र की विशेषताएं (Characteristics or Properties of the Normal Curve)

सामान्य वक्र में निम्नलिखित विशेषताएं पायी जाती हैं :

(1) **घण्टाकार आकृति** (Bell Shaped)- प्रसामान्य वक्र पूर्ण रूप से सममित होता है। यह वक्र घण्टी के आकार का होता है। यदि शीर्ष बिन्दु से आधार रेखा पर लम्ब डाला जाय तो यह लम्ब नीचे के क्षेत्रफल को दो बराबर भागों में विभाजित करेगा। यदि इसके एक ओर के आधे भाग को मोड़ा जाय तो यह दूसरे भाग को पूर्णतः ढंक लेगा। निम्नांकित चित्र से स्पष्ट होता है।



(2) **सतत वितरण** (Continuous Distribution)- प्रसामान्य वितरण एक सतत या अखण्डित वितरण है जबकि द्विपद एवं प्वॉयसन वितरण खण्डित है।

(3) **केन्द्रीय मापों की समानता** (Equality of Central Value)- पूर्ण सममित वितरण होने के कारण सभी केन्द्रीय माप समान होते हैं अर्थात् $\overline{X} = Z = M$।

(4) **एक भूयिष्ठक** (Uni-modal)- प्रसामान्य वितरण में अधिकतम ऊंचाई एक ही स्थान पर होती है अतः यह एक ही भूयिष्ठक वाला वितरण होता है।

(5) **मध्यका से चतुर्थकों की समान दूरी** (Equal distance of Quartiles from Median)- इस वितरण में प्रथम एवं तृतीय चतुर्थक मध्यका से समान दूरी पर होते हैं अर्थात् $Q_3 - M = M - Q_1$

(6) **चतुर्थक विचलन एवं प्रमाप विचलन का सम्बन्ध** (Relationship between Q.D. and S.D.)- चतुर्थक विचलन (Q.D.) प्रमाप प्रचलन (S.D.) का 0.6745 अर्थात् $\frac{2}{3}$ होता है।

(7) **माध्य विचलन एवं प्रमाप विचलन में सम्बन्ध** (Relationship between M.D. and S.D.)- ऐसे वितरण में माध्य विचलन (M.D.) प्रमाप विचलन (S.D.) का .7979 अर्थात् $\frac{4}{5}$ होता है।

NOTES

(8) **चतुर्थक विचलन, माध्य विचलन एवं सम्भाव्य विभ्रम** (Q.D., M.D. and P.E.)- प्रसामान्य वितरण में चतुर्थक विचलन तथा सम्भाव्य विभ्रम समान होते हैं अर्थात् Q.D. = P.E. सम्भाव्य विभ्रम माध्य विचलन का .845 गुना होता है, अर्थात्,

$$P.E. = .845\,M.D. \quad \text{अथवा} \quad P.E. = \frac{5}{6}\delta$$

(9) **अनन्तस्पर्शी** (Asymptotic to the base line)- इस वक्र के दोनों सिरे एक ही प्रकार से दोनों ओर बढ़ते हैं। वे आधार रेखा के निकटतम आते-जाते हैं पर उसका स्पर्श नहीं करते हैं। सैद्धांतिक दृष्टि से वक्र अनन्त (Infinity) की ओर अग्रसर दोनों दिशाओं में होता है।

(10) **प्रमाप विचलन एवं परिवर्तित बिन्दु** (S.D. and Changed Points)- वक्र के जिन बिन्दु पर झुकाव की दिशा में परिवर्तन होता है यदि वहाँ से आधार रेखा पर लम्ब डाले जाएं तो समान्तर माध्य से उन लम्बों तक की दूरी प्रमाप विचलन की विभिन्न इकाइयों को प्रकट करती है। यथा $\overline{X} + \sigma; \overline{X} + 2\sigma; \overline{X} + 3\sigma;$

(11) **प्रसामान्य वितरण के अचर मूल्य** (Constant Values of Normal Distribution)- प्रसामान्य वितरण के अचर मूल्य निम्नलिखित हैं :

समान्तर माध्य $= X$ अथवा μ, प्रमाप विचलन $= \sigma$

परिघात- प्रथम द्वितीय तृतीय चतुर्थ

$$\mu_1 = 0, \quad \mu_2 = \sigma^2, \quad \mu_3 = 0, \quad \mu_4 = 3\,\mu_2^2 = 3\sigma^4$$

$$\beta_1 = \frac{\mu_3^2}{\mu_2^3} = 0, \beta_2 = \frac{\mu_4}{\mu_3^2} = \frac{3\mu_2^2}{\mu_2^2} = 3$$

प्रसामान्य वितरण सममित होने के कारण इसके विषम (odd) परिघातों का मूल्य सदैव शून्य होता है और इसलिए विषमता भी शून्य होगी, परन्तु पृथुशीर्षत्व (Kurtosis) जो मध्य शीर्ष वाले वितरण का प्रतीक है, का मान 3 होता है।

(12) **वितरण के प्राचल** (Parameters of Distribution)- प्रसामान्य वितरण के दो प्रमुख प्राचल हैं : समान्तर माध्य (X) एवं प्रमाप विचलन (σ)। इन दोनों की सहायता से सम्पूर्ण वितरण लिखा जा सकता है। μ (म्यू) संकेताक्षर सम्पूर्ण समग्र के समान्तर माध्य के लिए प्रयोग होता है।

(13) **कोटि-सम्बन्ध** (Ordinate Relationship)- प्रसामान्य वक्र के समान्तर माध्य पर कोटि अक्ष की अधिकतम ऊंचाई होती है। कोटि अक्ष पर माध्य से एक बार प्रमाप विचलन की दूरी माध्य पर कोटि अक्ष की ऊंचाई की 60.653 प्रतिशत होती है। इस प्रकार अन्य दूरियों पर भी यह ऊंचाई का अनुपात निश्चित होता है। ये अनुपात कोटि अक्ष की ऊंचाई के अनुपात सम्बन्धित सारणी (Table of Ordinates of the Normal Curve) से देखे जा सकते हैं।

(14) **क्षेत्र-सम्बन्ध** (Area Relationship)- प्रसामान्य वक्र की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्षेत्रफल सम्बन्धी है। आधार रेखा और प्रसामान्य वक्र के मध्य का क्षेत्र प्रसामान्य वक्र के अधीनस्थ क्षेत्र (area under the normal curve) कहलाता है। माध्य कोटि अक्ष के साथ प्रमाप विचलन (σ) की माध्य से निश्चित दूरियों पर कोटि अक्ष का सदैव एक ही सम्बन्ध होता है। इसका अर्थ यह है कि माध्य कोटि अक्ष और माध्य से किसी निश्चित प्रमाप विचलन की दूरी पर कोटि अक्ष के मध्य वक्र का क्षेत्रफल वक्र सम्पूर्ण क्षेत्रफल का सदैव एक निश्चित अनुपात होता है।

माध्य एवं प्रमाप विचलन के आधार पर प्रसामान्य वक्र का क्षेत्रफल निम्न प्रकार होता है:

(i) माध्य + 1 σ के अन्तर्गत 68.268% क्षेत्रफल, 34.134% क्षेत्रफल माध्य के दोनों ओर होता है।

(ii) माध्य + 2 σ के अन्तर्गत 95.45% क्षेत्रफल, 47.725% क्षेत्रफल माध्य के दोनों ओर होता है।

(iii) माध्य + 3 σ के अन्तर्गत 99.73% क्षेत्रफल, 49.865% क्षेत्रफल माध्य के दोनों ओर होता है।

केवल .27% क्षेत्रफल वक्र से बाहर रह जाता है।

निम्न चित्र क्षेत्रफल सम्बन्ध को स्पष्ट प्रकट करता है :

प्रसामान्य वक्र में क्षेत्रफल सम्बन्ध



पमाणित प्रसामान्य वितरण (Standard Normal Distribution)- प्रसामान्य वक्र के अधीनस्थ आने वाले विविध क्षेत्रफल को सारणी से देखा जा सकता है, परन्तु जब $\overline{X}$ और σ का मान अलग-अलग होता है तो कठिनाई उत्पन्न हो जाती है क्योंकि ऐसी स्थिति में अलग-अलग सारणियों का प्रयोग करना होता है। इस कठिनाई को दूर करने के लिए अलग-अलग माध्य ($\overline{X}$) और प्रमाप विचलन (σ) वाले प्रसामान्य वितरण को 'प्रमापित प्रसामान्य वितरण' में बदल लिया जाता है। इसे **'इकाई प्रसामान्य वितरण'** भी कहते हैं। इसके अन्तर्गत माध्य का मूल्य शून्य ($\overline{X} = 0$) और प्रमाप विचलन एक इकाई ($\sigma = 1$) होता है। इस प्रक्रिया को Z परिवर्तन विधि (Z = transformation technique) कहते हैं।

सूत्र : $Z = \dfrac{X - \overline{X}}{\sigma}$ अथवा $Z = \dfrac{X}{\sigma}$ $\quad [\because X = X - \overline{X}]$

जहां Z = z-परिवर्तन विधि

x = अवलोकित मान

$\overline{X}$ = वितरण का माध्य

σ = वितरण का प्रमाप विचलन

माना कि एक वितरण में माध्य ($\overline{X}$) = 200 एवं प्रमाप विचलन (σ) = 20 है अतः यदि X का मूल्य 200 है तो Z का मूल्य होगा $= \dfrac{200 - 200}{20} = 0$। इसी प्रकार यदि X के मूल्य हैं 180 एवं 220 तो Z के मूल्य होंगे क्रमशः $= \dfrac{180 - 200}{20} = \dfrac{-20}{20} = -1; \dfrac{220 - 200}{20} = \dfrac{20}{20} = 1$

इसी प्रकार अन्य Z के मूल्य ज्ञात किए जा सकते हैं। प्रसामान्य वक्र को Y और Z के रूप में निम्न चित्र में प्रदर्शित किया गया है :



क्षेत्रफल देखने की विधि (The Method of obtaining Area)

Z-मूल्य का क्षेत्रफल देखने के लिए प्रसामान्य वक्र के अन्तर्गत क्षेत्रफल (Area under the Normal Curve) नामक सारणी में पहले खाना Z अर्थात् $\frac{x}{\sigma}$ का होता है। इसमें 0.0 से 3.0 तक के मूल्य लिखे रहते हैं।

NOTES

इससे आगे समानान्तर .00 से .09 तक के 10 खाने होते हैं जिनमें Z-मूल्य के क्षेत्रफल अनुपात दिये होते हैं। यदि Z का मूल्य 1.45 है तो क्षेत्रफल 1.4 की सीध में .05 वाले खाने में देखेंगे जहां .4265 दिया हुआ है अर्थात् 42.65%। Z का मूल्य धनात्मक होने पर क्षेत्रफल माध्य कोटि से दाहिनी ओर माना जायेगा और यदि Z का मूल्य ऋणात्मक है तो क्षेत्रफल माध्य कोटि से बायीं ओर माना जाता है। प्रारम्भ से Z का ऋणात्मक मूल्य निकालने के लिए क्षेत्रफल के आधे अर्थात् .5000 में से सारणी मूल्य को घटा दिया जाता है यथा (.5000 – .4265 = .0735), यदि Z की दो सीमाओं अर्तात् Z_1 एवं Z_2 के मध्य का क्षेत्रफल ज्ञात करना हो तो दोनों Z के सारणी मूल्यों को जोड़ दिया जाता है जबकि Z_1 का मान ऋणात्मक तथा Z_2 का मान धनात्मक है।

$Z_1 = -1.45$ एवं $Z_2 = +1.05$ के मध्य का क्षेत्रफल = – 1.45 का क्षेत्रफल = .4265 + (1.05 का क्षेत्रफल) = .4265 + .3531 = .7796 होगा।

यदि $Z_1 = -1.45$ एवं $Z_2 = -1.05$ के मध्य का क्षेत्रफल ज्ञात करना है तो .4265 में से .3531 घटाने पर वांछित क्षेत्रफल = .4265 - .3531 = .0734 होगा।

Illustration 9. 100 प्रयासों में 5 सफलताएं प्राप्त करने की आवृत्ति को प्रसामान्य बंटन की सहायता से किस प्रकार ज्ञात करोगे यदि प्रत्येक प्रयास में सफलता की प्रायिकता p = 0.1 हो?

How would you use normal distribution to find approximately the frequency of exactly 5 successes in 100 trails, the probability of success in each trail being p = 0.1?

हल (Solution)

माना प्रयासों की संख्या = n, तब $n=100$, $p=0.1$ तथा $q=1-q=1-.1=0.9$

द्विपद वितरण की अवस्था में माध्य $= np = 100 \times 0.1 = 10$

तथा $\sigma = \sqrt{npq} = \sqrt{100 \times 0.1 \times 0.9} = \sqrt{9} = 3$

जब n बड़ी संख्या होती है तो द्विपद वितरण सामान्य प्रकार का होता है जो अविच्छिन्न वितरण होता है। इसलिए सामान्य वितरण में 5 सफलता उस आवृत्ति के समान होगी जो 4.5-5.5 वर्ग में स्थित होगा और द्विपद समीकरण का माध्य और प्रमाप ही सामान्य वितरण का माध्य और प्रमाप विचलन होगा।

$$X = 4.5 \text{ के लिए } Z_1 = \frac{4.5 - 10}{3} = -1.83$$

$$X = 5.5 \text{ के लिए } Z_2 = \frac{55 - 10}{3} = -1.5$$

अब सारणी से 1.83σ के लिए क्षेत्रफल = 0.4664

-1.5σ के लिए क्षेत्रफल = 0.4332

-1.83 और -1.5 के बीच क्षेत्रफल = 0.4664 – 0.4332 = 0.0332

जब N कुल आवृत्ति हो तो 4.5 और 5.5 वर्ग की आवृत्ति = .0332 N

यदि N = 100 मान लिया जाय तो आवृत्ति = 3.32%

Illustration 10. You are incharge of rationing in a State affected by goods shortage. Following reports were received from the investigators-

Daily calorific value of food available per adult during current period-

Area	Mean	S.D.
A	2000	350
B	1750	100

The estimated requirement of an adult is taken at 2500 calories daily and the absolute minimum of 1000. Comment on the reported figures and determine which area in your opinion need more urgent attention.

Solution-

Area A	Area B
Mean $\pm$ 3σ	Mean $\pm$ 3σ
2000 $\pm$ (3 $\times$ 350)	1750 $\pm$ (3 $\times$ 100)
Between 3050 and 950 calories	Between 2050 and 1450 calories

Hence, area A needs urgent attention because there are some people to whom only 950 calories are available when the absolute minimum is 100 calories.

Illustration 11. (Normal curve by formula) Average sales of Bata Shoe Company's Multiple shop is Rs. 12,500 per month with a standard deviation of Rs. 4050. Find out what proportion of all shops sold between Rs. 12,500 and Rs. 16,550.

Solution.

$$\frac{x-\bar{x}}{\sigma} = \frac{16550 - 12500}{4050} = \frac{4050}{4050} = 1.00$$

By referring to table, we find the area covered by the normal curve = .34135 = .34134
or 34134% shops sold between Rs. 12500 and Rs. 16550.

Illustration 12 (i) एक कम्पनी द्वारा उत्पादित इस्पात की छड़ों का समान्तर माध्य 10 मीटर और प्रमाप विचलन 20 सेमी है। एक कांट्रेक्टर ने 5,000 छड़ें खरीदी हैं। बताइये इनमें से कितनी छड़ों के 9.75 मीटर से छोटे होने की सम्भावना है। अपने उत्तर के लिये यह मान लीजिए कि इस्पात की छड़ों की लम्बाई सामान्य रूप से फैली हुई है और सामान्य-वक्र में माध्य और माध्य से दूरी $\frac{(x-x)}{\sigma}$ के बीच क्षेत्रफल बनाने वाली सारणी के निम्नलिखित उद्धरण का उपयोग कीजिए-

$\frac{(X-\bar{X})}{\sigma}$	:	1.10	1.15	1.20	1.25	1.30
क्षेत्रफल	:	3643	.3749	.3849	.3944	.4032

(ii) एक परीक्षा में बैठने वाले 1,000 छात्रों के माध्य-प्राप्तांक 34.4 तथा प्रमाप-विचलन 16.6 हैं। सामान्य वितरण मानते हुए यह बतलाइये कि 30 तथा 60 के बीच अंक पाने वाले कितने छात्र होंगे। केन्द्रीय 70% छात्रों के प्राप्तांकों की सीमाएं भी निर्धारित कीजिए।

Solution - (i) $\bar{x}$ = 10 मीटर; $\sigma = 0.2$ मीटर

$$Z = \frac{(x-\bar{x})}{\sigma}; x = 9.75,$$

तो, $$Z = \frac{(9.75-10)}{0.2} = \frac{-0.25}{0.2} = -1.25$$

माध्य कोटि से $-$ 1.25 तक का क्षेत्रफल = .3944

अत: प्रारम्भ से Z = $-$ 1.25 तक का क्षेत्रफल = .5000 $-$ .3944 = .1056



NOTES

इस प्रकार 9.755 मीटर से कम लम्बाई की छड़ों का अनुपात 0.1056 है और उनकी संख्या $500 \times .1056 = 528$ है।

(ii) $\bar{x} = 34.4;\ \sigma = 16.6;\ N = 1000$

30 और 60 के मध्य प्राप्तांक पाने वाले छात्रों की संख्या-

$$Z_1 = \frac{30 - 34.4}{16.6} = -0.265;$$ मध्य से $Z = -.265$ तक का क्षेत्रफल $= 0.1045$

$$Z_2 = \frac{60 - 34.4}{16.6} = +1.54;$$ मध्य से $Z = +1.54$ तक का क्षेत्रफल $= 0.4382$

$\therefore$ 30 और 60 के मध्य प्राप्तांक पाने वाले छात्रों की संख्या -

$$= 0.5427 \times 1000 = 543$$

मध्य (केन्द्र) में स्थित 70% छात्रों के प्राप्तांकों की सीमा-केन्द्रीय कोटि-अक्ष से बाई ओर 35% (–.3500) और दाहिनी ओर 35% (+.3500) से सम्बद्ध Z ज्ञात किये जावेंगे। सारणी में .3500 क्षेत्रफल से सम्बद्ध Z का मूल्य 1.037 है। अतः सीमाएँ $\bar{x} + 1.037\,\sigma$ होगी।

न्यूनतम सीमा $\quad \bar{x} - 1.037\,\sigma = 34.4 - 1.037 \times 16.6 = 17.2$

अधिकतम सीमा $\quad \bar{x} - 1.037\,\sigma = 34.4 + 1.037 \times 16.6 = 51.6$

अतः माध्य के 70% छात्रों के प्राप्तांक 17.2 (17) और 51.6 (52) के बीच में होंगे।

Illustration 13. 1000 छात्रों पर किये गए एक बौद्धिक परीक्षण में माध्य और प्रमाप विचलन क्रमशः 42 तथा 24 थे। उन छात्रों की संख्या मालूम कीजिए जिनके अंक (i) 50 से अधिक हों (ii) 30 और 54 के बीच हों, तथा (iii) सर्वोच्च 100 छात्रों द्वारा प्राप्त न्यूनतम अंक मालूम कीजिए।

Solution- (i) $\bar{x} = 42;\ \sigma = 24;\ x = 50$

यदि $x = 50$ है तो $Z = \dfrac{50 - 42}{24} = +0.33;$ क्षेत्रफल .1304 हैं।

$Z = 50$ से अधिक वाला क्षेत्रफल $= .5000 - .1304 = .3696$

50 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या $= .3696 \times 1000 = 370$

(ii) $$Z_1 = \frac{30 - 42}{24} = -0.5;$$ क्षेत्रफल 0.1915

$$Z_2 = \frac{54 - 42}{24} = +0.5;$$ क्षेत्रफल 0.1915

Z_1 और Z_2 के बीच का क्षेत्रफल $= 0.1915 + 0.1915 = 0.3830$

अतः 30 और 54 के बीच अंक पाने वालों की संख्या $= 0.3830 \times 1000 = 383$

(iii) सर्वोच्च अंकों वाले 100 छात्रों की सम्भावना $= \dfrac{100}{1000} = 0.1$

वक्र में दाहिनी ओर अन्तिम 0.1 क्षेत्रफल = केन्द्र से $.5 - .1 = .4$ से अधिक वाला क्षेत्र।
.4000 क्षेत्रफल के लिये Z का मूल्य 1.281 है।

$$Z = \frac{x - \bar{x}}{\sigma};\ 1.281 = \frac{x - 42}{24};\ x - 42 = 30.744$$

$$x = 42 + 30.744 = 72.744$$

अतः सर्वोच्च 100 छात्रों के न्यूनतम प्राप्तांक 72.7 हैं।

2.6 प्वायसन वितरण (Poisson Distribution) :

प्वायसन वितरण (Poisson Distribution) का प्रतिपादन सन् 1837 ई. में फ्रेंच गणितज्ञ साइमन डेनिस प्वॉयसन ने द्विपद-विस्तार की सहायता से किया। इसे प्वॉयसन संभाविता वितरण भी कहते हैं। जब घटनाएं असामान्य

एवं दुर्लभ होती हैं तथा उनके घटित होने की संभावना बहुत कम होती है तब सही स्थिति निरूपित करने के लिए प्वॉयसन वितरण का प्रयोग होता है तथा, एक देश में भयंकर बाढ़ संख्या, अणु परीक्षण से प्रभावित नहीं होने की संभावना, किसी नगर में एक निर्दिष्ट अवधि में हृदयरोग से मरने वालों की संख्या, पानी की एक बूंद में कीटाणुओं की संख्या।

प्वॉयसन वितरण का स्वरूप (Form of Poisson Distribution) :

यह द्विपद वितरण की भांति खण्डित होता है। अतः सफलताएँ धनात्मक एवं पूर्णांक होती हैं। 1,2,3.......... सफलताओं की संभावनाएँ निम्न प्रकार के विभिन्न पदों से ज्ञात हो जाती हैं :-

$$p(r) = \frac{C^{-m} m^r}{r}$$

where r = Number for which probable frequencies are to be calculated.

C = Base for the natural Logarithms. (C = 2.7183)

m = Arithmetic average or mean.

r = r!

प्वॉयसन वितरण, द्विपद वितरण की सीमान्त रूप है जिसमें 'n' बहुत बड़ा 'p' बहुत छोटा तथा 'm' एक परिमित धनात्मक संख्या होती है।

उपरोक्त गणन क्रिया में C^{-m} का मान निकालने में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। इसका मान इस प्रकार निकाला जाता है-

$$C^{-m} = \frac{1}{m} = \frac{1}{(2.7183)^m}$$

जहाँ तक (2.7183) m का संबंध है। यह लघुगणक की सहायता से निकाला जाता है।

माना कि $(2.7183)^m = Z$

अतः

$$\text{Log } Z = m \log (2.7183)$$

$$Z = \text{Antilog } m \log (2.7183)$$

$$= \text{Antilog } m = \times 0.4343$$

$$= \text{Antilog } 0.4343$$

$$Z = (2.7183)^m = \mathit{Antilog}\ .4343^m$$

then, $$C^{-m} = \frac{1}{(2.7183)^m} = \frac{1}{\mathit{Antilog}\ .4343^m}$$

$$= \text{Reciprocal } (\text{A. log . } 4343^m)$$

यहाँ 'm' का कोई भी मान रखकर C^{-m} ज्ञात कर लिया जाता है।

प्रत्याशित आवृत्तियाँ (Expected Frequencies) :

0,1,2,3......... सफलताओं की प्वॉयसन संभावनाएँ क्रमानुसार लिख दी जावें तो प्वॉयसन वितरण प्राप्त हो जाता है। यदि परीक्षणों की संख्या N हो तो प्रत्याशित आवृत्तियाँ मालूम करने के लिए प्रत्येक पद की संभावना को परीक्षणों की संख्या (N) से गुणा कर दिया जाता है।

$$\text{Expected frequencies N.p (r)} = \frac{NC^{-m} m^r}{r}$$

प्वॉयसन वितरण के स्थिरांक (Constants of Poisson Distribution) :

समान्तर माध्य, प्रमाप विचलन, चारों परिघात, विषमता तथा पृथुशीर्षत्व के माप प्वॉयसन वितरण के स्थिरांक कहलाते हैं। इस वितरण के लिए इनके मान इस प्रकार हैं:-

NOTES

Mean	$= m$
Standard Deviation	$= \sqrt{m}$
First Moment (μ^1)	$= 0$
Second Moment (μ^2)	$= m$
Third Moment (μ^3)	$= m$
Fourth Moment (μ^4)	$= m + 3m^2$
Skewness (β_1)	$= \dfrac{1}{m}$
Kurtosis (β_2)	$= 3 + \dfrac{1}{m}$

$m = 0.0$ से $m = 0.99$ तक के लिए e^{-m} के मानों की तालिका

m	0	1	2	3	4	5	6	7	8	9
0.0	1.0000	.9900	.9802	.9704	.9608	.9512	.9418	.9324	.9231	.9139
0.1	.9048	.8869	.8869	.8681	.8694	.8607	.8521	.8437	.8353	.8207
0.2	.8187	.8025	.8025	.7945	.7866	.7788	.7711	.7634	.7558	.7483
0.3	.7408	.7261	.7261	.7189	.7118	.7047	.6977	.6907	.6839	.6771
0.4	.6703	.6570	.6570	.6505	.6440	.6376	.6313	.6250	.6188	.6126
0.5	.6065	.5945	.5945	.5886	.5827	.5770	.5712	.5655	.5599	.5543
0.6	.5488	.5379	.5379	.5326	.5273	.5220	.5169	.4117	.5066	.5016
0.7	.4966	.4868	.4868	.4819	.1771	.4724	.4677	.4630	.4548	.4538
0.8	.4493	.4404	.4404	.4360	.4317	.4274	.4234	.4190	.4148	.4107
0.9	.4066	.3985	.3946	.3946	.3906	.3867	.3829	.3791	.3753	.3716

$m = 1$ से $m = 10$ तक के लिए e^{-m} के मानों की तालिका

m	1	2	3	4	5
e^{-m}	0.36788	0.13534	0.04979	0.01832	0.006738
m	6	7	8	9	10
e^{-m}	0.002479	0.000912	0.000335	0.000123	0.006738

उपर्युक्त तालिका से m = 0.51 e^{-m} का मान देखने के लिए पहले स्तम्भ में 0.5 लें इसके सामने तथा स्तम्भ 1 के नीचे लिखा मान पढ़ें। इस प्रकार

$$e^{-0.51} = 0.6005$$

इसी प्रकार $e^{-0.61} = 0.5434$ तथा

$$e^{-2.51} = e^{-2.0 - 0.51}$$

$$= e^{-20} \times e^{-0.51} = 0.13534 \times 0.605 = .08127$$

Illustration 14. किसी उत्पादन का निरीक्षण करने पर प्रति इकाई 2 दोष पाए जाते हैं। प्वॉयसन वितरण का उपयोग करते हुए बिना किसी दोष, 3 दोष या 4 दोष वाली इकाइयों के पाए जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। (दिया है $e^{-2} = 0.135$)

Suppose that a manufactured product has 2 defects per unit if product is inspected. Using Poisson distribution calculate the probabilities of finding a product without any defect, 3 defects or 4 defects. (Given $e^{-2} = 0.135$).

हल (Solution)

माना x = प्रति इकाई दोषों की संख्या

तथा $p(x) = P(X = x) = e^{-m}\dfrac{m^x}{x\,!}, x = 0, 1, ..., \infty$

यहां m = 2

$$p(0) = e^{-2} = 0.135 \text{ (दिया है)}$$
$$p(1) = p(0) \times m = 1.35 \times 2 = 0.27$$
$$p(2) = p(1) \times \frac{m}{2} = .27 \times \frac{2}{2} = .27$$
$$p(3) = p(2) \times \frac{m}{3} = .27 \times \frac{2}{3} = 0.18$$
$$p(4) = p(3) \times \frac{m}{4} = .27 \times \frac{2}{4} = .9$$

इस प्रकार,

कोई भी दोष न पाये जाने की प्रायिकता $= p(0) = 0.135$

तीन दोष पाये जाने की प्रायिकता $= p(3) = 0.18$

चार दोष पाये जाने की प्रायिकता $= p(4) = 0.9$

Illustration 15 : The mean of the Poisson Distribution is 3.24. Find other contants of the distribution.

प्वॉयसन वितरण का माध्य 3.24 है। अन्य स्थिरांक मालूम कीजिए।

Solution :

$$m = 3.24 \text{ (given)}$$
$$\text{S.D.} = \sqrt{m} = \sqrt{3.24} = 1.8$$
$$\mu_1 = 0 \qquad \mu_2 = m = 3.24$$
$$\mu_3 = m = 3.24 \qquad \mu_4 = m + 3m^2$$
$$= 3.24 + 3\,(3.24)^2 = 34.732$$
$$\beta_1 = \frac{1}{m} = \frac{1}{3.24} = 0.38$$
$$\beta_2 = 3 + \frac{1}{m} = 3 + \frac{1}{3.24} = 3 + 0.38 = 3.38$$

Illustration 16 : The average number of defective articles in a certain manufacturing process is 3%. These articles are supplied in packets of 50. Use Poisson distribution to calculate the approximate number of packets containing none-defective, one defective, two defective and three defective articles in a consignment of 10,000 packets. (given $C^{-15} = .2231$)

किसी निर्माण प्रक्रिया में दोषपूर्ण सामान का माध्य (औसत) 3% है। यह सामान 50 के पैकेटों में रखा जाता है। प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करते हुए 10,000 पैकेटों में ऐसे पैकेटों की संख्या बतलाइये जिनमें कोई सामान दोषपूर्ण न हो, एक दोषपूर्ण हो तथा तीन दोषपूर्ण हो।

Solution

$$N = 10{,}000$$
$$P = \frac{3}{100}$$
$$m = 50 \times \frac{3}{100} = 1.5$$
$$C^{-m} = C^{-1.5} = 0.2231$$
$$p\,(r) = \frac{NC^{-m}m^r}{\lfloor r}$$

NOTES

Packets without any defective article (p_0)

$$= \frac{NC^{-m} m^r}{\lfloor r}$$

$$= \frac{NC^{-m} m^0}{\lfloor 0} = 10000\ C^{-1.5} = 10000 \times .2231 = 2231$$

Packets with one defective article (p_1)

$$= \frac{NC^{-m} m^1}{\lfloor 1} = 10000 \times .2231 \times 1.5 = 3346.5$$

Packets with two defective articles (p_2)

$$= \frac{NC^{-m}\ m^2}{\lfloor 2}$$

$$= \frac{10000 \times .2231\ (1.5)^2}{\lfloor 2} = 2510$$

Packets with three defective articles (p)

$$= \frac{NC^{-m}\ m^3}{\lfloor 3} = \frac{10000 \times .2231\,(1.5)^3}{\lfloor 3} = 1255$$

Illustration 17 : One fifth percent of the blades manufactured by a factory turn out to be defective. The blades are supplied in packets of 10. Use Poisson distribution to calculate the approximate number of packets containing no defective, one defective and two defective blades respectively in a consignment of 1,00,000 packets. (given $C^{-.02} = .9802$)

Solution.

Here $\quad p = \frac{1}{500}$; $n = 10$

$$m = np = \frac{1}{500} \times 10 = 0.02$$

$$N = 1{,}00{,}000$$

$$C^{-m} = C^{-.02} = 0.9802$$

$$p(r) = \frac{N\,C^{-m}\, m^r}{r\,!}$$

Packets with no defective blades :

$$= \frac{100{,}000 \times 0.9802 \times (.02)^0}{0\,!}$$

Packets with one defective blade :

$$= \frac{100{,}000 \times 0.9802 \times (.02)^1}{1\,!} = 98020 \times \frac{2}{100} = 1960$$

Packets with two defective blades :

$$= \frac{100{,}000 \times 0.9802 \times (.02)^2}{2\,!} = 19.6 \text{ or } 20$$

Illustration 18 : The distribution of Typing mistakes committed by a typist is given below. Assuming a Poisson Model, find out the expected frequencies :

Mistakes per page :	0	1	2	3	4	5
No. of pages :	142	156	69	27	5	1

Solution :

Mistakes per page (x)	No. of Pages (f)	xf
0	142	0
1	156	156
2	69	138
3	27	81
4	5	20
5	1	5
	400	400

$$m = \frac{\Sigma xf}{\Sigma f} = \frac{400}{400} = 1$$

Taking the mean of the given distribution as the mean of the Poisson distribution, we want to fit, we get m = 1 and

$$p(r) = \frac{C^{-m} m^r}{r^1}; r = 0, 1, 2, ...,$$

Also $\quad P(0) = C^{-m} = C^{-1} = 0.3679$ (By Log tables)

Computation of Expected Frequencies

x	Expected frequencies	Observed frequency
0	$400 \times 0.3679 = 147$	142
1	$400 \times 0.3679 \times 1 = 147$	156
2	$\frac{400 \times 0.3679 \times (1)^2}{2!} = 74$	69
3	$\frac{400 \times 0.3679 \times (1)^3}{3!} = 25$	27
4	$\frac{400 \times 0.3679 \times (1)^4}{4!} = 6$	5
5	$\frac{400 \times 0.3679 \times (1)^5}{5!} = 1$	1
Total	400	400

प्वॉयसन वितरण की विशेषताएँ (Characteristics of Poisson Distribution)-

(1) **खण्डित वितरण** – द्विपद-वितरण की भाँति यह भी एक खण्डित वितरण है जिसमें सफलताओं की संख्या 0, 1, 2, 3........ x आदि पूर्णांकों के रूप में होती है। इनकी सम्भावना प्वॉयसन-प्रमेय के अनुसार ज्ञात की जाती है।

(2) **'p' और 'q' की मात्रा** – यह उन स्थितियों में प्रयुक्त होता है जिनमें घटनाओं के घटने की सम्भावना 'p' बहुत कम होती है और न घटने की सम्भावना 'q' अत्यधिक (लगभग 1 के बराबर) होती है और 'n' भी अधिक होता है।

(3) **प्रमुख प्राचल** (Parameter)– समान्तर माध्य (m = np) इस वितरण का प्रमुख प्राचल है और उसका मान ज्ञात होने से पूरा वितरण लिखा जा सकता है।

(4) **अचर मूल्य** (Constants)- प्वॉयसन वितरण के निम्नलिखित अचर मूल्य हैं –

समान्तर माध्य m = np; प्रमाप विचलन $\sigma = \sqrt{m} = \sqrt{np}$

परिघात $\mu_1 = 0; \mu_2 = m;$ आदि।

NOTES

(5) **स्वरूप** - यह वितरण असममित होता है। जैसे-जैसे समान्तर माध्य (m) का मूल्य बढ़ाता जाता है, यह वितरण दाहिनी ओर को प्रवृत्त होता जाता है और विषमता की मात्रा में कुछ कमी होती जाती है।

(6) **मान्यता** - इस वितरण की यह आधारभूत मान्यता है कि घटना की प्रत्याशा स्थिर होनी चाहिये। उस परिस्थिति में जबकि प्रमुख-प्राचल में ही परिवर्तन होता रहता है, इस वितरण का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये। इसके लिये कुछ सांख्यिकों ने इस वितरण का एक संशोधित रूप प्रस्तुत किया है।

(7) **उपयोग** - उन सभी घटनाओं में, जिनकी सफलता की सम्भावना (p) बहुत कम हो और (n) अधिक हो, यह वितरण उपयोगी सिद्ध होता है। प्राणीशास्त्र, जनांकिकी, यातायात-नियंत्रण, दूरभाष-संदेशवाहन, उद्योग तथा सांख्यिकीय गुण-नियंत्रण की विभिन्न समस्याओं का विश्लेषण प्वॉयसन वितरण के आधार पर होता है।

बोध प्रश्न

1. सांख्यिकी में सामान्य वितरण की क्या महत्ता है?

....

....

....

2. प्रसामान्य वक्र की विशेषताओं को समझाइए।

....

....

....

3. प्यॉगसन वितरण का क्या अर्थ है? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

....

....

....

2.8 सारांश

सैद्धांतिक आवृत्ति वितरण आधुनिक सांख्यिकी के आधार माने गये हैं। जिनके माध्यम से निश्चित मान्यताओं के आधार पर समंक की प्रवृत्ति का ज्ञान होता है एवं विवेकपूर्ण निर्णय लेने के आधार मिलते है। इसके आधार पर भावी पूर्वनुमान लगाये जाते हैं। इन्हें प्रत्याशित या आदर्श आवृत्ति वितरण भी कहा जाता है। सैद्धांतिक दृष्टि से आवृत्ति वितरण कई प्रकार के हो सकते हैं, किन्तु उनमें से मुख्य तीन का सांख्यिकीय विश्लेषण में सर्वाधिक महत्व है, जो निम्न है– 1. द्विपद वितरण, 2. सामान्य वितरण, 3. प्वॉयसन वितरण।

2.9 शब्द कुंजी

(1) सैद्धांतिक वितरण, (2) खंडित वितरण, (3) आवृत्ति बहुभुज, (4) अचर मूल्य, (5) घंटाकार आवृत्ति, (6) अनन्तस्पर्शी।

2.10 अभ्यास प्रश्न

दीर्घउत्तरीय प्रश्न (Long Answer type Questions)

1. सैद्धांतिक वितरण का क्या अर्थ है?
   What is meant by Theoretical Distribution?
2. द्विपद बंटन का वर्णन कीजिए।
   Describe Binomial distribution.

3. द्विपद बंटन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।
   Give the characteristics of Binomial distribution.
4. सैद्धांतिक आवृत्ति का क्या अर्थ है ?
   What is meant by theoretical frequency?
5. द्विपद वितरण पर उन दशाओं जिनमें वह उत्पन्न होता है तथा उसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करते हुए एक टिप्पणी लिखिए।
   Write a note on the Binomial distribution describing the situation in which it arises and its chief characteristics.
6. उन परिस्थितियों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए जिनके अन्तर्गत द्विपद बंटन प्राप्त होता है। इस बंटन का समान्तर माध्य और प्रसरण ज्ञात कीजिए।
   Explain the conditions under which binomial distribution is obtained, giving examples. Obtain the mean and variance of this distribution.
7. प्वॉयसन बंटन की परिभाषा दीजिए।
   Define Poisson distribution.
8. प्वॉयसन बंटन के प्रमुख लक्षणों को स्पष्ट कीजिए।
   Explain the main characteristics of Poisson distribution.
9. द्विपद आवृत्ति वितरण कब प्वॉयसन आवृत्ति वितरण की ओर प्रवृत्त होता है ? आप किन परिस्थितियों में द्विपद वितरण के स्थान पर प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करेंगे ?
   When does a Binomial distribution tend to a Poisson distribution? In which case would you apply a Poisson distribution in place of Binomial distribution?
10. किन परिस्थितियों में प्वॉयसन आवृत्ति वितरण का प्रयोग किया जा सकता है ? प्वॉयसन वितरण का सामान्य पद बताइये और इसका माध्य और प्रसरण निकालिए।
    In what circumstances may a Poisson distribution be used? Give the general terms of Poisson distribution and derive its mean and variance.
11. द्विपद वितरण तथा प्वॉयसन वितरण किस प्रकार भिन्न हैं ?
    How do Binomial distribution and Poisson distribution differ?
12. द्विपद तथा प्वॉयसन वितरणों में माध्य तथा प्रमाप विचलन के मूल्यों की गणना किस प्रकार की जाती है ?
    How mean and standard deviation are computed in Binomial and Poisson distributions?
13. प्वॉयसन वितरण का क्या अर्थ है ? प्रति दिन के जीवन में जहां यह वितरण लागू होता है उनमें से कुछ के उदाहरण दीजिए।
    What is meant by Poisson distribution? Give some examples of its occurence in every day life.
14. प्वॉयसन वितरण की विशेषताओं की विवेचना कीजिए।
    Discuss the characteristics of Poisson distribution.
15. सैद्धांतिक आवृत्ति वितरण का क्या अर्थ है ? द्विपद, प्रसामान्य एवं प्वॉयसन वितरणों के मुख्य लक्षणों की विवेचना कीजिए।
    What is meant by theoretical frequency distribution. Discuss the salient features of the Binomial, Normal and Poisson distribution.
16. सैद्धांतिक आवृत्ति वितरणों से आप क्या समझते हैं ? इन वितरणों के महत्व की विवेचना कीजिए।
    What do you understand by theoretical frequency distribution? Discuss the importance of these distributions.

17. द्विपद आवृत्ति वितरण कब प्वॉयसन आवृत्ति वितरण की आवृत्ति प्राप्त करता है? आप किन परिस्थितियों में द्विपद वितरण के स्थान पर प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करेंगे?
    When does a binomial distribution tend to become a Poisson distribution? In which case would you apply a Poisson distribution in place of binomial distribution?
18. प्रसामान्य आवृत्ति वितरण की विशेषताएं बताइये। सांख्यिकी में इस वितरण को प्रमुख स्थान क्यों प्राप्त है?
    List the chief properties of the normal distribution. AWhy is this distribution given a central place in statistics?
19. प्रसामान्य एवं द्विपद बंटनों में भेद कीजिए तथा सांख्यिकीय निष्कर्ष के लिए प्रसामान्य बंटन के महत्व की विवेचना कीजिए।
    Distinguish between normal and binomial distribution and discuss the importance of normal distribution for statistical inference.
20. प्रसामान्य वितरण द्विपद वितरण से किस प्रकार भिन्न है? प्रसामान्य वितरण की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं? दैव निदर्शन अनुसन्धान में वे किस प्रकार उपयोगी हैं?
    How does a normal distribution differ from a binomial distribution? What are the important properties of a normal distribution? How are they useful in random sampling investigation?
21. सांख्यिकी में प्रसामान्य वितरण की क्या महत्ता है? आर्थिक विश्लेषणों में भी इसकी उपयोगिता बताइये।
    What is the significance of normal distribution in statistics? Give also its utility in economic analysis.
22. प्रसामान्य एवं द्विपद वितरण की महत्वपूर्ण विशेषताओं की तुलना कीजिए और उनका निदर्शन सिद्धांत में महत्व स्पष्ट कीजिए।
    Compare the important properties of the normal and binomial distributions and point out their significance in sampling theory.

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. सैद्धान्तिक वितरण क्या है?
   What is Theoretical Distribution.
2. द्विपद वितरण क्या है?
   What is Binomial distribution.
3. प्वॉयसन वितरण की परिभाषा दीजिये।
   Define Poission distribution.
4. प्रसामान्य आवृत्ति वितरण की विशेषतायें बताइये।
   List the chief properties of the normal distribution.
5. प्वॉयसन वितरण के प्रमुख लक्षणों को स्पष्ट कीजिये।
   Explain the main characteristics of poission distribution.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

1. प्वॉयसन विधि सिमोन डेनिस द्वारा कब बनाई गयी-
   (अ) 1820 (ब) 1825 (स) 1836 (द) 1837
2. प्रसामान्य वितरण विधि में औसत से दायें का क्षेत्र क्या है-
   (अ) +.5 (ब) –.5 (स) 1 (द) कोई नहीं
3. सैद्धान्तिक आवृत्ति वितरण के कितने प्रकार हैं-
   (अ) 2 (ब) 4 (स) 3 (द) 5

4. द्विपद वितरण में सभी पदों का योग होता है-

(अ) 0 (ब) 1 (स) 100 (द) 50

उत्तर- 1. (द), 2. (अ), 3. (स), 4. (ब)

2.11 व्यावहारिक प्रश्न

1. किसी उद्योग में व्यावसायिक बीमारी के किसी कर्मचारी को लगाने की सम्भावना 20% है। 6 कर्मचारियों में से 4 अथवा अधिक से इस बीमारी से ग्रसित होने की प्रायिकता क्या है?

The incidence of occupational disease in an industry is such that the workman have a 20% chances of suffering from it. What is the probability that out of six workmen 4 or more will contact disease?

[उत्तर : $\frac{240 + 24 + 1}{15,625} = 0.1696$]

2. पशुओं में किसी विशेष बीमारी के फैलने की सामान्य दर 40% है। 6 पशुओं को नया इन्जेक्शन लगने पर उनमें से किसी पर भी बीमारी का असर नहीं हुआ। अवलोकित परिणाम की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

The normal rate of infection of a certain disease in animal is known to be 40%. In an experiment with new injection 6 animals, none caught infection. Find the probability of the observed result.

[उत्तर : $\left(\frac{3}{5}\right)^6 = \frac{729}{15,625} = .0467$]

3. एक बम के निशाने पर गिरने की प्रायिकता $\frac{1}{5}$ है। एक पुल को नष्ट करने के लिए दो बम पर्याप्त हैं। यदि पुल पर 6 बम डाले जायें तो उसके नष्ट होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

The probability of a bomb hitting a target is $\frac{1}{5}$. Two bombs are enough to destroy a bridge. If six bombs are aimed at the bridge, find the probability that the bridge is destroyed.

[उत्तर : $1 - \left\{\left(\frac{5}{5}\right)^6 + 6\left(\frac{5}{6}\right)^5 \left(\frac{1}{6}\right)\right\} = 1 - (.2621 + .3952) = .3447$]

4. छः पासे 729 बार फेंके गए। आप कितनी बार कम-से-कम तीन पासों द्वारा पांच छः दिखाने की उम्मीद करते हैं?

Six dice are thrown 729 times. How many times do you expect at least three dice to show a five or six?

[उत्तर : 223]

5. आठ सिक्के उछाले जाते हैं और यह प्रयोग 100 बार दोहराया जाता है। द्विपद बंटन ज्ञात कीजिए और उसका माध्य तथा प्रमाप विचलन निकालिए।

Eight coins are tossed and this experiment is repeated 100 times. Find binomial distribution and calculate its mean and standard deviation.

[उत्तर : $p(x) = 100.\ {}^{10}C_x \left(\frac{1}{2}\right)^x \left(\frac{1}{2}\right)^{10-x}$, $x = 0, 1, 2, \ldots\ldots, 10.$

माध्य $= 10 \times \frac{1}{2} = 5$, प्रमाप विचलन $= \sqrt{10 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2}} = 1.6$]

NOTES

6. यह मानकर कि किसी नगर के 50% व्यक्ति अखबार पढ़ते हैं और यह भी मानकर कि 1,024 खोजकर्ताओं द्वारा 10 व्यक्तियों के विषय में जानकारी की जाती है कि वह अखबार पढ़ते हैं कि नहीं। कितने अन्वेषक प्रत्याशित हैं जो यह सूचना देंगे कि 3 या उससे कम व्यक्ति अखबार पढ़ते हैं?

   Assuming that 50% of a population in a town reads newspapers and further assuming that 1,024 investigators each take 10 individuals to find out if they read newspapers, how many investigators would you expect to report that three or less people read newspapers.

   [उत्तर : 176 अन्वेषक]

7. यह मानते हुए कि आधी जनसंख्या शाकाहारी होने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है और यह भी मानते हुए कि 100 अन्वेषकों में से प्रत्येक को 10 व्यक्तियों का प्रतिदर्श लेकर उनसे यह पूछना है कि वे शाकाहारी या नहीं। आप कितने अन्वेषक अनुमानित करते हैं जो यह रिपोर्ट करेंगे कि तीन या इससे कम व्यक्ति शाकाहारी हैं?

   Assuming that half the population is vegetarian so that chance of an individual being a vegetarian is $\frac{1}{2}$ and assuming that out of 100 investigators each takes a sample of 10 individuals to see whether they are vegetarian. How many investigators would you expect to report that three or less people are vegetarian?

   [उत्तर : 17]

8. किसी सेना की टुकड़ी में 3/5 जवान विवाहित हैं और शेष 2/5 अविवाहित। एक पंक्ति में यदि 5 जवान हों तो उनमें 0, 1, 2, 3, 4, 5 विवाहित जवान होने की प्रायिकता क्या है?

   In an army battalion 3/5 of the soldiers are married and the remainder 2/5 unmarried. What is the probability of being 0,1,2,3,4,5 married soldiers in a row of soldiers?

   [उत्तर : $\left(\frac{2}{5}\right)^5, {}^5C_1 \left(\frac{2}{5}\right)^4 \left(\frac{3}{5}\right), {}^5C_2 \left(\frac{2}{5}\right)^3 \left(\frac{3}{5}\right)^2, {}^5C_3 \left(\frac{2}{5}\right)^2 \left(\frac{3}{5}\right)^3 {}^5C_4 \left(\frac{2}{5}\right) \left(\frac{3}{5}\right)^4, \left(\frac{2}{5}\right)^5$]

9. सैद्धांतिक द्विपद बंटन $128\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\right)^5$ की सभी प्रत्याशित आवृत्तियों को ज्ञात कीजिए।

   Find all the expected frequencies of a theoritical binomial distribution $128\left(\frac{1}{2}+\frac{1}{2}\right)^5$.

   [उत्तर : 4, 20, 40, 40, 20, 4]

10. 4 पासे एक साथ 64 बार फेंके गये। बिन्दु 3 या 4 को सफलता तथा बिन्दु 1 या 2 को असफलता माना गया। बिन्दु 5 या 6 आने पर प्रयास नहीं माना गया। परिणाम निम्न प्रकार पाये गये :

    Four dice were thrown 64 times, Spot 3 or 4 was considered a success and spot 1 or 2 a failure. The outcome of a 5 to 6, was not considered a trail. The results were :

सफलताओं की संख्या **(Number of successes)**	:	0	1	2	3	4
आवृत्ति **(Frequency)**	:	0	5	13	22	24

    अवलोकित आवृत्ति वितरण तथा सैद्धांतिक द्विपद वितरण के माध्य और प्रमाप विचलन ज्ञात कीजिए।

    Find the mean and standard deviation of the observed frequency distribution and the theoretical binomial distribution.

    [उत्तर : अवलोकित आवृत्ति वितरण के लिए $\bar{x} = 3.02, \sigma = .94$ द्विपद वितरण के लिए,
    $\bar{x} = np = 4 \times \frac{1}{2} = 2$ तथा $\sigma = \sqrt{npq} = \sqrt{4 \times \frac{1}{2} \times \frac{1}{2}} = 1$]

11. 8 सिक्कों के एक समूह को 256 बार उछाला गया और प्रत्येक बार आने वाले शीर्षों की संख्या को लिखा गया। प्राप्त परिणाम निम्न तालिका में दिये गये हैं। शीर्षों की माध्य संख्या अनुमानित कीजिए तथा इस अनुमान का प्रयोग करते हुए प्रत्याशित आवृत्तियां परिकलित कीजिए यदि द्विपद नियम लागू होता है।

A set of 8 coins is thrown 256 times and the number of heads appearing in each throw is recorded. The results obtained are given in the following table. Estimate the mean number of heads and then calculate the expected frequencies using this estimate if the binomial law holds :

शीर्षों की संख्या (No. of heads)	0	1	2	3	4	5	6	7	8
उछालों की संख्या (No. of throws)	2	6	38	52	59	56	32	10	6

[उत्तर : $\bar{x} = \frac{\Sigma fx}{fx} = \frac{1{,}024}{256} = 4; p = \frac{\bar{x}}{n} = \frac{4}{8} = \frac{1}{2}$

प्रत्याशित आवृत्तियां, f_e : 1 8 28 56 70 56 28 8 1]

12. एक बगीचे में 64 क्यारियां हैं एवं प्रत्येक क्यारी में एक विशेष प्रकार के फूल के 3 बीज बोये जाते हैं। एक नीले फूल की प्रायिकता 1/4 है। 3,2,1 एवं 0 नीले फूलों वाली क्यारियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

There are 64 beds in a garden and 3 seeds of particular type of flower are sown in each bed. The probability of a flower being blue is 1/4. Find the number of beds with 3, 2, 1 and 0 blue flowers.

[उत्तर : 27, 27, 9 तथा 1]

13. 4 चूहों के 104 समूहों में 0, 1, 2, 3, 4 मादा चूहों की संख्या निम्न प्रकार है :

मादा चूहों की संख्या,	x :	0	1	2	3	4
समूहों की संख्या,	f :	8	28	34	24	10

किसी चूहे के मादा चूहा होने की प्रायिकता अनुमानित कीजिए तथा प्रत्याशित आवृत्तियां ज्ञात कीजिए।

In 104 litters of 4 mice, the number of letters which contain 0, 1, 2, 3, 4 female mice is as follows :

No. of female mice, x :	0	1	2	3	4
No. of litters, f :	8	28	34	24	10

Estimate the probability of a mouse being a female and find the expected frequencies.

[उत्तर : $p = \frac{1}{2}$, f_e : 6.5, 26, 39, 26, 6.5]

14. निम्नलिखित के लिए द्विपद वितरण का माध्य तथा बहुलक बताइये यदि।

Obtain the mean and mode for the following binomial distribution if,

(i) n = 99, p = 0.6 (ii) n = 60, p = 1/6 (iii) n = 8, p = 1/5

[उत्तर : (i) माध्य = 59.4, बहुलक = 60 तथा 59, (ii) माध्य = 10 = बहुलक

(iii) माध्य = $\frac{8}{5}$, बहुलक = 1]

15. एक द्विपद बंटन में समान्तर माध्य 3 एवं प्रसरण 2 है तो शेष अचर मूल्य $(\mu_1, \mu_2, \mu_3, \mu_4, \beta_1, \beta_2)$ ज्ञात कीजिए।

In a binomial distribution mean is 3 and variance is 2, find the remaining constants $(\mu_1, \mu_2, \mu_3, \mu_4, \beta_1, \beta_2)$.

[उत्तर : $\frac{npq}{np} = \frac{2}{3}, p = 1 - q = \frac{1}{3}, n = \frac{np}{p} = 9, \mu_1 = 0, \mu = \sigma^2$

$= 2, \mu_3 = \frac{2}{3}, \mu_4 = \frac{34}{3}, \beta_1 = \frac{1}{18}, \beta_2 = \frac{17}{6}$]

NOTES

16. 4 सिक्के 160 बार उछाले गये और निम्नांकित अवलोकित आवृत्ति वितरण प्राप्त हुआ :

शीर्षों की संख्या :	0	1	2	3	4
4 सिक्कों की उछालों की संख्या :	17	32	54	31	6

यह मानते हुए कि सिक्के सुडौल हैं शीर्षों की संख्याओं की प्रत्याशित आवृत्तियां ज्ञात कीजिए और आसंजन-सौष्ठव का परीक्षण भी कीजिए।

4 coins are tossed 160 times and following observed frequency distribution :

No. of heads :	0	1	2	3	4
No. of tosses :	17	32	54	31	6

Assuming that the coins are unbaised calculate the expected frequencies for the number of heads and test the goodness of fit.

[उत्तर : प्रत्याशित आवृत्तियां : 10, 40, 60, 40, 10, $x^2 = 12.7$;5% सार्थकता स्तर पर आसंजन सही है]

17. एकल प्रयास में 5 सिक्कों के एक समूह को 96, पर उछाला गया। निम्न तालिका में चित्त की संख्या का अवलोकित आवृत्ति वितरण दिया हुआ है। इस मान्यता पर कि सिक्के अनभिनत थे, आशानुरुप आवृत्ति परिकलित करें। इस मान्यता की सत्यता का परीक्षण करने के लिए x^2 परीक्षण का उपयोग करें (5 सिक्कों को एक साथ उछालने पर सिक्कों की संख्या जिन पर चित्त आता है = x, तथा उछालों की संख्या = f):

A set of 5 coins was tossed 96 times. The following table gives the observed frequency distribution of the number of heads in a single trail. Calculate the expected frequencies on the assumption that the coins were unbaised. Use X^2 test to examine the correctness of this assumption (x = number of coins that show head in a single trail, f = No. of throws).

x :	5	4	3	2	1	0
f :	7	19	35	24	8	3

[उत्तर : प्रत्याशित आवृत्तियां, f_e = 3,15,30,30,15, 3 x^2 परिकलित 11.62, $x2_{(.05,5)} = 11.07$;
मान्यता सही नहीं है]

18. 7 सिक्कों को 128 बार उछालने पर उनके चित्त गिरने का अवलोकित आवृत्ति वितरण निम्न प्रकार है। यह मानते हुए कि सिक्के सुडौल हैं द्विपद बंटन का आसंजन कीजिए। आसंजित बंटन के माध्य तथा प्रमाप विचलन क्या हैं?

The observed frequency distribution of 128 throws of 7 coins, according to the number of heads. Fit a binomial distribution under the assumption that the coins are unbiased. What are the mean and standard deviation of the fitted distribution?

चित्तों की संख्या (No. of heads) :	0	1	2	3	4	5	6	7
उछालों की संख्या (No. of throws) :	7	6	19	35	30	23	7	1

[उत्तर : प्रत्याशित आवृत्ति : 1, 7, 21, 35, 35, 21, 7, 1 : माध्य = 3.5, प्रमाप विचलन = 32]

19. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए-

Write short note on the following :

(i) द्विपद बंटन (Binomial Distribution)

(ii) द्विपद बंटन की विशेषताएं (Characteristics of Binomial Distribution)

(iii) द्विपद बंटन के अचर (Constants of Binomial distribution)

(iv) द्विपद बंटन के आसंजन की श्रेष्ठता का परीक्षण
(Test of goodness of fit of a Binomial distribution)

20. निम्नलिखित कथन की व्याख्या कीजिए-

किसी द्विपद वितरण का माध्य 8 तथा प्रमाप 3 है।

Criticise the following statement :

The mean of a binomial distribution 8 and standard deviation is 3.

21. यदि एक ढेर में दोषपूर्ण वस्तु होने का अनुपात 4% हो तो 10 के एक प्रतिदर्श में 2 से अधिक दोषपूर्ण न होने की प्रायिकता क्या है ? (दिया है $e^{-4} = .6703$)

If the proportion of defective items in a bulk is 4 percent, find the probability of not more that two defective in a sample of 10. (It is known that $e^{-.4} = 6703$)

[उत्तर : $P_{(0)} + p_{(1)} + p_{(2)} = 0.6703 + 0.2681 + 0.536 = 0.992$]

22. पिछला अनुभव यह बताता है कि 1 माह में औसतन 4 औद्योगिक दुर्घटनाएं होती हैं। किसी विशेष माह में 4 से कम दुर्घटनाएं होने की प्रायिकता ज्ञात करें (दिया है : $e^{-4} = .018$)

The past experience shows that there occur on an average 4 industrial accidents per month. Find the probability of the occurence of less than 4 industrial accidents in a certain month. (given : $e^{-4} = 0.18$)

[उत्तर : $p_{(0)} + p_{(1)} + p_{(2)} + p_{(4)} = \sum_{x=0}^{x=3} e^{-4} 4^x$]

23. निर्मित वस्तुओं का निरीक्षण करके एक प्रति इकाई 2 त्रुटियां दिखाई देती हैं। किसी निर्मित वस्तु में (i) कोई दोष न हो तथा (ii) दोष हों की प्रायिकता ज्ञात कीजिए। (दिया है : $e^{-2} = .135$)

In an inspection of manufactured articles 2 defects per unit are found. Calculate the probability finding an article (i) without any defect and (ii) with 4 defects.

[उत्तर : (i) 0.135, (ii) .09]

24. किसी दुकान पर औसत रूप से प्रति मिनट 5 ग्राहक आते हैं। प्वॉयसन वितरण की सहायता से किसी विशिष्ट एक मिनट में 6 ग्राहक आने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

The average number of customers per minute arriving at a shop is 5. Using Poisson distribution find the probability that during one particular minute exactly 6 customers will arrive.

[उत्तर : 0.1454]

25. किसी पुस्तक के 50 पृष्ठों के संशोधन के पश्चात् यह ज्ञात हुआ कि सामान्यतः 5 पृष्ठों में 3 गलतियां हैं। प्वॉयसन बंटन के आधार पर यह अनुमान लगायें कि 1,000 पृष्ठों की पुस्तक में 0,1, 2, 3, गलतियां वाले पृष्ठों की संख्या क्या है ? (दिया है : $e^{-6} = .5488$)

After correcting the errors of the first 50 pages of a book, it is found that on the average there are 3 errors per 5 pages. Use Poisson distribution to estimate the number of pages with 0, 1, 2, 3 errors in the whole book of 1,000 pages (Given $e^{-6} = .5488$)

[उत्तर : 549, 329, 99, 20]

26. एक उत्पादक इस बात की घोषणा करता है कि उसके उत्पादनों का 5% दोषपूर्ण है। वह 100-100 उत्पादनों की पेटियों में विक्रय करता है और गारण्टी देता है कि पेटी में 3 से अधिक दोषपूर्ण उत्पादन नहीं होगा। इसकी क्या सम्भावना है कि एक पेटी के उत्पादन उसकी गारण्टी की पूर्ति नहीं कर सकेंगे ?

A producer claims that 5% of his product is defective. He sells his product in boxes of 100 and gurantees that not more than 34 items will be defective. What is the probability that a box will fail to meet the gurantee?

27. टेलीफोन कॉलों की संख्या जो एक टेलीफोन ऑपरेटर 8 बजे से 8 बजकर 5 मिनट के बीच में प्राप्त करता है, m = 3 के प्वॉयसन बंटन का पालन करती है। इस बात की क्या संभावना है कि आगामी काल उसी अवधि में उसे कोई फोन कॉल नहीं मिलेगी?

The number of telephone calls an operator receives from 8 to 5 minutes past 8 follows a Poisson distribution with m=3. What is the probability that the operator will not receive a telephone call in the same time interval tomorrow?

[उत्तर : .04979]

28. लेन्स बनाने वाली किसी फैक्टरी में दोषयुक्त लेन्स बनाने की सम्भावना $\frac{1}{100}$ है। प्रति पैकिट 10 लेन्स रखे जाते हैं। प्वॉयसन वितरण का उपयोग करते हुए यह ज्ञात कीजिए कि 20,000 पैकिटों में से कितने पैकिटों में (i) एक भी दोषयुक्त लेन्स नहीं होगा, (ii) एक दोषयुक्त लेन्स होगा, (iii) 2 दोषयुक्त लेन्स होंगे, (iii) 2 दोषयुक्त लेन्स होंगे, (iv) 3 दोषयुक्त लेन्स होंगे तथा (v) 4 दोयुक्त लेन्स होंगे? (दिया है $-e^{.02} = .9802$]

In a certain factory turning out optical lenses there is a small chance $\frac{1}{100}$ for any lens to be defective. The lenses are supplied in packets of 10. Use Poisson distribution to calculate the approximate number of packets containing no defective, one defective, two defective, three defective and four defective lenses respectively in a consignment of 20,000 packets. (Given $e^{-.02} = .9802$).

[उत्तर : (i) 19,604, (ii) 392, (iii) 4, (iv) 0, (v) 0]

29. फाउण्टेन पेन बनाने के कारखाने में जहां 0.5 प्रतिशत दोषपूर्ण पेन बनते हैं, सौ-सौ पेन डिब्बों में रखे जाते हैं। ऐसे डिब्बों का क्या प्रतिशत होगा जिनमें (i) एक भी दोषपूर्ण पेन न हो, (ii) कम-से-कम एक दोषपूर्ण पेन हो और 2 या 2 से अधिक दोषपूर्ण पेन हों? (दिया है $e^{-5} = .6065$)

In factory manufacturing fountain pen, the chance having a defective pen is 0.5 percent, 100 pens are kept in a box. What is the percentage of boxes in which (i) there is no defective pen, (ii) there is at least one defective pen and (iii) there are 2 or more than 2 defective pens? (Given $e^{-5} = .6065$)

[उत्तर : (i) 60.65%, (ii) 39.35%, (iii) 9.025%]

30. एक कार्यालय प्रबंधक अपने टाइपिस्ट का कार्य तभी स्वीकार करता है जबकि उसमें कोई अशुद्धि न हो। टाइपिस्ट को प्रति दिन औसतन 20 पत्र टाइप करने पड़ते हैं जिनमें से प्रत्येक में लगभग 200 शब्द होते हैं। प्वॉयसन वितरण का प्रयोग करके उसके द्वारा अशुद्धि किए जाने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए यदि (i) उसके द्वारा प्रस्तुत पत्रों में से 1% से कम अस्वीकृत कर दिये जाते हैं। (ii) 90% दिनों में उसके द्वारा प्रस्तुत पूरा कार्य स्वीकार कर लिया जाता है।

A manager accepts the work submitted by his typist only when there is no mistake in the work. The typist has to type on an average 20 letters per day of about 200 words each. Use Poisson distribution to find the chance of his making a mistake if (ii) less than 1% of the letters submitted by him are rejected and (ii) on 90% of days all the work submitted by him is accepted.

[उत्तर : (i) $p_{(0)} = 0.99 \Rightarrow m = .01014$ तथा $p = .00005$ (ii) $p_{(0)} = 0.9 = m = .1054$ तथा p = .00026]

31. एक पुस्तक में प्रति पृष्ठ निम्न त्रुटियां पायी गयीं। इन आंकड़ों के आधार पर एक प्वॉयसन वितरण का आसंजन करें :

प्रति पृष्ठ त्रुटियां :	0	1	2	3	4
पृष्ठों की संख्या :	200	90	20	10	0

(दिया है : $e^{-5} = 6065$)

The following mistakes per page were observed in a book. Fit a Poisson distribution to the data :

No. of mistakes per page :	0	1	2	3	4
No. of pages :	200	90	20	10	0

(Given : $e^{-5} = .6065$)

32. एक टाइपिस्ट के द्वारा 100 पृष्ठों की टंकण में निम्न प्रकार गलतियां कीं। प्वॉयसन वितरण का आसंजन करो तथा प्रत्याशित आवृत्तियां ज्ञात कीजिए :

प्रति पृष्ठ त्रुटियां :	0	1	2	3	4	5
पृष्ठों की संख्या :	42	35	14	6	4	1

(दिया है : $e^{-.1} = .3679$)

A typist commits the following number of mistakes per page in typing 100 pages. Fit a Poisson distribution and calculate theoretical frequencies :

Mistakes per page : 0 1 2 3 4 5

No. of pages : 42 35 14 6 4 1

(Given : $e^{-.1} = .3679$)

[उत्तर : प्रत्याशित आवृत्तियां : 36.8, 36.8, 18.4, 6.1, 1.5, 0.4]

33. निम्न आंकड़े किसी हाई कोर्ट में पिछले 100 वर्षों में हुए जजों के रिक्त स्थानों को व्यक्त करते हैं। प्वॉयसन वितरण का आसंजन कीजिए :

Below are given the number of vacancies of Judges occuring in a high court over a period of 100 years. Fit a Poisson distribution :

रिक्तियां (Vacancies) :	0	1	2	3
आवृत्ति (Frequency) :	56	32	8	4

[उत्तर : m = .5488, प्रत्याशित आवृत्तियां : 54.88, 32.93, 9.88, 9.31]

34. निम्न अवलोकनों से प्वॉयसन वंटन का अन्वायोजन कीजिए और सैद्धांतिक आवृत्तियों की गणना कीजिए : ($e^{-5} = .6065$)

Fut a Poisson distribution to the following data and also calculate theoretical frequencies :

मृत्यु (Death) :	0	1	2	3	4
आवृत्ति (Frequency) :	122	60	15	2	1

[उत्तर : m = 0.5, सैद्धांतिक आवृत्तियां : 121.2, 60.65, 15.16, 2.53, 0.32]

35. प्वॉयसन वितरण के माध्य एवं प्रसरण ज्ञात कीजिए।

Find the mean and variance of Poisson distribution.

36. दिखाइये कि निम्न कथन में कोई असंगति है : "प्वॉयसन वितरण का समान्तर माध्य 16 है और उसका प्रमाप विचलन 9 है।"

Show that there is a inconsistency in the following statement : "The mean of a Poisson distribution is 16 and the standard deviation is 9."

37. निम्न कथन की विवेचना कीजिए :

Comment on the following statement :

प्वॉयसन वितरण के लिए माध्य 8 और प्रसरण 7 है।

"For a Poisson distribution mean is 8 and variance is 7."

NOTES

38. एक नये कारखाने में 1,000 बल्ब लगाये जाते हैं जिनका औसत जीवन 120 दिन है। उनका जीवन प्रसामान्य बंटन के अनुरूप है जिसका प्रमाप विचलन 20 दिन है।

(i) इनमें से कितने 90 दिन से आगे समाप्त हो जाएंगे?

(ii) यदि सभी के स्थान पर नये बल्ब लगाने की योजना हो तो उनके बदलने से पहले 10% से अधिक कितने बदले जा सकेंगे?

1,000 light bulbs with a mean life of 120 days are installed in a new factory. Their length of life is normally distributed with standard deviation 20 days. (i) How many will expire in less than 90 days? (ii) It is decided to replace all the bulbs together what interval should be allowed between replacement if not more than 10% should expire before replacement.

[उत्तर : (i) 67, (ii) 94 दिन]

39. एक प्रसामान्य बंटन में 7% वस्तुएं 35 से कम है। 89% वस्तुएं 63 से कम हैं। इस बंटन के $\bar{X}$ तथा σ क्या हैं?

In a distribution exactly normal 7% of the items are under 35 and 89% are under 63. What are the mean and S.D. of the distribution?

[उत्तर : $\bar{X} = 50.3$ and $S.D. = 10.33$]

40. एक स्टील कारखाने में कार्यरत 1,000 श्रमिकों की औसत लम्बाई 67 इंच है। इसका प्रमाप विचलन, σ 5 इंच है। उस कारखाने में 72 इंच से अधिक लम्बे श्रमिकों की संख्या क्या होगी?

दिया है : 0 और 1σ के बीच क्षेत्रफल = .34134 तथा 0 और 1.5σ के बीच = .43319

The mean height of the 1,000 workers in a steel plant is 67 inches with a standard deviation of 5 inches. How many workers are expected to be above 72 inches in that plant?

Given : The area under one side of the normal curve for 1σ is .34134 and for 1.5σ is .43319.

[उत्तर : 159]

41. यदि एक प्रसामान्य वितरण में 500 छात्रों की औसत ऊंचाई 65 इंच तथा प्रमाप विचलन, σ 5 इंच हो, तो कितने छात्रों की ऊंचाई

(i) 70 इंच से अधिक होगी। (ii) 60 और 70 इंच के मध्य होगी।

If the heights of 500 students are normally distribution with mean 65 inches and standard deviation 5 inches. How many students have heights.

(i) greater than 70 inches. (ii) between 60 and 70 inches.

[उत्तर : (i) 11, (ii) 68]

42. मुम्बई म्युसिपल कॉरपोरेशन ने सड़कों पर 2,000 नये बल्ब लगाए। यदि इनके चलन की औसत आयु 1,000 घण्टे हो और σ = २०० घण्टे, तो प्रथम 700 जलने वाले घण्टों में कितने बल्ब बेकार हो जाएंगे? निम्न तालिका में सामान्य वक्र-रेखा सम्बन्धी जानकारी दी गई है:

$\frac{X-\bar{X}}{\sigma}$:	1	1.25	1.50
प्रायिकात :	0.159	0.106	0.067

The Mumbai Municipal Corporation installed 2,000 bulbs in the streets of Mumbai. If these bulbs have an average life of one thousand burning hours with a S.D. of 200 hours, what number of bulbs might be expected to fail in the first 700 burning hours? the table of the area of normal curve at selected values is as follows :

$\frac{X-\bar{X}}{\sigma}$:	1	1.25	1.50
Probability :	0.159	0.106	0.067

[उत्तर : 134]

43. यदि जवानों की औसत ऊंचाई 68.22 इंच हो तथा प्रसरण $\sigma^2 = 1.08$ इंच हो तो एक रेजीमेण्ट के 1,000 जवानों में 6 फीट से अधिक ऊंचाई होने की संभावना क्या है ?

(प्रसामान्य वितरण में 1.15 पर कोटि के दायीं ओर का क्षेत्रफल .6221 है।)

If the mean height of soldiers is 68.22 inches with a variance of 1.08 inches, how many soldiers in a regiment of 1,000 can be expected to be over 6 feet all? [In a normal distribution are to the right of an ordinate at 1.15 = 6221.]

[उत्तर : 125]

44. 10,000 व्यक्तियों के समूह की प्रति माह आय का वितरण प्रसामान्य है जिसमें माध्य 750 रु. प्रतिमाह और प्रमाप विचलन 50 रु. है। दिखाइये कि इस समूह के 95% व्यक्तियों की आय 668 रु. से अधिक तथा 5% व्यक्तियों की आय 832 रु. से अधिक होगी। सर्वाधिक धनी 100 व्यक्तियों ममें सबसे कम आय कितनी होगी ?

The income per month of a group of 10,000 persons was found to be normally distributed with mean Rs. 75 with a standard deviation of Rs. 50. Show that of this group 95% had income mean Rs. 750 with a standard deviation of Rs. 50. Show that of this group 95% had income exceeding Rs. 668 and only 5% had income exceeding Rs. 832. What was the lowest income among the richest 100?

[उत्तर : 866.5 रु.]

45. एक शहर में 1,000 लघु व्यावसायिक फर्मों के सांख्यिकीय अनुसंधान में यह पाया गया कि उनकी मासिक औसत बिक्री 8,000 रु. थी तथा प्रमाप विचलन 2,000 रु. था। यह कल्पना करते हुए कि बिक्री प्रसामान्य रूप से वितरित है, उन फर्मों की संख्या ज्ञात कीजिए :

(i) जिनकी औसत मासिक बिक्री 6,000 रु. से कम थी, तथा

(ii) जिनकी औसत मासिक बिक्री 7,000 रु. से 9,000 रु. के बीच थी।

In a statistical survey of 1,000 small business firms in a city, it was found that their monthly average sales amounted to Rs. 8,000 with a standard deviation of Rs. 2,000. Assuming that the sales are normally distributed, estimate :

(i) the number of firms whose monthly average sales were less than Rs. 6,000 and
(ii) the number of firms whose monthly average sales were between Rs. 7,000 and Rs. 9,000.

प्रसामान्य वक्र के नीचे का क्षेत्रफल
(Area Under the Normal Curve)

$Z = \frac{x-\mu}{\sigma}$:	0.1	0.5	1.0	1.5	2.0
A :	0.0398	0.1915	0.3413	0.4332	0.4772

[उत्तर : (i) 158.7, (ii) 383]

46. एक बिक्री-कर अधिकारी ने सूचित किया है कि एक वर्ष में उसको जिन 500 व्यवसायों से निपटना पड़ता है उनकी औसत बिक्री 3,60,000 रु. वार्षिक है तथा उनका प्रमाप विचलन 1,00,000 रु. है। यह मानकर कि इन व्यवसायों की बिक्री प्रसामान्य वितरण के अनुसार है, ज्ञात कीजिए :

(i) उन व्यवसायों की संख्या जिनकी बिक्री 4,00,000 रु. से अधिक है।

(ii) उन व्यवसायों की संख्या जिनकी बिक्री 30,0000 रु. से 4,00,000 रु. से अधिक होने की सम्भावना है।

NOTES

(iii) दैव रूप से चुने गये किसी व्यवसाय की बिक्री 3,00,000 रु. से अधिक होने की सम्भावना।

A Sales-tax officer has reported that the average sales of the 500 business that he has to deal a Sales-tax officer has reported that the average sales of the 500 business that he has to deal with during a year amount to Rs. 3,60,000 with a standard deviation of Rs. 1,00,000. Assuming that the sales in these business are normally distributed, find :

(i) the number of business the sales of which are over Rs. 4,00,000.

(ii) The percentage of business the sales of which are over Rs. 4,00,000.

(iii) The probability that the sales of business selected at random will be over Rs, 3,00,000.

$\frac{x-\mu}{\sigma}$:	0.25	0.40	0.50	0.60
A :	0.0987	0.1554	0.1915	0.2257

[उत्तर : (i) 158.7, (ii) 383]

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

अध्याय-3 निदर्शन के सिद्धान्त एवं सार्थकता परीक्षण
(THEORY OF SAMPLING AND TEST OF SIGNIFICATION)

इकाई की रूपरेखा

3.0 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप इस योग्य हो सकेंगे कि-

1. निदर्शन एवं समग्र प्रणाली के अर्थ को समझ सकेंगे।
2. निदर्शन चुनने की विभिन्न पद्धतियों का ज्ञान होगा।
3. छोटे न्यादर्श की सार्थकता की जाँच कर सकेंगे।

3.1 प्रस्तावना

किसी विषय के सम्बन्ध में दो प्रकार से अनुसंधान किया जा सकता है-

(1) समग्र या संगणना प्रणाली (Census Method)

(2) निदर्शन या न्यादर्श प्रणाली (Sample Method)

दोनों प्रणालियों का विस्तृत विवेचन करने से पूर्व यह बतला देना उपयुक्त होगा कि सांख्यिकी में समस्त अनुसंधान के क्षेत्र को समग्र (Population or Universe) कहते हैं। किसी भी समग्र का अनुसंधान करने के लिये या तो समग्र के प्रत्येक मद (item) के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त की जाती है जिसे संगणना प्रणाली कहते हैं या समग्र के सभी मदों में से किसी पद्धति (जिसका विवेचन किया जायेगा) से प्रतिनिधि मद चुन लिये जाते हैं जिसे निदर्शन या न्यादर्श प्रणाली कहते हैं। अब हम दोनों प्रणालियों का विस्तृत विवेचन करेंगे-

3.2 समग्र या संगणना प्रणाली (Census Method)

ऊपर बताया जा चुका है कि जब अनुसंधान के विषय में सम्बन्धित समग्र (Universe) की प्रत्येक इकाई की जाँच की जाए तो यह समग्र या संगणना अनुसंधान कहलाता है। इस प्रणाली में अनुसंधानकर्ता द्वारा सामग्री संकलन के समय समस्त समूह की जाँच की जाती है और सभी इकाईयों का सविस्तार अध्ययन किया जाता है। इस प्रकार के अनुसंधान की आवश्यकता उस समय पड़ती है जब किसी विषय के सम्बन्ध में गहन अध्ययन करना अथवा उच्चस्तरीय शुद्धता एवं विश्वसनीयता प्राप्त करना हो। इस प्रणाली का उपयोग विशेषतः जनगणना, उत्पादन तथा आयात-निर्यात, आदि की गणना के लिए किया जाता है। यदि हम किसी महाविद्यालय के सभी विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति का सर्वेक्षण करने के लिए सभी के आय-व्यय की जाँच करें तो यह समग्र तथा संगणना अनुसंधान ही कहलाता है। इस प्रकार का अनुसंधान शासन अथवा ऐसी संस्था ही कर सकती है जिसकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो। अधिकांशतः निदर्शन प्रणाली (Sample Method) का ही प्रयोग किया जाता है।

संक्षेप में हम उन परिस्थितियों का वर्णन करना भी उचित समझते हैं जिनमें यह प्रणाली उपयुक्त है और उसका प्रयोग करना सर्वथा अनुकूल है। इन परिस्थितियों को इस प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है-

(1) **अनुसंधान का सीमित क्षेत्र** (Limited field of Investigation)- यह प्रणाली अनुसंधान का क्षेत्र सीमित होने पर उपयोग में लाई जा सकती है। यदि क्षेत्र विस्तृत हो तो इस प्रणाली का उपयोग करने से अनुसंधान में काफी धन, समय और व्यक्तियों की आवश्यकता पड़ेगी।

(2) **अनुसंधान की कम परिवर्तनशील प्रकृति** (Less Dynamic Nature and Investigation)- इस प्रणाली का उपयोग करते समय इस बात पर विचार कर लेना भी उचित होगा कि हम जिस समस्या के विषय में अनुसंधान करना चाहते हैं उससे संबंधित आँकड़ों की प्रकृति परिवर्तनशील तो नहीं है। यदि ऐसा है तो आँकड़ों में परिवर्तन के बाद संकलित आँकड़ों का कोई महत्व शेष नहीं रहेगा और संकलन में किया गया व्यय व्यर्थ हो जायेगा।

(3) **गहन अध्ययन की आवश्यकता** (Need of Intensive Study)- इस प्रणाली का उपयोग उन परिस्थितियों में भी किया जा सकता है जबकि हम अनुसंधान के विषय के संबंध में गहन अध्ययन करना चाहते हों।

(4) **शुद्धता एवं विश्वसनीयता** (Accuracy and Reliability)- ऐसी परिस्थिति में भी यह प्रणाली आवश्यक हो जाती है। जब हम अपने अनुसंधान के निष्कर्षों में अधिक से अधिक शुद्धता और विश्वसनीयता प्राप्त करना चाहते हैं। यदि हमें यह संदेह है कि लेशमात्र भी ढिलाई के कारण अनुसंधान का उद्देश्य व्यर्थ हो जायेगा तो हमें इसी प्रणाली को अपनाना चाहिए।

समग्र प्रणाली के लाभ (Merits of Census Method)- प्रणाली जैसा कि ऊपर बतलाया गया है, कुछ परिस्थितियों में आवश्यकता होती हैं। फिर भी इस प्रणाली के अपने गुण-दोष हैं। हम पहले इसके गुणों का वर्णन करेंगे:-

(1) समग्र के प्रत्येक मद से सूचना प्राप्त करने के कारण निकाले गये निष्कर्षों में अधिक शुद्धता एवं यथार्थता रहती है।

(2) प्रत्येक क्षेत्र की प्रत्येक इकाई के विषय में विस्तृत सूचना प्राप्त हो जाती है। इस सूचना का उपयोग बाद में कई अन्य समस्याओं का अध्ययन करने में किया जा सकता है।

(3) इस प्रणाली के कारण विषय का गहन अध्ययन हो जाता है और अनुसंधानकर्ता को उस विषय के बारे में पूर्ण ज्ञान हो जाता है। इस प्रणाली के द्वारा ऐसी बारीक बातों का भी पता चल जाता है जो अन्यथा ध्यान में न आयें।

(4) यह प्रणाली ऐसी समस्याओं के अध्ययन के लिए भी उपयोगी है जिनका अध्ययन प्रत्यक्ष रूप से सांख्यिकी के अन्तर्गत नहीं हो सकता है, जैसे दरिद्रता, बेकारी, ईमानदारी आदि।

(5) जहाँ इकाइयाँ एक दूसरे से काफी भिन्न हों और न्यादर्श प्रणाली द्वारा सफलतापूर्वक अनुसंधान करना कठिन हो वहाँ इस प्रणाली का उपयोग लाभप्रद रहता है।

समग्र प्रणाली के दोष (Demerits of Census Method)- इस प्रणाली का उपयोग व्यापक क्षेत्र में विस्तृत रूप से किया जाता है अतः इसमें कई कठिनाइयाँ एवं बाधायें उपस्थित हो जाती हैं-

इस प्रणाली में अधिक धन, अधिक समय, अधिक गणक और अधिक शक्ति (energy) लगानी पड़ती है जिससे यह बहुत असुविधाजनक हो जाती है।

(2) इस प्रणाली के प्रयोग में व्यवस्था सम्बन्धी कठिनाइयाँ भी बहुत बढ़ जाती हैं। इसके लिए अलग से पूरा एक बड़ा विभाग बनाना पड़ता है। यह सरकार अथवा एक बड़ी संस्था के लिए ही सम्भव है।

(3) समग्र अनुसंधान द्वारा निकाले गये निष्कर्षों और न्यादर्श प्रणाली द्वारा निकाले गये निष्कर्षों में प्रायः विशेष अन्तर नहीं पड़ता है फिर क्यों अनावश्यक रूप से इस प्रणाली का उपयोग किया जाये।

3.3 निदर्शन अथवा न्यादर्श प्रणाली (Sample Method)

ऊपर हमने समग्र अनुसंधान के गुण-दोषों का विवेचन किया है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि इस प्रकार का अनुसंधान व्यक्ति विशेष की सामर्थ्य से बाहर होता है। व्यक्ति विशेष ही नहीं, वे संस्थायें भी इस प्रणाली को नहीं अपना सकती हैं जिनके आर्थिक साधन सीमित होते हैं। इस कारण ही अधिकांशतः निदर्शन अथवा न्यादर्श प्रणाली के द्वारा अनुसंधान किए जाते हैं। इस प्रणाली में समग्र का अध्ययन नहीं किया जाता है। केवल समग्र (Universe) में से कुछ पद (Units) अथवा इकाइयाँ चुन ली जाती हैं जो समग्र का प्रतिनिधित्व करती हों। इनका अध्ययन कर सामग्री का संकलन किया जाता है। इसे ही निदर्शन अनुसंधान कहते हैं। उदाहरण के लिए एक महाविद्यालय में 500 विद्यार्थी हैं। हमें उनका आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण करना है। यदि इस सर्वेक्षण में सभी से जानकारी प्राप्त कर हम अपना निष्कर्ष निकालें तो यह समग्र अनुसंधान कहलायेगा। यदि इन 500 विद्यार्थियों में से केवल 50 विद्यार्थी चुन लिए जायें और उनसे ही जानकारी प्राप्त कर इसके आधार पर अपने निष्कर्ष निकाल लिए जायें तो यह निदर्शन अनुसंधान कहलायेगा। दोनों पद्धतियों द्वारा जो परिणाम अथवा निष्कर्ष निकलेंगे वे लगभग एक से ही होंगे। इसलिये सदैव समग्र-प्रणाली को हर परिस्थिति में अपनाने से कोई विशेष प्रयोजन हल नहीं होता है और अनावश्यक रूप से धन, समय व शक्ति का व्यय होता है और मानव ज्ञान का भी बहुत धीमी गति से विकास होता है। इस प्रणाली के महत्व को प्रसिद्ध सांख्यिक स्नेडेकोर के शब्दों में इस प्रकार व्यक्ति किया जा सकता है- "केवल कुछ पौंड कोयले जाँच के आधार पर एक गाड़ी कोयला स्वीकृत या अस्वीकृत कर दिया जाता है। केवल एक बूँद खून की जाँच करके एक रोगी के खून के विषय में चिकित्सक निष्कर्ष निकालता है। न्यादर्श ऐसी युक्तियाँ (devices) हैं जिनके द्वारा केवल कुछ इकाइयों का निरीक्षण करके बड़ी मात्राओं के विषय में जाना जाता है।"

यहाँ यह बतला देना उपयुक्त होगा कि इस प्रकार के अनुसंधान में प्रतिनिधि इकाई का चुनाव एक महत्वपूर्ण कार्य है। यदि चुनी गई इकाइयाँ या पद समग्र का प्रतिनिधित्व करते हैं तो उनसे निकाले गए निष्कर्ष सही होंगे, अन्यथा गलत। अतः चुनी गई इकाइगों (निदर्शन) में निम्न गुण होने चाहिए-

(1) निदर्शन (Samples) ऐसे होने चाहिए जो समग्र का पूर्णरूपेण प्रतिनिधित्व करते हों।

(2) निदर्शन की संख्या अधिक होनी चाहिए जिससे निष्कर्ष अधिक सही निकलेंगे। किन्तु यह भी स्पष्ट है कि निदर्शन की संख्या जितनी अधिक होगी उतना ही धन, समय व श्रम अधिक लगेगा और कम संख्या होने की दशा में निष्कर्ष कम सही होंगे। अतः मध्य मार्ग ही उत्तम होगा कि निदर्शन की संख्या न बहुत अधिक हो और न बहुत कम।

निदर्शन का आधार (Basis of Sampling)

संगणना प्रणाली के स्थान पर निदर्शन प्रणाली का प्रयोग करने के लिए क्या आधार है? निदर्शन का आधार समग्र (Universe) की इकाइयों में पाई जाने वाली एकरूपता है। सभी इकाइयाँ एक दूसरे से सभी बातों में मिलती-जुलती हों, ऐसा तो प्रायः असम्भव ही होता है। किन्तु इकाइयों में बाह्य भिन्नता होते हुए भी कुछ गुण ऐसे होते हैं जो सभी में समान रूप से पाये जाते हैं। बाह्य रूप से प्रत्येक श्रमिक एक दूसरे से भिन्न होता है। चतुरता, स्वास्थ्य, चरित्र, कार्य-क्षमता तथा मानसिक प्रवृत्तियों में एक श्रमिक और दूसरे श्रमिक में बड़ा अन्तर होता है। किन्तु उनमें कुछ बातों में समानता भी होती है जो सभी स्थानों के श्रमिकों पर उन परिस्थितियों में लागू होती है। जैसे अहमदाबाद के वस्त्र-उद्योग में लगे हुए 10% श्रमिकों का अनुसंधान किया गया, जिससे यह पता लगा कि उनमें से 20% श्रमिक मद्यपान करते हैं। यदि सभी श्रमिकों का अनुसंधान भी किया जाये तो भी मद्यपान करने वालों का प्रतिशत लगभग इतना ही निकलेगा। स्पष्ट है कि जो बात निदर्शन के विषय में सत्य है, वह समग्र के विषय में भी सत्य होगी।

NOTES

निदर्शन प्रणाली की आवश्यकता

वैसे तो उपरोक्त वर्णन से यह स्पष्ट हो ही जाता है कि इस प्रणाली के उपयोग की आवश्यकता कब और क्यों पड़ती है। फिर भी हम इस प्रणाली की आवश्यकता के कारणों का संक्षेप में नीचे वर्णन करते हैं-

(1) कभी-कभी एकमात्र यही प्रणाली सम्भव होती है। संगणना प्रणाली का उपयोग हो ही नहीं सकता है। दो परिस्थितियों के उत्पन्न होने से ऐसा हो सकता है। प्रथम, समग्र असीमित हो जैसे किसी औद्योगिक पदार्थ का उत्पादन। उत्पादन की कोई सीमा नहीं है, अतः उसकी किस्म की जाँच संगणना प्रणाली से नहीं हो सकती है। द्वितीय, ऐसा सम्भव है कि किस्म अथवा टिकाऊपन की जाँच करते समय वस्तु स्वयं नष्ट हो जाये। ऐसी परिस्थिति में संगणना प्रणाली द्वारा जाँच करने पर सभी वस्तुएँ नष्ट हो जायेंगी। अतः निदर्शन प्रणाली ही एकमात्र प्रणाली होती है जिसका उपयोग किया जाता है। इसी प्रकार यदि हमें किसी डिब्बे के घी की जाँच करनी है तो निदर्शन प्रणाली अपनाकर नमूने के तौर उसकी जाँच करनी होगी, अन्यथा सभी घी जाँच ही में समाप्त हो जाएगा।

(2) सामान्यतः यही प्रणाली व्यावहारिक होती है। यदि समग्र का क्षेत्र बहुत बड़ा हो तो संगणना प्रणाली के उपयोग में धन, समय तथा शक्ति बहुत व्यय होंगे। जैसे एक ब्लेड बनाने वाली कम्पनी अपने ब्लेड के सम्बन्ध में लोगों की राय जानने के लिए ब्लेड का उपयोग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति से सम्पर्क स्थापित नहीं कर सकती क्योंकि उनकी संख्या भी अधिक होगी और वे काफी दूर-दूर रहते होंगे। ऐसी परिस्थिति में निदर्शन प्रणाली ही सर्वोत्तम रहती है।

(3) इस प्रणाली से प्राप्त होने वाले निष्कर्ष प्रायः संगणना प्रणाली के निष्कर्षों के समान ही ठीक होते हैं। फिर यही प्रणाली क्यों नहीं अपनाई जाये। प्रो. नीस्वैंगर के अनुसार, "वास्तव में निदर्शन के लिए निकाली गई अपेक्षाकृत थोड़ी सी इकाइयाँ अधिक शुद्धता से संकलित की जा सकती हैं तथा समग्र की पूर्ण संगणना की अपेक्षा अधिक उत्तम फल प्रदान कर सकती हैं।"

(4) ऐसी परिस्थितियाँ भी कभी-कभी उत्पन्न हो जाती हैं जबकि सम्पूर्ण सामग्री का मिलना असम्भव हो जाता है तब निदर्शन प्रणाली ही अपनानी पड़ती है। किसी गोदाम में आग लगने से सब रुई की गाठें जल गई और केवल पाँच गाँठें शेष रहीं तो निदर्शन प्रणाली के आधार पर ही रिपोर्ट बीमा कम्पनी को देनी होगी।

(5) जब वस्तुओं की प्रकृति शीघ्र बदलने वाली हो तब संगणना प्रणाली के प्रयोग के कारण अधिक समय लगने से निष्कर्ष असंतोषजनक रहेगा और ऐसी परिस्थिति में निदर्शन प्रणाली का प्रयोग ही उत्तम रहता है।

अन्त में निदर्शन प्रणाली की आवश्यकता को **प्रो. नीस्वैंगर** के शब्दों में इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है-

"निदर्शन प्रणाली का उपयोग आर्थिक व व्यापारिक अनुसंधान में विस्तृत रूप से होता है क्योंकि सामूहिक समंकों के अध्ययन में कभी-कभी यह एकमात्र सम्भव प्रणाली, प्रायः सबसे अधिक व्यावहारिक और साधारणतया सबसे उत्तम प्रणाली होती है।"

3.4 निदर्शन चुनने की पद्धतियाँ (Methods of Selecting Samples)

निदर्शन चुनने की निम्नलिखित पद्धतियाँ प्रचलित हैं-

(1) विस्तृत या व्यापक निदर्शन (Extensive Sampling)

(2) सविचार निदर्शन (Deliberate, Intentional, Purposive, Conscious or Representative Sampling)

(3) दैव प्रवरण या आकस्मिक निदर्शन (Random Sampling or Chance Selection)-

- i लॉटरी पद्धति (Lottery System)
- ii ढोल घुमाकर (Rotating the Drum)
- iii आँख बन्द करके चुनना (Blind fold Selection)
- iv 'स' वाँ नम्बर या नियमानुसार दैव निदर्शन (n^{th} number or Systematic random sampling)
- v पदों को किसी रीति से सजाकर (Arrangement of items in some order)

vi टिपेट की संख्याओं द्वारा (Tippet's tables)

(4) मिश्रित या स्तरित निदर्शन (Mixed or Stratified Sampling)

(5) बहुस्तरीय निदर्शन (Multi-stage sampling)

(6) अन्य निदर्शन प्रणालियाँ (Other Sampling methods)

i बहुचरण निदर्शन प्रणाली (Multi-phase Sampling)

ii अभ्यंश निदर्शन (Quota Sampling)

iii अनुक्रमिक निदर्शन (Sequential Sampling)

iv सुविधानुसार निदर्शन (Convenience Sampling)

v संतुलित निदर्शन प्रणाली (Balanced Sampling)

vi अजातीय पद समूह निदर्शन (Cluster Sampling)

अब हम उपरोक्त पद्धतियों का अलग-अलग विवेचन करेंगे:-

(1) विस्तृत या व्यापक निदर्शन (Extensive Sampling)

संगणना प्रणाली के समान ही विस्तृत निदर्शन की प्रणाली होती है। इस निदर्शन में न्यादर्श अधिक मात्रा में लिया जाता है। कभी-कभी तो सभी उपलब्ध इकाइयों का अध्ययन इसके अन्तर्गत किया जाता है। इसलिए यदि कहा जाये तो अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विस्तृत निदर्शन संगणना प्रणाली का ही एक रूप है। फिर भी दोनों में अन्तर है, यद्यपि यह अन्तर विशेष महत्वपूर्ण नहीं है। संगणना प्रणाली में प्रत्येक पद का निश्चित रूप से अध्ययन किया जाता है। इसके प्रतिकूल विस्तृत निदर्शन में केवल उन समस्त पदों का अध्ययन किया जाता है जो सुगमता से उपलब्ध हो जाते हैं।

इस पद्धति के गुण (Merits)- (1) संगणना प्रणाली की अपेक्षा यह प्रणाली सुगम होती है। जो पद सुगमता से प्राप्त हो जाते हैं, उन्हें अध्ययन में सम्मिलित कर लिया जाता है और जिनकी प्राप्ति दुर्लभ अथवा कठिन होती है, उन्हें छोड़ दिया जाता है।

(2) इस प्रणाली द्वारा किया गया अनुसंधान विश्वसनीय होता है क्योंकि इसमें भी संगणना प्रणाली की भाँति ही प्रायः सभी पदों की जाँच की जाती है।

(3) इसके द्वारा विषय का गहन अध्ययन सम्भव होता है तथा परिणाम बहुत अंशों तक शुद्ध होते हैं।

दोष (Demerits)- (1) संगणना प्रणाली की भाँति ही इस प्रणाली द्वारा अनुसंधान में बहुत अधिक धन, समय तथा परिश्रम की आवश्यकता होती है। अतः इस प्रणाली का उपयोग भी सीमित रूप से ही हो सकता है।

(2) ऐसी परिस्थिति में इस प्रणाली का उपयोग दोषपूर्ण हो जाता है जबकि अनुसंधानकर्ता पक्षपातपूर्ण नीति का अनुकरण कर रहा हो। इस बात का न्यादर्श पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और अनुसंधान के सच्चे लक्ष्य की प्राप्ति में बाधा उपस्थित हो जाती है।

(3) सुगमता से उपलब्ध पदों को ही लेने के कारण यह भय रहता है कि सम्भवतः अधिक महत्वपूर्ण पदों की जाँच न हो पाये जिनको प्राप्त करना कठिन है। इसके कारण निष्कर्ष अशुद्ध होने का भय रहता है।

(2) सविचार निदर्शन
(Deliberate, Intentional, Purposive, Conscious or Representative Sampling)

जैसा कि इस प्रणाली के नाम से ही स्पष्ट होता है, इसमें अनुसंधानकर्ता न्यादर्श का चुनाव विचारपूर्वक करता है। वह चुनाव करते समय इस बात का प्रयत्न करता है कि सम्पूर्ण की सब विशेषतायें न्यादर्श में आ जायें। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु वह अपने न्यादर्श में ऐसे पदों को सम्मिलित करता है जो समग्र की सभी विशेषताओं को प्रकट करने वाले हों। ऐसे पदों के चुनाव में सामान्यतः कोई प्रमाप निश्चित कर लिया जाता है। उदाहरण के लिए, यदि आर्थिक पर्यवेक्षण के लिए मध्यप्रदेश के गाँवों का एक न्यादर्श चुनना हो तो केवल औसत श्रेणी के गाँव चुने जायेंगे। अधिक उन्नतिशील अथवा पिछड़े हुए गाँवों को छोड़ दिया जायेगा।

इस प्रणाली का उपयोग उस अनुसंधान में किया जाता है, जिसमें कुछ इकाइयाँ इतनी महत्वपूर्ण होती हैं कि उनका सम्मिलित करना अनिवार्य रहता है। जैसे भारतवर्ष में लौह-इस्पात उद्योग का पर्यवेक्षण टाटा आयरन एण्ड स्टील

कम्पनी को सम्मिलित किए बिना अधूरा ही रह जायेगा। इस प्रणाली की सफलता बहुत कुछ अनुसंधानकर्ता की ईमानदारी, निष्पक्षता एवं ज्ञान पर आधारित है।

इस प्रकार सविचार निदर्शन की तीन मुख्य प्रणालियाँ होती हैं जिनका उल्लेख इस प्रकार किया जा सकता है-

(1) **औसत गुण की इकाइयों का चुनाव** (Selection of the unit of average quality)- जैसा कि ऊपर बतलाया गया है केवल औसत गुण वाली इकाइयों का चुनाव के आधार पर निष्कर्ष निकाले जा सकते हैं। इस प्रकार के चुनाव से निकाले हुए निष्कर्षों से समग्र को प्रकट किया जा सकता है। यदि अधिक पिछड़ी हुई इकाइयों को छोड़ दिया जाये तो बहुमत पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

(2) **उद्देश्यानुसार सविचार न्यादर्श का चुनाव** (Intentional selection according to the object)- उद्देश्य के अनुसार जान-बूझ कर न्यादर्श का इस प्रकार चुनाव किया जाता है ताकि कोई महत्वपूर्ण इकाई न छूटने पावे।

(3) **आनुपातिक चुनाव** (Proportional Selection)- इसके अनुसार प्रत्येक समूह को उसी अनुपात में न्यादर्श में सम्मिलित किया जाता है जिस अनुपात में वे अनुसंधान के क्षेत्र में होते हैं। इस प्रणाली में अनुसंधानकर्ता की भावना का चुनाव पर अधिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए इस प्रकार के निकाले गए निष्कर्ष विश्वसनीय नहीं माने जा सकते हैं। उदाहरणार्थ एक साम्यवादी विचारधारा वाला अनुसंधानकर्ता ऐसे श्रमिकों की मजदूरी को प्रतिनिधि चुनेगा जिनको न्यूनतम मजदूरी मिलती हो। इसके बिल्कुल विपरीत पूँजीपति अनुसंधानकर्ता उन मजदूरों का चुना करेगा जिसकी अधिकाधिक मजदूरी होगी। इस प्रकार दोनों द्वारा एकत्रित तथ्य दोषपूर्ण होंगे। पहले के अनुसार औसत मजदूरी बहुत कम और दूसरे के अनुसार बहुत अधिक सिद्ध होगी।

पद्धति के गुण (Merits)- (1) यह पद्धति सरल है।

(2) यदि योजना ठीक ढंग से बना ली जाती है और प्रमाप निश्चित कर लिया जाता है तो न्यादर्श का चुनाव (Selection of Sample) ठीक होने की सम्भावना रहती है, और न्यादर्श का चुनाव ठीक होता है तो निष्कर्ष भी विश्वसनीय होते हैं।

(3) इस पद्धति का उपयोग उस अनुसंधान के लिए तो आवश्यक ही है जहाँ कुछ इकाइयाँ इतनी अधिक महत्वपूर्ण हों कि उन्हें न्यादर्श में सम्मिलित करना अनिवार्य ही हो- जैसा कि ऊपर एक उदाहरण में बतलाया गया है कि लौह-इस्पात उद्योग का अनुसंधान टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी को न्यादर्श के रूप में लिये बिना उपयोगी ही नहीं होगा।

पद्धति के दोष (Demerits)- ऊपर हमने सविचार निदर्शन के गुणों की व्याख्या की है किन्तु उस पद्धति में कुछ दोष भी हैं जिनका उल्लेख हम इस प्रकार कर सकते हैं-

(1) इस पद्धति की सफलता न्यादर्श के चुनावकर्ता की ईमानदारी, पक्षपात विहीनता तथा ज्ञान पर निर्भर करती है। चुनाव करने वाले की पूर्व विचारधारा या धारणा का प्रभाव न्यादर्श के चुनाव पर अवश्य पड़ता है जो निष्कर्ष को अशुद्ध बना देता है।

(2) जैसा कि बतलाया गया है कि न्यादर्श के चुनावकर्ता में उचित ज्ञान का होना आवश्यक है ताकि वह समग्र के प्रत्येक अंग की विशेषता को ठीक प्रकार समझ सके। अतः इस पद्धति का प्रयोग सीमित हो जाता है।

(3) दैव प्रवरण या आकस्मिक निदर्शन (Random Sampling or Chance Selection)

इस पद्धति में सविचार पद्धति के विपरीत अनायास ही कुछ इकाइयाँ चुन ली जाती हैं। चुनावकर्ता इसके लिये अपनी बुद्धि का उपयोग नहीं करता है कि कौनसी इकाइयों का चुनाव किया जाये। चुनाव का कार्य संयोग पर छोड़ दिया जाता है। कोई भी इकाई चुनाव में आ सकती है। इस प्रकार प्रत्येक इकाई के चुने जाने का समान अवसर रहता है। उदाहरणार्थ, यदि हम मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्र का पर्यवेक्षण करना चाहते हैं तो इस पद्धति द्वारा आकस्मिक रूप से कुछ गाँव चुन लिये जायेंगे। यह असम्भव है कि इस प्रकार चुनाव करने से सभी आदिवासी क्षेत्र के प्रगतिशील या पिछड़े हुये गाँव की इकाइयों का समावेश हमारे चुनाव में हो जाये किन्तु ऐसी परिस्थिति प्रायः नहीं होती है। देखा यह गया है कि जब चुनाव इस आधार पर होता है तथा चुनावकर्ता अपनी बुद्धि का उपयोग नहीं करता है तो, अच्छी, बुरी तथा सामान्य सभी प्रकार की इकाइयाँ उसमें आ जाती हैं तथा न्यादर्श समग्र का पूर्णरूपेण प्रतिनिधित्व कर सकता है।

इस पद्धति द्वारा चुनाव करने की कई विधियाँ हैं जिनका संक्षेप में उल्लेख इस प्रकार किया जा सकता है-

(1) **लॉटरी पद्धति** (Lottery System)- इस पद्धति में समस्त इकाइयों के नाम अथवा क्रम-संख्या अलग-अलग कागजों पर लिख लिए जाते हैं और उन्हें एक स्थान पर रख दिया जाता है या एक बॉक्स में डाल दिया जाता है और उनमें से कुछ उठा लेते हैं या निकाल लेते हैं।

(2) **ढोल घुमाकर** (Rotating the Drum)- एक ढोल में एक सी आकार की लकड़ी या अन्य धातु के टुकड़े रखे जाते हैं जिन पर अलग-अलग संख्याएँ लिखी जाती हैं। ढोल को हाथ से या बिजली की शक्ति से घुमाया जाता है ताकि सब टुकड़े ऊपर-नीचे (Randomise) हो जायें। तदुपरान्त किसी भी व्यक्ति द्वारा या मशीन की सहायता से एक-एक टुकड़ा निकाला जाता है जिस पर अंकित संख्या को देख लिया जाता है। इस प्रकार न्यादर्श में जितने मदों की आवश्यकता होती है, उतने ही टुकड़े निकालकर उनकी अंकित संख्या लिख दी जाती है। उन सब संख्या वाले मदों का एक न्यादर्श बन जाता है। भारत सरकार द्वारा निर्गमित इनामी बॉण्डों के त्रैमासिक इनाम मालूम करने के लिये लगभग यही पद्धति काम में लाई जाती थी।

(3) **आँख बंद करके चुनना** (Blind fold selection)- इस पद्धति में चुनावकर्त्ता विभिन्न मदों के लिये अंकित संख्याओं में आँख बंद करके कुछ को उठा लेता है और वे ही संख्यायें न्यादर्श में सम्मिलित की जाती हैं। इस पद्धति का प्रयोग एक अन्य प्रकार से भी हो सकता है। सामने दीवार पर एक बहुत बड़ा चौकोर नक्शा होता है जिस पर एक से लेकर 100, 200, 500 या 1000, तक समान लम्बाई-चौड़ाई के खाने (Square) या वृत्त (Circles) बने होते हैं। उन पर बिना किसी क्रम के संख्यायें लिखी जाती हैं। किसी निश्चित दूरी से कोई भी व्यक्ति उस कागज पर (नक्शे पर) आँख बन्द करके या आँख पर पट्टी बाँध कर तीर फेंकता है। तीर जिस संख्या पर जाकर लगता है उसी संख्या को नोट कर लिया जाता है। इस प्रकार न्यादर्श में जितने मदों की आवश्यकता हो उतनी ही बार तीर मार कर संख्यायें नोट कर ली जाती हैं। इन सब संख्याओं वाले मदों का एक न्यादर्श बन जाता है। यदि कोई तीर दो संख्याओं के बीच या एक ही संख्या पर एक से अधिक बार गिरे तो उसे रद्द कर दिया जाता है और उसके लिये तीर फिर से फेंकना पड़ता है।

(4) **'स' वाँ नम्बर या नियमानुसार दैव निदर्शन** (nth Number or systematic Random Sampling)- समग्र के समस्त मदों को किसी भी क्रम में- भौगोलिक (geographical), वर्णनात्मक (alphabertical) या संख्यात्मक (numerical) जमा दिया जाता है। फिर 'स' वाँ (nth) नम्बर मालूम कर लिये जाते हैं। जैसे हम स = 10 मानते हैं तो दस-दस के अन्तर से नम्बर नोट कर लिये जाते हैं। यदि हम आरम्भ में तीसरे नम्बर से आरम्भ करते हैं तो दस-दास के अन्तर पर तेरहवाँ, तेईसवाँ, तैंतीसवाँ, आदि नम्बर नोट कर लिये जाते हैं। इस प्रकार से मदों की संख्या ज्ञात करके न्यादर्श बना लिया जाता है। इस पद्धति को व्यवस्थित दैवनिदर्शन भी कहते हैं। इस पद्धति में दैव निदर्शन की अपेक्षा व्यक्तिगत नियंत्रण की मात्रा अधिक रहती है। प्रो. नोस्वैंगर के अनुसार "व्यवस्थित दैव निदर्शन में सूची की इकाइयों के क्रम पर नियंत्रण के साथ-साथ अनायास चुनाव का फल प्राप्त होता है जिससे इकाइयों का प्रादेशिक विभाजन प्राप्त हो सकता है जो कि अनियंत्रित दैव निदर्शन में सम्भव नहीं रहता।" इस पद्धति का उपयोग उस समय उचित नहीं रहता है जब इकाइयों के मूल्य में एक निश्चित गति के अनुसार परिवर्तन होता है।

(5) **पदों को किसी रीति से सजाकर** (Arrangement of items in some order)- यह पद्धति उपरोक्त पद्धति से ही मिलती-जुलती है। इसमें पहले पदों को किसी ढंग से सजा लेते हैं और उनमें से आकस्मिक ढंग से कुछ पदों को चुन लेते हैं।

(6) **टिपेट की संख्याओं द्वारा** (Tippet's Tables)- टिपेट प्रसिद्ध सांख्यिक हुये हैं। इन्होंने 41,600 इकाइयों के चार-चार अंकों की 10,400 संख्याओं की एक सारणी (table) तैयार की है। इस सारणी की सहायता से न्यादर्श का चुनना सरल होता है। सबसे पूर्व सभी पदों के लिये संख्यायें निश्चित कर लेते हैं और फिर बाद में सारणी की सहायता से किन्हीं 10, 20 या 50 या अन्य संख्याओं को चुन लेते हैं। ये संख्यायें जिन पदों को प्रकट करती हैं उन्हें न्यादर्श में सम्मिलित कर लिया जाता है। बड़े-बड़े सर्वेक्षणों में टिपेट की सारणी का ही प्रयोग किया जाता है।

दैव निदर्शन प्रणाली के गुण (Merits)- (1) इस पद्धति से चुनाव करने में चुनावकर्त्ता की इच्छा का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इसलिये पक्षपात की गुंजाइश नहीं रहती है। सभी पदों के चुने जाने का समान अवसर रहता है।

(2) चुनावकर्त्ता को कोई बुद्धि नहीं लगानी पड़ती है। वह अनायास चुनाव करता है।

(3) निदर्शन-भूल आसानी से ज्ञात की जा सकती है क्योंकि यह पद्धति सम्भाविता सिद्धान्त (Theory of Probability) पर ही आधारित है।

(4) चुनाव के लिये किसी विस्तृत योजना के बनाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है।

(5) इस पद्धति द्वारा धन, श्रम व समय भी अधिक नहीं लगता है।

(6) इस पद्धति में न्यादर्श की शुद्धता की जाँच अन्य न्यादर्श लेकर भी की जा सकती है।

दोष (Demerits)- (1) इस पद्धति के अपनाने से कभी-कभी ऐसे पदों का चुनाव हो जाता है जो समग्र का बिल्कुल ही प्रतिनिधित्व नहीं करते।

(2) इस पद्धति का उपयोग उस अनुसंधान के लिये नहीं किया जा सकता जहाँ कुछ इकाइयाँ इतनी महत्वपूर्ण हों कि उन्हें न्यादर्श में सम्मिलित करना आवश्यक हो।

इन दोषों को देखते हुये दैव निदर्शन पद्धति का प्रयोग तभी सम्भव है जबकि चुनावकर्त्ता में पक्षपात की भावना तनिक भी न हो तथा प्रत्येक पद या अंश को चुनाव में आ जाने का समान अवसर प्राप्त हो।

(4) मिश्रित या स्तरित निदर्शन (Mixed or Stratified Sampling)

मिश्रित निदर्शन जिसे स्तरित निदर्शन प्रणाली भी कहते हैं, का प्रयोग- सविचार निदर्शन और दैव निदर्शन प्रणाली दोनों के लाभों को एक साथ प्राप्त करने के लिये किया जाता है। इस प्रणाली में सविचार तथा दैव निदर्शन दोनों ही प्रणालियों के दोष दूर हो जाते हैं।

प्राय: समग्र में विभिन्नता अधिक होने के कारण एक साथ समग्र एकत्रित करना कठिन होता है। ऐसी दशा में समग्र को सर्वप्रथम कई भागों में बाँट दिया जाता है। यह बंटवारा या विभाजन इस प्रकार किया जाता है कि प्रत्येक भाग में एक ही प्रकार के लक्षण वाले समंक प्राप्त हो सकें। इसके उपरान्त प्रत्येक भाग में से दैव निदर्शन प्रणाली द्वारा समंकों को एकत्रित कर लिया जाता है। इस प्रकार सभी लक्षणों वाले सब भागों के प्रतिनिधि अंक प्राप्त कर लिये जाते हैं। इसे उदाहरण द्वारा इस प्रकार स्पष्ट किया जा सकता है- यदि हम किसी कक्षा के विद्यार्थियों के विषय में कोई जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम हम विद्यार्थियों को कई भागों में विभागों के अनुसार बाँट देंगे जैसे विज्ञान, वाणिज्य कला, शिक्षण, विधि, इत्यादि। इसके उपरान्त प्रत्येक विभाग से एक निश्चित मात्रा में दैव निदर्शन पद्धति द्वारा इकाइयों का चुनाव कर लेंगे। यदि भिन्न-भिन्न विभागों में विद्यार्थियों की संख्या में काफी अन्तर होगा तो चुनी जाने वाली इकाइयों की संख्या भी उसी अनुपात में कम या ज्यादा कर ली जायेगी।

यह पद्धति दैव निदर्शन तथा सविचार निदर्शन पद्धतियों की तुलना में अधिक उत्तम है क्योंकि इसमें इन दोनों के गुणों का समावेश है। क्राक्सटन तथा काउडेन के कथनानुसार, "मिश्रित प्रणाली में विभागों या वर्गों की उपस्थिति की मान्यता न्यादर्श (Sample) के चुनाव में और अधिक नियंत्रण उपस्थित करती है तथा हमें प्रतिनिधित्व का और अधिक विश्वास दिलाती है जो विभागों की संख्या के अनुसार ही बढ़ता है।" यही कारण है कि यह पद्धति आजकल अधिक प्रयोग में लाई जाती है। इस पद्धति का सबसे बड़ा दोष यह है कि यदि विभाग या वर्ग बनाने में कोई त्रुटि रह जाये तो इस पद्धति द्वारा निकाले गये निष्कर्ष संतोषजनक नहीं होते हैं।

(5) बहुस्तरीय निदर्शन (Multi-stage Sampling)

इस पद्धति का उपयोग उस समय किया जाता है जब किसी बड़े शहर में से क्षेत्रों के आधार पर जनसंख्या का नमूना लिया जाता है। इसके अनुसार नमूने का चुनाव कई स्तरों में होता है। सबसे पहले सम्पूर्ण शहर को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में बाँटा जाता है। क्षेत्रों में बाँटते समय यह ध्यान रखा जाता है कि एक क्षेत्र में लगभग एक ही प्रकार के लोग रहते हों ताकि क्षेत्र विभाजन में एकरूपता लाई जा सके। इसके बाद प्रत्येक क्षेत्र से दैव निदर्शन पद्धति के अनुसार एक गृह-समूह (Block-cluster) का चुनाव किया जाता है। फिर प्रत्येक गृह-समूह से कुछ गृहों को लिया जाता है। इन गृहों में से कुछ व्यक्तियों को चुनकर उनकी जाँच की जाती है।

इस पद्धति से यह यह स्पष्ट है कि न्यादर्श (नमूने) का चुनाव एक साथ न होकर कई स्तरों (stages) में होता है। प्रत्येक स्तर पर चुनाव करते समय दैव निदर्शन प्रणाली का उपयोग होता है जिसके कारण प्रत्येक इकाई के चुने जाने का समान अवसर रहता है। इस प्रणाली की सबसे मुख्य विशेषता यही है कि जनसंख्या का विभाजन किसी आधार पर न होकर क्षेत्रीय आधार पर होता है।

यद्यपि यह प्रणाली दैव निदर्शन के सभी लाभों से युक्त होती है, किन्तु क्षेत्रों में जनता की एकरूपता प्राप्त होना कठिन होता है। इसी से क्षेत्रों का विभाजन, जैसा इस प्रणाली के अनुसार होना चाहिए, वैसा नहीं हो पाता है। इस प्रणाली में वे दोष भी होते हैं जो दैव निदर्शन प्रणाली में पाये जाते हैं। बड़े समग्र में आजकल इस प्रणाली का प्रयोग अधिक होने लगा है।

(6) अन्य निदर्शन प्रणालियाँ (Other Sampling Methods)

उपरोक्त महत्वपूर्ण प्रणालियों के अतिरिक्त निदर्शन की कुछ अन्य प्रणालियाँ भी हैं जिनका संक्षेप में वर्णन नीचे करेंगे-

(1) **बहुचरण निदर्शन प्रणाली** (Mutli-phase Sampling)- हम कभी-कभी एक ही समग्र में एक साथ कई समस्याओं के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त करना चाहते हैं। ऐसी परिस्थिति में अगर प्रत्येक समस्या के लिए अलग-अलग तथ्य एकत्रित किए जायें तो व्यय अधिक होगा। इस कारण एक बड़ा न्यादर्श (Sample) चुन लिया जाता है और उसी में से प्रत्येक समस्या के लिए एक उप-न्यादर्श (Sub-sample) चुन लिया जाता है। इस तरह पहला उप-न्यादर्श प्रथम चरण न्यादर्श तथा दूसरा उप-न्यादर्श द्वितीय चरण न्यादर्श (Second Phase Sample) आदि कहलाता है।

(2) **अभ्यंश निदर्शन** (Quota Sampling)- इस प्रणाली में पहले समग्र (universe) को कई भागों में बाँट दिया जाता है। यह बंटवारा (विभाजन) इस तरह किया जाता है कि प्रत्येक भाग में समंकों की समरूपता हो जाए। इसके बाद गणकों (Enumerators) को यह बतला दिया जाता है कि किस भाग में से कितनी इकाइयों का चुनाव करना है। इस तरह इकाइयों का अभ्यंश (Quota) निश्चित कर दिया जाता है। अभ्यंश निश्चित कर देने के बाद गणक को यह अधिकार होता है कि वह प्रत्येक भाग में से अभ्यंश इकाइयों का चुनाव स्वयं अपनी इच्छानुसार कर ले।

इस प्रणाली में हम गणकों पर निर्भर रहते हैं। उन्हें इकाइयाँ छाँटने का अधिकार होता है। इस अधिकार-प्राप्ति के कारण वे अपना कार्य बड़ी ईमानदारी से करने का प्रयास करेंगे। इस कारण उनका कार्य बड़ा शुद्ध एवं विश्वसनीय होगा। किन्तु गणक यदि लापरवाही से कार्य करें तो सारा कार्य दोषपूर्ण एवं अशुद्ध हो जायेगा। अतः इस प्रणाली का प्रयोग उसी समय करना चाहिए जब गणक पूर्णरूप से प्रशिक्षित एवं ईमानदार हो।

(3) **अनुक्रमिक निदर्शन** (Sequential Sampling)- साधारणतया सभी निदर्शन प्रणालियों में सर्वप्रथम न्यादर्श का चुनाव करते हैं और फिर उनमें होने वाली भूलों (errors) का अनुमान लगाया जाता है। प्रणाली में इसके विपरीत होता है। इसमें पहले निदर्शन भूल (Sampling error) मालूम करके उसके आधार पर न्यादर्श का आकार (Size) निश्चित करते हैं। इस प्रकार इस प्रणाली में परिशुद्धता की अपेक्षित मात्रा (expected standard of accuracy) का अनुमान वास्तविक निदर्शन से पूर्व ही कर लिया जाता है। इसके बाद चुनाव दैव निदर्शन प्रणाली के द्वारा किया जाता है। इस प्रणाली के प्रतिपादक प्रो. ए. वाल्ड हैं।

(4) **सुविधानुसार निदर्शन** (Convenience Sampling)- इस प्रणाली में अनुसंधानकर्त्ता को जो भी तरीका सुविधाजनक मालूम पड़ता है उसी के अनुसार न्यादर्श का चुनाव कर उसकी जाँच करता है। यदि हमें विश्वविद्यालय के वाणिज्य के प्राध्यापकों में से न्यादर्श लेना हो तो हम कालेजों के प्रविवरण (Prospectus) का उपयोग कर सकते हैं। यह पद्धति अवैज्ञानिक है तथा इसके अन्तर्गत प्राप्त न्यादर्शों के सच्चा प्रतिनिधित्व करने की सम्भावना संदिग्ध रहती है। इस प्रणाली का प्रयोग बहुत कम किया जाता है।

(5) **संतुलित निदर्शन प्रणाली** (Balanced Sampling)- यदि किसी न्यादर्श के मदों का इस प्रकार प्रविरण किया जाए कि उनके अध्ययन से निकाला गया परिणाम ठीक वही हो जो कि समग्र के सभी मदों का परिणाम है तो ऐसे न्यादर्श को संतुलित न्यादर्श कहा जाता है। उदाहरणार्थ, किसी महाविद्यालय में 1,000 विद्यार्थियों की ऊंचाई नापने के लिये 100 विद्यार्थियों का एक न्यादर्श चुना जाता है। उनकी औसत ऊंचाई 5'-2" आती है। यदि 1,000 विद्यार्थियों में प्रत्येक की ऊंचाई नापने के बाद भी औसत ऊंचाई 5'-2" ही आये तो हम ऐसे न्यादर्श को संतुलित न्यादर्श कहेंगे। वास्तव में ऐसे न्यायदर्श की आशा करना स्वप्न मात्र है क्योंकि व्यावहारिक दृष्टि से ऐसा न्यादर्श चुना जाना कठिन है। यदि इस प्रणाली में पूर्ण सफलता मिल जाए तो संगणना प्रणाली की कोई आवश्यकता ही नहीं रहे।

(6) **'अजातीय-पद-समूह' निदर्शन प्रणाली** (Cluster Sampling)- यह प्रणाली स्तरित (Stratified) प्रणाली के बिल्कुल विपरीत है। इसमें ऐसे मदों को चुनने का प्रयत्न किया जाता है जो बिल्कुल भिन्न या अजातीय (Heterogeneous) हो ताकि प्रत्येक न्यादर्श एक छोटे समग्र का रूप धारण कर ले।

NOTES

निदर्शन चुनाव की विभिन्न पद्धतियों का विवेचन करने के बाद हम सम्भावना सिद्धान्त और निदर्शन अनुसंधान (Theory of Probability and Sample Investigation) के विषय में विचार करेंगे। प्रकृति में एक प्रकार की एकरूपता है और यही कारण है कि निदर्शन प्रणाली द्वारा निष्कर्ष बहुत कुछ ठीक निकलते हैं। यदि प्रकृति में इस प्रकार की एकरूपता (uniformity) न होती तो पूरी जाँच के अभाव में संतोषजनक और शुद्ध परिणाम पर पहुंचना कठिन हो जाता। अब हम सम्भावना सिद्धान्त पर विस्तृत रूप से विचार करेंगे।

निदर्शन के सिद्धान्त एवं सार्थकता परीक्षण

1. सांख्यिकीय विचार में समग्र से आप क्या समझते हैं? समग्र प्रणाली किन परिस्थितियों में उपयुक्त है?

....

....

....

2. न्यादर्श प्रणाली क्या है? इसकी आवश्यकता बताइए?

....

....

....

3. सविचार निदर्शन क्या है? इसके गुणों को बताइए?

....

....

....

3.5 सम्भावना सिद्धान्त (Theory of Probability)

यह गणित का एक मुख्य सिद्धान्त है। सभी सांख्यिकीय नियम इसी सिद्धान्त पर आधारित हैं। लाप्लाज के अनुसार यह सिद्धान्त अनुकूल घटनाओं का समस्त होने वाली घटनाओं के आधार के साथ एक अनुपात है। (Probability is the ratio of favourable events of the total number of equally likely events) **कॉनर** के अनुसार, "किसी अनिश्चित घटना के बारे में मस्तिष्क में होने वाली प्रतिक्रिया की ही सम्भावित कहते हैं।" (Probability is an attitude of mind towards uncertain events.)

यह नियम बतलाता है कि यदि एक सिक्का हवा में उछाला जाये तो यह आशा की जाती है कि वह आधी वार चित्र की ओर गिरेगा और आधी बार पीठ की ओर। यदि एक थैले में 5 लाल व 7 सफेद गेंद हों तो एक लाल गेंद की उस थेले में से निकलने की सम्भावना 5/12 है और सफेद गेंद के निकाले जाने की सम्भावना 7/12 है। इस सिद्धान्त का मानव-जीवन में काफी महत्व है। इसके आधार पर कई सिद्धान्त बनाए गए हैं। निदर्शन पद्धति इसी सिद्धान्त की देन है। सट्टा और बीमा व्यवसाय करने वाले लोग इसी सिद्धान्त को आधार मानकर व्यवहार करते हैं। इस सिद्धान्त की महत्वपूर्ण मान्यता है कि प्रयोग के लिए समूह बड़ा हो। इसी सिद्धान्त पर सांख्यिकी में निम्नलिखित महत्वपूर्ण नियम आधारित हैं-

(1) सांख्यिकीय नियमितता नियम (Law of Statistical Regularity)

(2) महांक जड़ता नियम (Inertia of Large Numbers)

अब हम इन सिद्धान्तों के विषय में विवेचन करेंगे-

3.6 सांख्यिकीय नियमितता नियम (Law of Statistical Regularity)

यह नियम गणित के सम्भावना सिद्धान्त पर आधारित है। इस नियम का अर्थ यह है कि यदि किसी विशाल समूह से अनायास ही पर्याप्त मात्रा में इकाइयाँ चुन ली जायें तो इस प्रकार चुनी गयी इकाइयों में समूह की सब विशेषतायें

पाई जायेंगी। समूह को हम समग्र (universe) कहते हैं और चुनी गई इकाइयों को न्यादर्श (Sample)। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री किंग ने इस नियम की परिभाषा इस प्रकार की है-

"गणित के सम्भावना सिद्धान्त के आधार पर बना सांख्यिकीय नियमितता नियम बतलाता है कि यदि किसी विशाल समूह में से दैव निदर्शन द्वारा पर्याप्त बड़ी संख्या में पदों को चुन लिया जाये तो यह लगभग निश्चित है कि इन पदों में औसत रूप से विशाल समूह के गुण होंगे।"

एक उदाहरण द्वारा हम इस नियम को इस प्रकार स्पष्ट कर सकते हैं। यदि हमें किसी महाविद्यालय के विद्यार्थियों की आर्थिक स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त करनी है तो यह आवश्यक है कि सभी विद्यार्थियों से सम्पर्क स्थापित किया जाये। यदि थोड़े-थोड़े विद्यार्थी अलग-अलग कक्षाओं में चुन लिए जायें और उनसे उनकी आर्थिक स्थिति के विषय में जानकारी प्राप्त की जाये तो उससे प्राप्त होने वाले परिणाम कॉलेज के समस्त विद्यार्थियों पर लागू होंगे। कहने का तात्पर्य यह है कि चुने हुए विद्यार्थियों का समूह समस्त विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व कर सकता है।

विशेषतायें- इस नियम में निम्नलिखित विशेषतायें होती हैं-

(1) चुना हुआ अंश समग्र का प्रतिनिधि हो सकता है अर्थात् केवल कुछ इकाइयों के परिणाम समस्त इकाइयों पर लागू किए जा सकते हैं। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि यद्यपि बाहरी रूप से एक समूह की प्रत्येक इकाई एक दूसरे से भिन्न दिखाई पड़ती है फिर भी कुछ सामूहिक गुण सभी इकाइयों में समान रूप से पाये जाते हैं।

(2) इस नियम के अनुसार यदि अनायास कुछ इकाइयाँ चुनी जायें तो अच्छी, बुरी, तथा औसत सभी प्रकार की इकाइयों के चुने जाने की समान सम्भावना रहती है। यदि हम एक सिक्के को 100 बार उछालें तो यह सम्भावना रहती है कि लगभग आधी बार चित्र की तरफ तथा आधी बार दूसरी ओर गिरेगा।

(3) जो परिणाम किसी विशेष तथ्य के सम्बन्ध में किसी समय तथा किसी स्थान में लागू होते हैं, देश-काल के अनुसार ही उनमें थोड़ा-बहुत परिवर्तन करके उन्हें सभी समयों तथा सभी स्थानों पर लागू किया जा सकता है। उदाहरणार्थ यदि इन्दौर शहर में जनसंख्या में वृद्धि की दर पिछले कई वर्षों की औसत के आधार पर 10% आई हो तो बहुत सम्भव है कि आगे आने वाले समय में भी औसत दर यही रहे। इस प्रकार भविष्य के वर्षों के लिए भी इन्दौर शहर की जनसंख्या का अनुमान लगाया जा सकता है। परिस्थितियाँ समान होने पर इस औसत वृद्धि को अन्य शहरों पर भी लागू किया जा सकता है।

नियम की सीमायें- (1) न्यादर्श पर्याप्त मात्रा में होना चाहिए। चुनी हुई इकाइयों की संख्या समूह के आकार के अनुसार ही होनी चाहिए। 100 विद्यार्थियों की आर्थिक दशा की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवल 10 विद्यार्थियों की जाँच पर्याप्त नहीं होगी।

(2) इकाइयों का चुनाव अनायास ही होना चाहिये और वह पक्षपात-रहित होनी चाहिये।

(3) इकाइयों में चुनाव किया जा रहा है उनमें कोई विशेष भिन्नता नहीं होनी चाहिये।

(4) प्राप्त परिणाम समूह की अन्य इकाइयों पर केवल सामूहिक रूप से ही लागू होंगे। विद्यार्थियों के एक न्यादर्श के परिणाम हर एक विद्यार्थी पर पूर्णरूपेण लागू नहीं किये जा सकते हैं। वे सब पर औसत रूप से ही लागू किये जा सकते हैं।

प्रतीपगमन के दो समीकरण होते हैं और उन पर आधारित दो प्रतीपगमन रेखाएँ होती हैं। एक 'x' का 'y' पर प्रतीपगमन दर्शाती है और दूसरी 'y' का 'x' पर। अन्य शब्दों में एक रेखा 'x' का सर्वोत्तम संभावित मान बतलाने के लिए जबकि 'y' का मान दिया हुआ है और दूसरी 'y' का मान बताने के लिए जबकि 'x' का औसत मान दिया हुआ है। यह प्रश्न उठता है कि क्या एक ही रेखा से दोनों मान नहीं बतलाये जा सकते हैं जैसाकि साधारण बिन्दु देखा में होता है ? इसका उत्तर है– नहीं। इसका कारण स्पष्ट है कि प्रतीपगमन एक श्रेणी में होने वाले विचलनों की तुलना में दूसरी श्रेणी में होने वाले विचलन बतलाता है। इन दोनों श्रेणियों में से एक को स्वतन्त्र और दूसरी को आश्रित मानते हैं और स्वतन्त्र श्रेणी में होने वाले प्रत्येक इकाई परिवर्तन के लिए आश्रित श्रेणी में होने वाले परिवर्तन की मात्रा मालूम करते हैं। यदि स्वतन्त्र एवं आश्रित श्रेणी सदैव स्थिर हो जैसा कि समय श्रेणियों में होता है तो एक ही प्रतीपगमन रेखा की आवश्यकता होती। हम अपनी आवश्यकतानुसार कभी एक श्रेणी को स्वतन्त्र और कभी दूसरी को स्वतन्त्र मानते रहते हैं। ऐसी स्थिति में दो प्रतीपगमन रेखाएँ ही बनेंगी। उदाहरण के लिए, मूल्य और माँग दो श्रेणी में से यदि हम मूल्य में परिवर्तन के फलस्वरूप माँग में होने वाले परिवर्तन का अध्ययन करना चाहते हैं तो मूल्य की मात्रा स्वतन्त्र तथा माँग की मात्रा आश्रित होगी। इसके विपरीत यदि हम माँग में परिवर्तन के फलस्वरूप मूल्य पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना चाहते हैं तो पहले तथ्य यह बताने में असमर्थ होंगे। कारण और प्रभाव के तर्क को हमें ध्यान में रखना होगा। अतः यहाँ की माँग की मात्रा स्वतन्त्र होगी और मूल्य की मात्रा आश्रित। स्पष्ट है कि प्रतीपगमन रेखाएँ दो होती हैं।

प्रतीपगमन रेखाओं का खींचना

प्रतीपगमन रेखाएँ दो प्रकार से खींची जा सकती हैं–

(i) **मुक्त हस्त विधि (Free Hand Method)** तथा (ii) **प्रतीपगमन समीकरणों द्वारा (By Regression equations)**

प्रथम विधि उपयुक्त नहीं है, क्योंकि विभिन्न व्यक्तियों द्वारा इनकी रचना भिन्न-भिन्न हो सकती है। अतः द्वितीय विधि-प्रतीपगमन समीकरणों के आधार पर ही इन रेखाओं को खींचा जाता है।

प्रतीपगमन समीकरण (Regression Equation) :

प्रतीपगमन रेखा को बीजगणितीय रूप देने के लिए उसे प्रतीपगमन समीकरण के रूप में लिखा जा सकता है। प्रतीपगमन रेखाएँ दो होती हैं। अतः प्रत्येक रेखा के लिए प्रतीपगमन समीकरण होंगे।

(i) 'x' का 'y' पर प्रतीपगमन समीकरण (Regression equation of x on y) –

$$(x - ax) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}(y - ay)$$

or

$$(x - \bar{x}) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}(y - \bar{y})$$

(ii) 'y' का 'x' पर प्रतीपगमन समीकरण (Regression equation of y on x) –

$$(y - ay) = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}(x - ax)$$

or

$$(y - \bar{y}) = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}(x - \bar{x})$$

यदि हम 'x' का मूल्य ज्ञात करना चाहते हों तो प्रथम समीकरण का और यदि 'y' का मूल्य ज्ञात करना हो तो द्वितीय समीकरण का प्रयोग करें। इन समीकरणों में 'x' और 'y' का आशय 'x' और 'y' श्रेणियों के औसत (Average) से होता है।

Illustration 1 – Find the most likely price in Mumbai corresponding to the price of Rs. 70 at Kolkata from the following data –

कोलकाता में माध्य मूल्य (Average Price at Kolkata)	65
मुम्बई में माध्य मूल्य (Average Price at Mumbai)	67
कोलकाता का प्रमाप विचलन (Standard Deviation of Kolkata)	2.5
मुम्बई का प्रमाप विचलन (Standard Deviation of Mumbai)	3.5

Coefficient of Correlation is + .8, between the two prices of the commodity in the two towns. (दोनों नगरों में सह संबंध गुणक 0.8 है)

Solution – Let 'y' stand for Kolkata and 'x' for Mumbai. Hence, we are two calculate the regression of x on y according to the following equation.

$$(x - \bar{x}) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}(y - \bar{y})$$

or $$(x - 67) = +\ 0.8\,\frac{3.5}{2.5}(y - 65)$$

or $$(x - 67) = 1.12\,(y - 65)$$

or $$(x - 67) = 1.12y - 72.8$$

or $$(x - 67) = (1.12 \times 70) - 72.8$$

or $$x = 78.4 - 72.8 + 67$$

or $$x = 72.6$$

Thus the most likely price at Mumbai is Rs. 72.6 when the corresponding price at Kolkata is Rs. 70.

NOTES

Illustration 2 — Given the following data, calculate the expected value of y when x is 12. (निम्नलिखित समंकों से y का संभावित मूल्य निकालिए यदि x = 12 हो)

		x	y
Average (समान्तर माध्य)	:	8	5
Standard Deviation (प्रमाप विचलन)	:	4	3

Coefficient of Correlation between x and y = + .99

(x तथा y में सह सम्बन्ध गुणक)

Solution —

Regression of y on x

$$(y - \bar{y}) = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}(x - \bar{x})$$

or $$(y - 15) = .99 \times \frac{3}{4}(x - 8)$$

or $$(y - 15) = .7425\,(x - 8)$$

or $$(y - 15) = .7425x - 5.94$$

or $$(y - 15) = .7425 \times 12 - 5.94$$

or $$y = 8.91 - 5.94 + 15 = 17.97$$

नोट—x पर y का प्रतीपगमन समीकरण इस प्रकार से निकाला जा सकता है—

जैसे $y = a + bx$ यहाँ 'a' और 'b' सामान्य समीकरणों (Normal Equation) द्वारा ज्ञता किये जाते हैं जो निम्न हैं—

(i) $$\Sigma y = na + b\Sigma x$$

(ii) $$\Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2$$

इस भाँति 'y' पर 'x' का प्रतीपगमन समीकरण भी निकाला जा सकता है।

8.5 प्रतीपगमन गुणक (Coefficient of Regression)

जैसा कि बतलाया जा चुका है, प्रतीपगमन समीकरण (Regression Equation) दो सम्बन्धित पद श्रेणियों के माध्य के रूपों में प्रस्तुत किये जाते हैं या वे माध्य पर आधारित रहते हैं। इनके द्वारा यह प्रकट होता है कि एक पद-श्रेणी में उसके माध्य से होने वाले विचलन की तुलना में दूसरी पद श्रेणी में उसके माध्य से कितना विचलन होता है। प्रतीपगमन गुणक यह बतलाता है कि एक पद श्रेणी में एक पद के परिवर्तन से दूसरी पद श्रेणी में कितना परिवर्तन होगा। जिस प्रकार प्रतीपगमन समीकरण दो होते हैं उसी प्रकार दो प्रतीपगमन गुणक भी होते हैं। इन्हें निम्नलिखित सूत्र द्वारा ज्ञात किया जाता है—

(i) **'x' का 'y' पर प्रतीपगमन गुणक** (Regression Coefficient of x on y)—

$$bxy = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}$$

(ii) **'y' का 'x' पर प्रतीपगमन गुणक** (Regression Coefficient of y on x)—

$$bxy = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}$$

यदि इन दोनों प्रतीपगमन गुणकों का गुणनफल निकालकर उसका वर्गमूल निकाल लिया जाये तो सह-सम्बन्ध गुणक ज्ञात हो जायेगा। इसका सूत्र इस प्रकार होगा—

$$r = \sqrt{\left(r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} \times r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}\right)}$$

$$r = \sqrt{(bxy \times byx)}$$

Illustration 3 – Given the following data, calculate Regression Coefficient of x on y and of y on x – (निम्नलिखित समंकों से y पर आधारित x तथा x पर आधारित y के प्रतीपगमन गुणक निकालिए)–

	x	y
Average :	8	15
Standard Deviation :	4	3

Coefficient of Correlation between x and y = + .99

Solution–

(i) Regression coefficient of x on y – (ii) Regression Coefficient of y on x

$$bxy = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} \qquad byx = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}$$

$$= .99\,\frac{4}{3} \qquad = .99\,\frac{3}{4}$$

$$= .99 \times 1.33 \qquad = .99 \times .75$$

$$= 1.3167 \qquad = .7425$$

अत: $x = 1.3167y$ और $y = .7425x$

इसका अर्थ यह हुआ कि 'y' में 1 का परिवर्तन होने से 'x' में 1.3167 का और 'x' में एक का परिवर्तन होने से y में .7425 का परिवर्तन होगा।

इन गुणांकों की सहायता से सह-संबंध गुणक इस प्रकार जाना जा सकता है–

$$r = \sqrt{(bxy \times byx)} = \sqrt{(1.3167 \times .7425)} = .99$$

अत: यहाँ यह सिद्ध होता है कि दोनों प्रतीपगमन गुणकों का गुणाकार 1 से अधिक नहीं आना चाहिए। यदि यह 1 से अधिक हुआ तो सह-संबंध गुणक भी एक से अधिक होगा, लेकिन यह असम्भव है।

यदि केवल प्रतीपगमन गुणक निकालना हो तो सह-संबंध गुणक निकालने की आवश्यकता नहीं रहती है। यह निम्न सूत्र की सहायता से निकाला जा सकता है–

(i) 'x' का 'y' पर प्रतीपगमन गुणक (Regression Coefficient of x on y)

$$bxy = \frac{\Sigma xy}{\Sigma y^2}$$

(ii) 'y' का 'x' पर प्रतीपगमन गुणक (Regression Cocfficient of y on x)–

$$byx = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x^2}$$

where,

Σxy = x और y पद श्रेणियों की माध्य से प्राप्त विचलनों के गुणनफलों का योग–

Σy^2 = 'y' पद श्रेणी के समान्तर माध्य से ज्ञात विचलनों के वर्गों का योग।

Σx^2 = 'x' पद श्रेणी के समान्तर माध्य से ज्ञात विचलनों के वर्गों का योग।

Illustration 4 – Calculate Regression Coefficients from the following data (निम्नलिखित समंकों से दोनों प्रतीपगमन गुणक ज्ञात कीजिए)–

x	:	1	2	3	4	5
y	:	1	4	9	16	25

NOTES

Solution—

m1	X-series deviations from Mean (3) (x)	x^2	m2	Y-series deviations from Mean (11) (y)	y2	xy
1	–2	4	1	–10	100	20
2	–1	1	4	–7	49	7
3	0	0	9	–2	4	0
4	+1	1	16	+5	25	5
5	+2	4	25	+14	196	28
15		**10**	**55**		**374**	**60**

(i) Regression Coefficient of x on y – (ii) Regression Coefficient of y on x

$$bxy = \frac{\Sigma xy}{\Sigma y^2} = \frac{60}{374} = 0.16 \qquad byx = \frac{\Sigma xy}{\Sigma x_w} = \frac{60}{10} = 6$$

लघुरीति (Shortcut Method) – उपरोक्त उदाहरण में माध्य संख्या पूर्णांक होने से प्रतीपगमन गुणक सरलता से निकाले जा सकते हैं। यदि माध्य संख्या पूर्णांक में न आये तो ऋजुरीति से गुणक निकालने में कठिनाई होगी। ऐसे समय लघुरीति का प्रयोग ही करना चाहिए। लघुरीति में निम्न सूत्र का प्रयोग होता है–

(i) Regression Coefficient of x on y –

$$bxy = \frac{\Sigma\, dx\, dy - \left(\dfrac{\Sigma\, dx \times \Sigma\, dy}{n}\right)}{\Sigma\, d^2 y - \dfrac{(\Sigma\, dy)^2}{n}}$$

(ii) Regression Coefficient of y on x –

$$byx = \frac{\Sigma\, dx\, dy - \left(\dfrac{\Sigma\, dx \times \Sigma\, dy}{n}\right)}{\Sigma\, d^2 x - \dfrac{(\Sigma\, dx)^2}{n}}$$

उदाहरण नं. 4 को लघुरीति से इन सूत्रों द्वारा हल किया जा सकता है।

8.6 अनुमान का प्रमाप विभ्रम (Standard Error of the Estimate)

यह बतलाया जा चुका है कि दी गई पद श्रेणी को सरल रेखा के रूप में प्रस्तुत करने के लिए निर्भर चल (Dependent Variable) के मूल्य अल्पतम वर्ग पद्धति (Method of Least Squares) द्वारा ज्ञात किये जाते हैं। निर्भर चल के इस प्रकार निकाले गये मूल्यों में और वास्तविक मूल्यों में अन्तर रह सकता है। इस प्रकार जो विभ्रम होता है उसे अनुमान का प्रमाप विभ्रम कहते हैं। इसे ज्ञात करने के लिए निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाता है–

(i) $$Sx = \sqrt{\left(\frac{(x - x^1)^2}{N}\right)}$$

(ii) $$Sy = \sqrt{\left(\frac{(y - y^1)^2}{N}\right)}$$

where, "Sy" and "Sx" = Standard Error of Estimate

x and y = Actual value of x and y

x^1 and y^1 = Estimated value of x and y

N = Number of items.

Illustration 5 – Compute the Standard Error of Estimate for the Illustration No. 4 (उदाहरण नं. 4 के लिए अनुमान का प्रमाप विभ्रम ज्ञात कीजिए।)

Solution – (i) Calculation of Regression Equation of y on x by the Method of Least Squares–

x	y	xy	x^2	y^2
1	1	1	1	1
2	4	8	4	16
3	9	27	9	81
4	16	64	16	256
5	25	125	25	625
15	**55**	**225**	**55**	**979**

Substituting the above values in the two normal equations–

$$\Sigma y = na + b\Sigma x \qquad .....(1)$$

$$\Sigma xy = a\Sigma x + b\Sigma x^2 \qquad .....(2)$$

we get,

$$55 = 5(a) + b(15)$$

or $55 = 5a + 15b$ .....(i)

and $225 = a(15) + b(55)$

or $225 = 15a + 55b$ .....(ii)

Multiplying equation (i) by 3, we have

$165 = 15a + 45b$ .....(iii)

Subtracting equation (iii) from equation (ii), we have,

$$60 = 10\,b$$

or $b = 6$

Substituting the value of 'b' in equation (i), we have,

$$55 = 5a + 15 \times 6$$

or $55 = 5a + 90$

or $55 - 90 = 5a$

or $a = -7$

Substituting the above values in the Regression equation of y on x : viz.

$$y = a + bx$$

we get,

$$y = -7 + 6x$$

अब निम्न प्रकार से 'y' के सम्भाव्य मूल्य ज्ञात कर सकते हैं।

If $x = 1$ $y = -1$

$x = 2$ $y = 5$

$x = 3$ $y = 11$

$x = 4$ $y = 17$

$x = 5$ $y = 23$

NOTES

(ii) **Calculation of Standard Error of Estimate—**

x	y	y^1 (Estimated Value of y)	y – y1	$(y-y^1)^2$
1	1	–1	2	4
2	4	5	–1	1
3	9	11	–2	4
4	16	17	–1	1
5	25	23	2	4
N = 5				14

$$Sy = \sqrt{\left(\frac{(y-y^1)^2}{n}\right)} = \sqrt{\left(\frac{14}{5}\right)} = \sqrt{(2.8)} = 1.67$$

Illustration 6 – A regression equation explaining the average relationship between the dividend per share and the price per share in 1990 for 100 corporations was,

$$y = \text{Rs. } 5.49 + 12.14x$$

Estimate the value of a share of stock which pays a dividend of Rs. 5 per share. The Standard error of the estimate.

(Sy) is = Rs. 4.5

Solution– $y = \text{Rs. } 5.49 + 12.14x$

$$= \text{Rs. } 5.49 + 12.14 \times 5 = \text{Rs. } 66.19$$

(i) There is 68.3% chance that its values will be (Rs. 66.19 ± 1 × 4.5 *Sy*) i.e. 70.69 and Rs. 61.69

(ii) There is 95.4% chance that its value will be Rs. 66.19 ± 2 × 4.5 i.e. Rs. 75.19 and Rs. 57.19

(iii) There is 99.7% chance that its value will be Rs. 66.19 ± 3 × 4.5 i.e. Rs. 79.69 and Rs. 52.69.

Illustration 7 – (a) Given

	x-series	y-series
Mean (समान्तर माध्य) :	18	100
Standard Derivation (प्रमाप विचलन) :	14	20

Coefficient of Correlation between x and y = +0.8
(x तथा y के मध्य सह-संबंध गुणक)

Find the most probable of y if x is 70 and most probable value of x if y is 90. (y का संभावित मूल्य निकालिए यदि x = 70 हो तथा x का संभावित मूल्य निकालिए यदि y = 90 हो)

(b) If two regression Coefficient are 0.8 and 0.6, what would be the value of the Coefficient of Correlation. (यदि दो प्रतीपगमन गुणक 0.8 तथा 0.6 हों तो सह-संबंध गुणक क्या होगा ?)

Solution–

(a) (i) Regression of x on y

$$(x-\bar{x}) = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y}(y-\bar{y})$$

or $(x-18) = 0.8 \times \frac{14}{20}(y-100)$

or $(x-18) = .56\,(90-100)$

or $(x-18) = .56 \times -10$

(ii) Regression of y on x

$$(y-\bar{y}) = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}(x-\bar{x})$$

or $(y-100) = .8 \times \frac{20}{14}(70-18)$

or $(y-100) = 1.143\,(52)$

or $y = 100 + 1.143\,(52)$

NOTES

$$x = 18 - 5.6$$

$$= 12.4$$

$$= 159.436$$

(b) $r = \sqrt{[(bxy \times byx)]}$

$$r = \sqrt{[(0.8 \times 0.6)]} = 0.69$$

Illustration 8 – In a partially destroyed Laboratory-record of an analysis of correlation data the following results only are legible–

Variance of x= 9

Regression equations are

(i) $8x - 10y = -66$ (ii) $40x - 18y = 214$

What are the (a) Mean Values of x and y, (b) Coefficient of Correlation between x and y (c) the σ of y.

आंशिक रूप से नष्ट हुए एक प्रयोगशाला के रिकार्ड से सह संबंध समंकों के विश्लेषण संबंधी निम्नलिखित निष्कर्ष ही उपलब्ध हैं–

x का विचरण मापांक = 9

प्रतीपगमन समीकरण;

(i) $8x - 10y = -66$ (ii) $40x - 18y = 214$

गणना कीजिए (i) x तथा y का समांतर माध्य

(ii) x तथा y के मध्य सह संबंध गुणक (iii) y का प्रमाप विचलन

Solution – (a) Calculation of Mean Values of x and y –

$$8x - 10y = -66 \quad .....(i)$$

$$40x - 18y = 214 \quad .....(ii)$$

Multiplying equation (i) by 5, we have,

$$40x - 50y = -330 \quad .....(iii)$$

Deducting (iii) from (ii), we have,

$$32y = 544$$

$$y = \frac{544}{32} = 17$$

Substituting the value of y in equation (i), we have,

$$8x - 10 \times 17 = -66$$

or $8x = -66 + 170$

or $8x = 104$ or $x = 13,$

$\therefore$ Mean of x = 13, Mean of y = 17

(b) Coefficient of correlation between x and y –

$$r = \sqrt{(bxy \times byx)}$$

The value of bxy and byx will be found out as under–

From the first equation, we get,

$$10y = 8x + 66$$

$$y = .8x + 6.6 \quad \text{or} \quad byx = .8$$

From the second equation, we get,

$$40x = 18y + 214$$

$x = .45y + 5.35$ or $bxy = .45$

Hence, $r = \sqrt{(bxy \times byx)} = \sqrt{(.45 \times .8)} = \sqrt{(.360)} = 0.6$

(c) Calculation of σ of y–

Variance or $\sigma_x^2 = 9$ or 'σ_x' $= 3$

Regression coefficient of x on y–

$$bxy = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} = .45$$

or $$= .6\frac{3}{\sigma_y} = .45$$

or $$.6 \times 3 = .45 \times \sigma_y$$

or $$1.8 = .45\sigma_y$$

or $$\sigma_y = \frac{1.8}{.45} = 4$$

Illustration 9 – For certain data y = 1.3x and x = 0.7y are the regression lines. Compute the Coefficient of Correlation between x and y. (किन्हीं समंकों के लिए y = 1.3x तथा x = 0.7y दो प्रतीपगमन रेखाएँ हैं। x तथा y के मध्य सह संबंध गुणक की गणना कीजिए)

Solution– $y = 1.3x$ or $byx = 1.3$

$x = 0.7y$ or $bxy = 0.7$

$r = \sqrt{(bxy \times bxy)} = \sqrt{(1.3 \times 0.7)}$

Illustration 10–(General) Write down the two regression equation associated with the following pairs of values–

(x)	:	152	114	138	154	144	153	141	117	136	154
(y)	:	193	300	414	594	676	549	320	483	481	659

उपरोक्त मूल्यों के दो युग्मों से संबंधित दो प्रतीपगमन समीकरण बनाइये।

Solution–Calculation of the Regression Coefficients :

x			y			dxdy
x	dx(130)	d^2x	y	dy(500)	d^2y	
152	+22	484	193	–307	94249	–6754
114	–16	256	300	–200	40000	+3200
138	+8	64	414	–86	7396	–688
154	+24	576	594	+94	8836	+2256
144	+14	196	676	+176	30976	+2464
153	+23	529	549	+49	2401	+1127
141	+11	121	320	–180	32400	–1980
117	–13	169	483	–17	289	+221
136	+6	36	481	–19	361	–114
154	+24	576	659	+159	25281	+2816
	+103	**3007**		**–331**	**2,42,189**	**3548**

Regression Coefficient of x on y, or

$$bxy = r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} = \frac{\Sigma\, dx\, dy \left(\frac{\Sigma\, dx \times \Sigma\, dy}{n}\right)}{\Sigma\, d^2 y - \frac{(\Sigma\, dy)^2}{n}}$$

$$= \frac{3548 - \left(\frac{103 \times (-331)}{10}\right)}{242189 - \frac{(-331)^2}{10}}$$

$$= \frac{3548 + 3409.3}{242189 - 10956.1} \qquad = \frac{6957.3}{231232.9} = 0.03$$

Similarly, Regression Coefficient of y on x or

$$byx \quad = r\frac{\sigma_y}{\sigma_x} = \frac{\Sigma\, dx\, dy - \left(\frac{\Sigma\, dx \times \Sigma\, dy}{n}\right)}{\Sigma\, d^2x - \frac{(\Sigma\, dx)^2}{n}}$$

$$= \frac{3548 - \left(103 \times \frac{(-331)}{10}\right)''}{3007 - \frac{(103)^2}{10}} = \frac{6957.3}{1946.1} = 3.575$$

$$\text{Ax or x} \quad = x + \frac{\Sigma\, dx}{n} \qquad \text{Ay} \quad \text{or} \quad \text{y} \quad = y + \frac{\Sigma\, dy}{n}$$

$$= 130 + \frac{103}{10} = 140.3 \quad = 500 + \frac{-331}{10} = 466.9$$

Substituting the above values in the following regression equation of x on y

$$(x - \bar{x}) \quad = bxy\,(y - \bar{y})$$

$$(x - 104.3) \quad = .03\,(y - 466.9)$$

$$x \quad = .03y - 14.007 + 140.3$$

$$x \quad = .03y + 126.293$$

Similarly, the regression equation of y on x is

$$(y - \bar{y}) \quad = byx\,(x - \bar{x})$$

$$(y - 466.9) \quad = 3.575\,(x - 140.3)$$

$$y \quad = 3.575x + 466.9 - 501.57$$

$$y \quad = 3.575x - 34.67$$

Thus, the two regression equation that may be associated with the given pairs of values are—

$$x \quad = .03y + 126.293$$

$$y \quad = 3.575x - 34.67$$

Illustration 11—Given,

$$x = .85y; \quad y = .89x; \quad \sigma_x = 3$$

Find out (i) σ_y (ii) r.

Solution—From the given data

Regression of x on y or bxy $= r\frac{\sigma_x}{\sigma_y} = .85$

Regression of y on x or byx $= r\frac{\sigma_y}{\sigma_x} = .89$

Substituting these values in the following formula

$$r = \sqrt{(bxy \times byx)}$$

NOTES

we get, $r - \sqrt{(.85 \times .89)} = \sqrt{(.7565)} = .87$

Similarly, $r = \frac{\sigma_x}{\sigma_y} = .85$

or $.85\,\sigma_y = r \times \sigma_x$

or $\sigma_y = \frac{r \times \sigma_x}{.85}$

$= \frac{.87 \times 3}{.85} = 3.07$

Illustration 12. The following table gives the ages of husbands and wives for 50 newly married couples. Find the two regression lines. Also estimate (a) the age of husband when wife is 20 and (b) age of wife when husband is 30.

निम्नलिखित तालिका में 50 नवविवाहित दम्पत्तियों के आयु संबंधी आँकड़े दिये हुए हैं। दोनों प्रतीपगमन रेखायें प्राप्त कीजिए और ज्ञात कीजिए (i) पति की आयु जबकि पत्नी की आयु 20 वर्ष हो तथा (ii) पत्नी की आयु जबकि पति की आयु 30 वर्ष है।

Age of wives (पत्नियों की आयु)	**Age of husbands (HeefleÙeeW keâer DeeÙeg)**			**Total**
	20-25	**25-30**	**30-35**	
16–20	9	14	–	23
20–24	6	11	3	20
24–28	–	–	7	7
Total	**15**	**25**	**10**	**50**

Solution—

Ages of wives (y)			Age of husbands (x)			Total (f)	fdy	fd^2y	fdxdy
			20–25	25–30	30–35				
			22.5	27.5	32.5				
			–5	0	+5				
16–20	18	–4	20 9 180	0 14 0	–	23	–92	368	180
20–24	22	0	0 6 0	0 11 0	0 3 0	20	0	0	0
24–28	26	+4	–	–	20 7 140	7	28	112	140
Total (f)			15	25	10	50	–64	480	320
fdx			–75	0	50	–25			
fd^2x			375	0	250	625			
fdxdy			180	0	140	320			

(i) **Actual Means :**

X

$a_x = \bar{x} + \frac{\Sigma fdx}{n}$

$= 27.5 + \frac{-25}{50}$

$= 27.5 - 0.5 = 27$

Y

$a_y = \bar{x} + \frac{\Sigma fdy}{n}$

$= 22 + \frac{-64}{50}$

$= 22 - 1.28 = 20.72$

(ii) **Regression Coefficients :**

x on y :

$$bxy = \frac{\Sigma f\,dx\,dy - \left(\frac{\Sigma f\,dx \times \Sigma f\,dy}{n}\right)}{\Sigma f d^2 y - \frac{(\Sigma f\,dy)^2}{n}}$$

$$= \frac{320 - \frac{(-25 \times -64}{50}}{480 - \frac{(-64)^2}{50}}$$

$$= \frac{320 - 32}{480 - 81.92} = \frac{288}{398.08} = 0.7$$

y on x :

$$byx = \frac{\Sigma f\,dx\,dy - \left(\frac{\Sigma f\,dx \times \Sigma f\,dy}{n}\right)}{\Sigma f d^2 x - \frac{(\Sigma f\,dx)^2}{n}}$$

$$= \frac{320 - \frac{(-25 \times -64)}{50}}{625 - \frac{(-25)^2}{50}}$$

$$= \frac{320 - 32}{625 - 12.5} = \frac{288}{612.5} = 0.47$$

(iii) **Coefficient or Correlation (r) :**

$$r = \sqrt{bxy \times byx}$$

$$= \sqrt{0.7 \times 0.47} = \sqrt{0.329} = 0.57$$

(iv) **Regression equation of x on y :**

$$(x - \bar{x}) = bxy\,(y - \bar{y})$$

$$(x - 27) = 0.7\,(y - 20.72)$$

$$(x - 27) = 0.7y - 14.504$$

$$x = 0.7y - 14.504 + 27$$

$$x = 0.7y + 12.496$$

$$x = 0.7 \times 20 + 12.496$$

$$x = 14 + 12.496$$

$$x = 26.496$$

अत: पति की आयु 26.5 होगी जबकि पत्नी की आयु 20 वर्ष है।

(v) **Regression equation of y on x :**

$$(y - \bar{y}) = byx\,(x - \bar{x})$$

$$(y - 20.72) = 0.47\,(x - 27)$$

$$(y - 20.72) = 0.47x - 12.69$$

$$y = 0.47x - 12.69 + 20.72$$

$$y = 0.47x + 8.03$$

$$y = 0.47 \times 30 + 8.03$$

$$y = 14.10 + 8.03$$

$$y = 22.13$$

अत: पत्नी की आयु 22.13 वर्ष होगी जबकि पति की आयु 30 वर्ष है।

Illustration 13 : The following regression equations were obtained in a certain investigation. Find the mean of x and y and coefficient of correlation.

(किसी अनुसंधान में निम्नलिखित समीकरण प्राप्त हुए। x तथा y का समान्तर माध्य तथा सह संबंध गुणक निकालिए।)

$$x = 19.13 - 0.87y$$

NOTES

$$y = 11.64 - 0.50x$$

Solution :

Mean of x and y

$$x + 0.87y = 19.13 \quad .....(i)$$

$$0.5x + y = 11.64 \quad .....(ii)$$

Multiplying (ii) equation by 2, we have

$$x + 2y = 23.28 \quad .....(iii)$$

Substracting equation (iii) from (i) we have

$$1.13y = 4.15$$

$$\therefore \quad y = \frac{4.15}{1.13} = 3.67$$

Now Substituting the value of y in equation (ii)

We get,

$$0.5x + 3.67 = 11.64$$

or $\quad 0.5x = 11.64 - 3.67$

or $\quad 0.5x = 7.97$

or $\quad x = \frac{7.97}{0.5} = 15.94$

Hence Mean of $x = 15.94$ and that of $y = 3.67$

Coefficient of Correlation (r) :

From the two equations given, we can note that

$$bxy = -0.87 \quad \text{and} \quad byx = -0.5$$

Hence, $\quad r = \sqrt{bxy \times byx}$

$$= \sqrt{-0.87 \times -0.5}$$

$$= -\sqrt{.435}$$

$$= -0.66$$

As the two regression coefficients are negative the coefficient of correlation is also negative.

बोध प्रश्न

1. प्रतीपगमन विश्लेषण से आप क्या समझते हैं।

....

....

....

2. प्रतीपगमन एवं सह-संबंध में अंतर लिखिए।

....

....

....

3. प्रतीपगमन रेखाएँ दो क्यों होती है एवं किन परिस्थितियों में प्रतीपगमन रेखा एक हो सकती है ?

....

....

....

8.7 विचरण का अनुपात (Ratio of Variation)

प्रायः हम दो पद-श्रेणियों के मध्य विचरण का अनुपात जानना चाहते हैं। जिससे हमें यह ज्ञात हो सके कि एक श्रेणी के परिवर्तन और दूसरी श्रेणी के परिवर्तन में क्या अनुपात है। यदि एक का परिवर्तन 1% है तो दूसरी का परिवर्तन 1% का कौन-सा भाग है। इस तरह, **विचरण का अनुपात आश्रित श्रेणी** (y) **में प्रधान श्रेणी** (x) **की तुलना में समान्तर माध्य से प्रतिशत विचलनों का माध्य अनुपात है।** [Ratio of Variation is the average ratio of the percentage deviations from the mean in the relative (y) as compared with those in the subject (x)] विचरण का अनुपात सह-संबंध गुणक का उपप्रमेय (Corollary) होता है। यह सम्भव है कि दो चलों में पूर्ण सह-सम्बन्ध हो किन्तु दोनों चलों का आनुपातिक उतार-चढ़ाव समान न हो। विचरण के अनुपात में हम इसी का अध्ययन करते हैं। यह अध्ययन काफी लाभदायक है। उदाहरणार्थ, एक अनाज-व्यापारी यह जानने को उत्सुक होता है कि अनाज के भाव कितने बढ़ेंगे यदि फसल में 10% की कमी है।

विचरण का अनुपात ज्ञात करने की विधियाँ

विचरण का अनुपात ज्ञात करने की दो विधियाँ हैं—

(1) गणितीय विधि (Mathematical Method),

(2) बिन्दु रेखीय विधि (Graphic method)।

(1) गणितीय विधि

इस विधि से विचरण के अनुपात की संगणना करने के लिए निम्न क्रियाएँ करनी पड़ती हैं—

(i) सर्वप्रथम वह निश्चित कीजिए कि कौन-सी श्रेणी को प्रधान और किसे आश्रित माना जाये। उस श्रेणी को प्रधान मानना उचित है जिसमें अधिक माध्य आनुपातिक विचरण हों। इसमें विचरण का अनुपात 1 की तुलना में सदा कम आयेगा।

(ii) प्रधान और आश्रित श्रेणियों का समान्तर माध्य निकालिये।

(iii) इन माध्यों से दोनों श्रेणियों के मूल्यों का विचलन (deviation) अलग-अलग निकालिये।

(iv) दोनों श्रेणियों में प्रत्येक पद का प्रतिशत विचलन निकालिये। इसके लिए निम्न सूत्र का प्रयोग होता है—

$$\frac{d}{a} \times 100$$

(v) आश्रित श्रेणी के प्रत्येक पद के प्रतिशत विचलन में प्रधान श्रेणी के उसके सामने वाले प्रतिशत विचलन का भाग देकर भजनफल निकालिये।

(vi) इन भजनफलों के योग में पदों के जोड़ों की संख्या का भाग दीजिये। प्राप्त भजनफल विचरण का अनुपात होगा।

Illustration 14— From the following data ascertain the ratio variation between the sales and profits.

Year	:	1998	1999	2000	2001	2002	2003
Sales (Lakhs)	:	72	84	66	60	48	42
Profits (Lakhs)	:	42	52	48	46	30	28
Year	:	2004	2005	2006	2007	2008	2009
Sales (Lakhs)	:	54	63	51	57	69	54
Profit (Lakhs)	:	36	38	34	42	44	40

NOTES

Solution —

Year	(Sales) X-series			(Profits) Y-series			Ratio
	Sales x	dx (60)	dx %	Profits y	dy (40)	dy (%)	dy % / dx %
1998	72	12	12/60 × 100 = 20	42	+2	6	0.25
1999	84	+24	24/60 × 100 = 40	52	+12	30	0.75
2000	66	+6	6/60 × 100 = 100	48	+8	20	2.00
2001	60	0	–12/60 × 100 = –20	46	+6	15	0
2002	48	–12	–18/60 × 100 = –30	30	–10	–25	1.25
2003	42	–18	–6/60 × 100 = –30	28	–12	–30	1.00
2004	54	–6	3/60 × 100 = +5	36	–4	–10	1.00
2005	63	+3	–3/60 × 100 = –15	38	–2	–5	–1.00
2006	51	–9	–3/60 × 100 = –5	34	–6	–15	1.00
2007	57	–3	9/60 × 100 = +15	42	+2	+5	–1.00
2008	69	+9	–6/60 × 100 = –10	44	+4	+10	0.67
2009	54	–6		40	0	0	0

$$\text{Ratio of Variation} = \frac{\frac{dy\%}{dx\%}}{N} = \frac{5.92}{12} = 0.494$$

Thus for a deviation of one unit in x-series, there is on an average a deviation of 0.494 in y-series.

(2) **बिन्दुरेखीय विधि** (Graphic Method)

पद-श्रेणियाँ, जो सामाजिक और आर्थिक समस्याओं से सम्बन्धित होती हैं, प्रायः नियमित नहीं होती हैं। ऐसी परिस्थिति में विचरण का अनुपात गणितीय विधि से ज्ञात करना उपयुक्त नहीं होता। यहाँ बिन्दुरेखीय विधि अधिक उपयुक्त है। इस विधि के जन्मदाता श्री फ्रांसिस गाल्टन थे। इस विधि में निम्न क्रियाएँ की जाती हैं—

(1) दोनों श्रेणियों के समान्तर माध्य निकालिए।

(2) दोनों श्रेणियों के समान्तर माध्य को आधार मानकर उसके प्रत्येक मूल्य को प्रतिशत में बदल लीजिये।

(3) प्रधान श्रेणी को उदग्र माप, अर्थात् कोटि-अक्ष (axis of y) पर प्रदर्शित कीजिए।

(4) आश्रित श्रेणी को क्षैतिज माप अर्थात् भुजाक्ष (axis of x) पर प्रदर्शित कीजिए।

(5) प्राप्त निर्देशांक को लिए गये माप के आधार पर बिन्दुरेख पत्र पर अंकित कीजिए।

(6) तब एक सर्वाधिक उपयुक्तता की रेखा खींचिए। इस रेखा को खींचने में यह ध्यान रखा जाये कि जहाँ तक सम्भव हो लगभग आधे अंकित बिन्दुरेखा की ओर और आधे दूसरी ओर हों। रेखा के दोनों ओर के बिन्दु यथासम्भव रेखा के समान दूरी पर हों तथा यह रेखा समान्तर माध्य से होकर गुजरनी चाहिए।

गाल्टन बिन्दुरेख का अध्ययन

(1) यदि दोनों श्रेणियों का विचरण एक ही अनुपात में होता है, तो अंकित बिन्दुरेख एक रेखा के रूप में होंगे। दोनों में पूर्ण सह-संबंध होगा।

(2) यदि रेखा बाईं ओर से दाहिनी ओर ऊपर उठी हो तो धनात्मक सह-संबंध होता है।

(3) यदि रेखा बाईं ओर से दाहिनी ओर नीचे की ओर झुकी हो, तो ऋणात्मक सह-संबंध होगा।

(4) यदि दोनों श्रेणियों में एक ही अनुपात में परिवर्तन होता है, तो यह रेखा आधार रेखा से 45° का कोण बनाती हुई जायेगी। यदि प्रधान श्रेणी में आश्रित श्रेणी की अपेक्षा विचलन की दर अधिक होती है तो यह कोण 45° से अधिक अन्यथा इससे कम होता है।

(5) यह रेखा समान विचरण रेखा से जितनी दूर होगी, सह-संबंध उतना ही कम होगा।

विचरण के अनुपात का माप

कोटि अक्ष (axis of y) पर कोई बिन्दु (A) ले लीजिए। इस बिन्दु से विचरण रेखा तक एक रेखा खींचिये। जहाँ तक रेखा विचरण रेखा को स्पर्श करे (B), वहाँ से भुजाक्ष (axis of x) पर लम्ब (C) खींचिये। अब, AB और BC की दूरी माप लीजिए। AB के माप में BC के माप का भाग दे दीजिये। भजनफल विचरण का अनुपात बतलायेगा।

Illustration 15—Show Ratio of Variation graphically from the following—

X-Series	12	20	18	25	18	13	12	17	26	39 = 200
Y-Series	140	180	180	190	210	190	160	180	250	320 = 2000

Solution.

x	Index of x (20 = 100)	y	Index of y (200 = 100)
12	60	140	70
20	100	180	90
18	90	180	90
25	125	190	95
18	90	210	105
18	65	190	95
12	60	160	80
17	85	180	90
26	130	250	125
39	195	320	160
200		2000	
a = 200		a = 200	

गाल्टन बिन्दुरेख की उपयोगितायें—(1) यह प्रदर्शित करता है कि दो श्रेणियों के सह-संबंध हैं या नहीं तथा कैसा सह-संबंध है।

(2) इसके द्वारा प्रतीपगमन का माप भी ज्ञात किया जा सकता है।



(3) विचरण के अनुपात का माप भी इसके द्वारा ज्ञात किया जा सकता है।

(4) इसमें प्रधान श्रेणी के किसी भी मूल्य का आश्रित श्रेणी में अनुमानित मूल्य का ज्ञान हो जाता है।

NOTES

8.8 बहुगुणी प्रतीपगमन (Multiple Regression)

जब एक आश्रित चर पर कई स्वतंत्र चरों के सामूहिक प्रभाव का अध्ययन करना होता है तो उसके लिए बहुगुणी प्रतीपगमन एक उचित रीति है। यह सरल प्रतीपगमन का ही विस्तृत रूप है। इसके द्वारा दो या दो से अधिक स्वतंत्र चर मूल्यों के आधार पर आश्रित चर के सर्वोत्तम मूल्य का अनुमान लगाया जाता है। उदाहरण के लिए, 20 हैक्टेयर भूमि में गेहूँ की उपज (x_1) का, वर्षा की मात्रा (x_2) और खाद की मात्रा (x_3) दिये हुए होने पर अनुमान एक निश्चित वर्षा एवं खाद की मात्रा के लिए बहुगुणी प्रतीपगमन विश्लेषण द्वारा लगाया जा सकता है।

सरल प्रतीपगमन में आश्रित चर के अनुमान एक रेखा में आते हैं, किन्तु जब दो स्वतंत्र चर होते हैं तो ये अनुमान एक क्षेत्र (plane) में आवेंगे।

बहुगुणी प्रतीपगमन समीकरण (Multiple Regression Equation)

यह समीकरण विविध चरों के औसत सम्बन्ध को व्यक्त करता है। इस औसत संबंध के आधार पर ही आश्रित चर के लिए सर्वोत्तम अनुमान लगाया जाता है।

यह समीकरण इस प्रकार लिखा जाता है-

$$y_c = a + b_1x_1 + b_2x_2 + b_3x_3 + ...$$

संकेताक्षर:

y_c = आश्रित चर का संगणित मान (Computed Value of dependent Variable)

x_1, x_2, x_3 = स्वतंत्र चर (Independent variables)

b_1, b_2, b_3 = प्रतीपगमन गुणक (Regression Coefficient)

गेहूँ की उपज (x_1) तथा वर्षा एवं खाद की मात्रा (x_2 तथा x_3) के लिए बहुगुणी प्रतीपगमन समीकरण इस प्रकार लिखा जावेगा:-

$$x_{1.23} = a_{1.23} + b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

यहाँ

x_1 = गेहूँ की उपज

$a_{1.23}$ = स्थिरांक

$b_{12.3}$ = आंशिक प्रतीपगमन गुणक जो x_2 में इकाई परिवर्तन का प्रभाव x_1 पर x_3 को स्थिर मानते हुए मापता है।

$b_{13.2}$ = आंशिक प्रतीपगमन गुणक जो x_3 में इकाई परिवर्तन का प्रभाव x_1 पर x_2 को स्थिर मानते हुए मापता है।

x_2 = वर्षा की मात्रा।

x_3 = खाद की मात्रा।

वास्तविक माध्य से विचलन लेने पर :

जब विचलन चरों के वास्तविक माध्य से लिये जाते हैं तो प्रतीपगमन समीकरण छोटा हो जाता है क्योंकि ऐसी स्थिति में $a_{1.23}$ स्थिरांक का मान शून्य हो जाता है। इस स्थिति में समीकरण होगा :

$$x_1 = b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

आंशिक प्रतीपगमन गुणकों की गणना के सूत्र :

$$b_{12.3} = \frac{r_{12} - r_{13}r_{23}}{1 - r_{23}^2} \times \frac{\sigma_1}{\sigma_2} \text{ या } = r_{12.3} \times \frac{\sigma 1.23}{\sigma 2.13}$$

$$b_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12}r_{23}}{r - r_{23}^2} \times \frac{\sigma_1}{\sigma_3} \text{ या } = r_{13.2} \times \frac{\sigma 1.23}{\sigma 3.12}$$

आंशिक प्रतीपगमन गुणकों को मालूम करके समीकरण के रूप में रख दिया जाता है और इस प्रकार x_1 का सर्वोत्तम मान निकाल लिया जाता है। इन गुणकों के आधार पर प्रतीपगमन समीकरण इस प्रकार होगा:-

Regression equation of x_1 on x_2 and x_3

$$x_{1.23} = a_{1.23} + b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

$$a_{1.23} = \bar{x}_1 - b_{12.3}\bar{x}_2 - b_{13.2}\bar{x}_3$$

आंशिक सह संबंध गुणकों तथा आंशिक प्रतीपगमन गुणकों में संबंध (Relation between Partial Correlation Coefficient and Partial Regression Coefficients):-

जिस प्रकार सह संबंध गुणक (r_{12}) दोनों प्रतीपगमन गुणकों के गुणनफल का वर्गमूल होता है, उसी प्रकार आंशिक सहसंबंध गुणक ($r_{12.3}$) दोनों आंशिक प्रतीपगमन गुणकों के गुणनफल का वर्गमूल होता है :-

$$r_{12.3} = \sqrt{b_{12.3} \times b_{21.3}} \quad \text{या} \quad r^2_{12.3} = b_{12.3} \times b_{21.3}$$

Illustration 16: Find the multiple linear Regression equation of x_1 on x_2 and x_3 from the data relating to three Variables given below :-

x_1	:	11	17	26	28	31	35	41	49	63	69
x_2	:	2	4	6	5	8	7	10	11	13	14
x_3	:	2	3	4	5	6	7	9	10	11	13

Solution: The regression equation of x_1 on x_2 and x_3 is

$$x_1 = a_{1.23} + b_{12.3}x_2 + b_{13.2}x_3$$

The Values of the Constants $a_{1.23}$, $b_{12.3}$ and $b_{13.2}$ are obtained by solving the following three normal equations:

$$\Sigma x_1 = Na_{1.23} + b_{12.3}\,\Sigma x_2 + b_{13.2}\,\Sigma x_3$$

$$\Sigma x_1 x_2 = a_{1.23}\,\Sigma x_2 + b_{12.3}\,\Sigma x_2^2 + b_{13.2}\,\Sigma x_2 x_3$$

$$\Sigma x_1 x_3 = a_{1.23}\,\Sigma x_3 + b_{12.3}\,\Sigma x_2 x_3 + b_{13.2}\,\Sigma x_3^2$$

x_1	x_2	x_3	$x_1 x_2$	$x_3 x_1$	$x_2 x_3$	x_2^2	x_3^2	x_1^2
11	2	2	22	22	4	4	4	121
17	4	3	68	51	12	16	9	289
26	6	4	156	104	24	36	16	676
28	5	5	140	140	25	25	25	784
31	8	6	248	186	48	64	36	961
35	7	7	245	225	49	49	49	1225
41	10	9	410	369	90	100	81	1681
49	11	10	539	490	110	121	100	2401
63	13	11	819	693	143	169	121	3969
69	14	13	966	897	182	196	169	4761
370	80	70	3,613	3,197	687	780	610	16,868

Substituting the values in the normal equations :

$$10\,a_{1.23} + 80\,b_{12.3} + 70\,b_{13.2} = 370 \qquad \text{....(i)}$$

$$80\,a_{1.23} + 780\,b_{12.3} + 687\,b_{13.2} = 3{,}613 \qquad \text{....(ii)}$$

$$70\,a_{1.23} + 687\,b_{12.3} + 610\,b_{13.2} = 3{,}197 \qquad \text{....(iii)}$$

Dividing each equation by the coefficient of $b_{12.3}$, we get

$$.125\,a_{1.23} + b_{12.3} + .875\,b_{13.2} = 4.625 \qquad \text{.....(iv)}$$

$$.103\,a_{1.23} + b_{12.3} + .881\,b_{13.2} = 4.632 \qquad \text{.....(v)}$$

NOTES

$$.102\,a_{1.23} + b_{123} + .888\,b_{13.2} = 4.654 \quad \text{.....(vi)}$$

Subtracting equation, (iv) from (v) and (v) from (vi), we have

$$-.022\,a_{1.23} + .006\,b_{13.2} = .007 \quad \text{......(vii)}$$

$$-.001\,a_{1.23} + .007\,b_{13.2} = .022 \quad \text{......(viii)}$$

Multiplying (vii) and (viii) by 1,000 we get

$$-22\,a_{1.23} + 6\,b_{13.2} = 7 \quad \text{.......(ix)}$$

$$-a_{1.23} + 7\,b_{13.2} = 22 \quad \text{.....(x)}$$

Solving these equations, we get

$$a_{1.23} = 0.561;\ b_{123} = 1.735 \text{ and } b_{13.2} = 3.223$$

Hence, the required equation is

$$x_1 = 0.561 + 1.735x_2 + 3.223x_3$$

Illustration 17: The following information about a trivariate population is known :-

$\sigma_1 = 3; \sigma_2 = 4$ and $\sigma_3 = 5 \quad r_{23} = 0.40; r_{31} = 0.60$ and $r_{12} = 0.70$

Determine the regression equation of x_1 on x_2 and x_3

Solution: Regression equation of x_1 on x_2 and x_3 is

$$x_1 = a + b_{123}x_2 + b_{13.2}x_3$$

If the Variables x_1, x_2 and x_3 are measured as deviations from their respective means, 'a' will be zero. So, let us assume x_1, x_2 and x_3 represent deviations from means. Now the regression equation of x_1 on x_2 and x_3 is-

$$x_1 = b_{123}x_2 + b_{13.2}x_3$$

$$b_{123} = \frac{r_{12} - r_{13}r_{23}}{1 - r_{23}^2} \times \frac{\sigma_1}{\sigma_2}$$

$$= \frac{0.70 - 0.60 \times 0.40}{1 - (0.40)_2} \times \frac{3}{4} = 0.41$$

$$b_{13.2} = \frac{r_{13} - r_{12} \times r_{23}}{1 - r_{23}^2} \times \frac{\sigma_1}{\sigma_2}$$

$$= \frac{0.60 - (0.70 \times 0.40)}{1 - (0.40)^2} \times \frac{3}{5} = 0.228$$

∴ Required regression equation is

$$x_1 = 0.41\,x_2 + 0.228\,x_3$$

Illustration 18: Given the following data, Calculate the expected value of x_3 when $x_1 = 58$ and $x_2 = 52.5$;

$$\bar{x}_1 = 55.95; \quad \sigma_1 = 2.26; \quad r_{12} = 0.578$$

$$\bar{x}_2 = 51.48; \quad \sigma_2 = 4{,}39; \quad r_{13} = 0.581$$

$$\bar{x}_3 = 56.03; \quad \sigma_3 = 4.41; \quad r_{23} = 0.974$$

Solution :

The Multiple regression equation of x_3 on x_1 and x_2 is

$$x_{3.12} = a_{3.12} + b_{31.2}x_1 + b_{32.1}x_2 \quad \text{......(i)}$$

Now,

$$b_{31.2} = \frac{r_{13} - r_{23}\,r_{12}}{1 - r_{12}^2} \times \frac{\sigma_3}{\sigma_1} = \frac{0.581 - (0.974 \times 0.578)}{1 - (0.578)^2} \times \frac{4.41}{2.26}$$

$$= \frac{0.581 - 0.563}{1 - 0.334} \times \frac{4.41}{2.26} = \frac{0.018}{0.666} \times 1.95 = 0.053$$

$$b_{32.1} = \frac{r_{23} - r_{13}\,r_{12}}{1 - r_{12}^2} \times \frac{\sigma_3}{\sigma_2} = \frac{0.974 - (0.581 \times 0.578)}{1 - (0.578)^2} \times \frac{4.41}{4.39}$$

$$= \frac{0.974 - 0.336}{1 - 0.334} \times 1.005 = \frac{0.638}{0.666} \times 1.005 = 0.963$$

$$a_{3.12} = \bar{x}_3 - x_1\,\bar{b}_{31.2} - b_{32.1}\,\bar{x}_2$$

$$= 56.03 - (0.053 \times 55.95) - (0.963 - 51.48)$$

$$= 3.48$$

Substituting the values in the equation No. (i), we get

$$x_{3.12} = 3.48 + (0.053 \times 58) + (0.963 \times 52.5) = 57.11$$

बोध प्रश्न

1. विचरण का अनुपात ज्ञात करने की विधि को संक्षिप्त में समझाइए।

....

....

....

2. बहुगुणी प्रतीपगमन पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

....

....

....

3. प्रतीपगमन विचार की व्याख्या कीजिए?

....

....

....

8.10 सारांश

आर्थिक एवं व्यापारिक जगत में प्रतीपगमन की अत्यन्त व्यावहारिक उपयोगिता है। इस तकनीक के प्रयोग से अनेक प्रकार के तथ्यों के पूर्वानुमान किए जा सकते हैं। प्रतीपगमन विश्लेषण प्रकृति तथा सीमा की माप करके हमें भावी अनुमान लगाने की क्षमता प्रदान करता है 1. रेखीय एवं वक्रीय प्रतीपगमन, 2. सरल एवं बहुगुणी प्रतीपगमन। प्रतीपगमन रेखाएँ दो होती हैं एवं प्रतीपगमन रेखाएँ दो प्रकार से खींची जा सकती है– 1. मुक्त हस्त विधि तथा प्रतीपगमन समीकरण के द्वारा। प्रथम विधि उपयुक्त नहीं है क्योंकि तथ्यों की रचना भिन्न हो सकती है अतः द्वितीय विधि प्रतीपगमन समीकरणों के आधार पर ही इन रेखाओं को खींचा जा सकता है।

8.11 शब्दावली या शब्दकुंजी

NOTES

8.12 अभ्यास प्रश्न

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)

1. 'प्रतीपगमन' से क्या आशय है ? प्रत्येक द्विचर वितरण के लिए सामान्यतः दो प्रतीपगमन रेखाओं का होना क्यों आवश्यक है ?

   What is meant by 'Regression'. Why should there be in general, two lines of regression for each bivariate-distribution.

2. प्रतीपगमन-विचार की व्याख्या कीजिए। यह सह सम्बन्ध से किस प्रकार भिन्न हैं ?

   Explain the concept of Regression. How does it differ from Correlation?

3. 'प्रतीपगमन' की परिभाषा दीजिए। प्रतीपगमन रेखाएँ दो क्यों होती हैं ? किन परिस्थितियों में केवल एक ही प्रतीपगमन रेखा हो सकती है ?

   Define 'Regression'. Why are there two regression lines? Under what conditions can there be only one regression line?

4. सह सम्बन्ध, प्रतीपगमन तथा विचरण अनुपात की धारणाओं की व्याख्या कीजिए और आर्थिक अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी उपयोगिता बतलाइए।

   Explain the concepts of Correlation, regression and ratio of variation and state their utility in the field of economic enquiries.

5. सह सम्बन्ध गुणांक और प्रतीपगमन गुणांक का अर्थ समझाइये। प्रतीपगमन समीकरण दो क्यों होना चाहिये ?

   Explain the meaning of Correlation Coefficient and regression coefficient. Why should there be two equations?

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Answer Type Questions)

1. प्रतीपगमन से क्या आशय है ?

   What is meant by Regression?

2. प्रतीपगमन रेखाएँ दो क्यों होती हैं ?

   Why are there two regression lines?

3. प्रतीपगमन समीकरण दो क्यों होना चाहिये।

   Why should there be two equations?

4. प्रतीपगमन गुणांक का अर्थ समझाइये।

   Explain the meaning of regression coefficient.

5. प्रतीपगमन विचार की व्याख्या कीजिये।

   Explain the concept of Regression.

वस्तुनिष्ठ प्रश्न (Objective Type Questions)

1. प्रतीपगमन का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया-

   (अ) स्टोव, (ब) जेवन्स, (स) फिशर, (द) गाल्टन।

2. प्रतीपगमन गुणांक प्रतीपगमन रेखा का कैसा माप है-

   (अ) गणितीय, (ब) रेखा गणितीय, (स) बीज गणितीय, (द) सामान्य।

3. दोनों प्रतीपगमन गुणांकों का मूल्य धनात्मक होने पर सहसंबंध गुणांक होगा-

   (अ) ऋणात्मक, (ब) धनात्मक, (स) शून्य, (द) अनंत।

4. दो चरों की दशा में केवल एक प्रतीपगमन रेखा होगी जबकि-

   (अ) $r = 0$, (ब) $r = +1$, (स) $r = -1$, (द) $r = +1$ या -1

[उत्तर- 1. (द), 2. (स), 3. (ब), 4. (द)]

8.13 व्यावहारिक प्रश्न

1. You are given the following results for the heights (x) and weights (y) of 1000 workers of a factory.

   Mean Height (ax) = 68.0 inches; and = 2.5 inches

   Mean Weight x(y) = 150.0 lbs; and = 20 lbs.

   Coefficient of Correlation = +0.60

   Estimate from the above data (i) the height of a particular factory worker whose weight is 200 lbs. (ii) The weight of a particular factory worker who is 5 feet tall.

   [71.75 inches and 111.6 lbs]

2. The following data are given for marks in subjects A and B in a certain examination–

   Mean Marks in A = 39.5

   Mean Marks in B = 47.5

   S.D. in A = 10.8

   S.D. in B = 16.3

   Coefficient of Correlation between A and B = +0.42

   Draw the two lines of regression and explain why there are two equations of regression. Also give the expectations of Marks in subject B for candidate who secured 50 marks in subject A.

   [Ans. 54.325, Equation are (i) $y - 47.5 = .63\,(x - 39.5)$ (ii) $x - 39.5 = .27\,(y - 47.5)$]

3. The following table gives the frequency according to age groups of marks obtained by 5 students in an intelligence test–

Test Marks	Age in Years					Total
	19	20	21	22	23	
10-20	4	4	2	1	1	12
20-40	3	5	4	2	2	16
40-60	3	6	8	5	3	25
60-80	-	4	6	8	4	22
Total	10	19	20	16	10	75

   Calculate the Coefficient of Correlation between age and intellegence.

   [r = .35]

4. Calculate Regression equation from the following data–

   Mean height = 50.07 inches

   Mean age = 9.98 yrs.

   S.D. of height = 5.26 inches

   S.D. of age = 2.59 yrs.

   Coefficient of Correlation = +0.898

   [$x = 1.797y + 32.14$; $y = .442x - 12.21$]

NOTES

5. Given the following data. calculate the expected value of y and x is 12.

	X	Y
Average	7.6	14.8
Standard Deviation	3.6	2.5

[r = +0.99]
[Ans. 17.825]

6. The ages of husband and wife in a community were found to have a Correlation Coefficient equal to +0.8; the average ages of husband and wife were 25 and 22 years and their standard deviation 4 and 5 years respectively. Draw the two line of regression and estimate the expected age of husband when the wife's age is 12 years and the expected age of wife when husband's age is 33 years.
[Ans. Husband's age 18.60, wife's age 30 years]

7. Determine the Equation of the straight line which best fits the following data—

X	:	10	12	13	16	17	20	25
Y	:	19	22	24	27	29	33	37

[Ans. x on y = x = .8124 - 6.013; y on x = y = 1.213 x + 7.705]

8. From the following data, find the probable yield when rainfall is 29 inches - Mean rainfall -25 inches, Mean Production -40 units per acre. Coefficient of Correlation between rainfall and production -8; S.D. of rainfall -3 inches; S.D. of production -6 units.
[46.4 units]

9. Given the following data for two tests—

History (x)	English (y)
$\bar{x} = 75$	$\bar{y} = 70$
$\sigma_x = 6$	$\sigma_y = 8$

[r = +0.72]
(a) Work out the two regression equations.
(b) Predict the probably grade in English of a student whose histroy marks are 65.
[y = .96x - 2, x = .54y + 37.2; 60.4]

10. Find out Coefficient of Correlation and regression equation—

x	:	1	2	3	4	5	6	7
y	:	9	8	10	12	11	13	14

Also find estimated value of y when x = 6.2
[r = .9, y =.929x + 7.248; x = -929y - 6.219; y = 13.04]

11. Calculate Coefficient of Correlation and obtain the lines of regression for the following data—

x	:	1	2	3	4	5	6	7	8	9
y	:	9	8	10	12	11	13	14	16	15

Obtain an estimate of y which should correspond on the average to x = 6.2.
[Ans. r = +.95, Regression equation y on x = .95x + 7.25]
[Regression equation x on y = .95y – 6.4; y = 13.14]

12. The following marks have been obtained by a class of students in Statistics (Out of 100).

Paper I	80	45	55	56	58	60	65	68	70	75	85
Paper II	82	56	50	48	60	62	64	65	70	74	90

Compute the Coefficient of Correlation for the above data. Find the lines of regression and examine the relationship.

[r = +.91, y = .99x + .9, x = .85y + 9.55; P.E. = 0.45]

13. Recorded data showing the test scores made by salesman on an intelligence test and their weekly sales is given in the following.

Salesman	A	B	C	D	E	F	G	H	I	J
Test Scores	40	70	50	60	80	50	90	90	60	60
Sales in '000 units	2.5	6.0	4.5	5.0	4.5	2.0	5.5	3.0	4.5	3.0

Calculate the regression line of sales on test score and estimate the most probable weekly sales volume if a salesman makes a score of 70.

What will be the sampling error of your estimate?

[Ans. bxy = .66, y = 5.65]

$$\text{Sampling Error} = \sqrt{\frac{(\Sigma dy^2 - r\frac{\sigma_y}{\sigma_x}\Sigma xy)}{n}} = \pm .88$$

14. Heights of fathers and sons are given in inches—

Height of father	65	66	67	67	68	69	71	73
Height of son	67	68	64	68	72	70	69	70

From the two lines of Regression, calculate the expected average height of the son when the height of the father is 67.5 inches.

[Ans. = 68.18 inches]

15. If the mean and S.D. of three variables are as follows :

	X_1	X_2	X_3
Mean	28.02	4.91	594
S.D.	4.42	1.10	85

and of $r_{12} = .80$, $r_{23} = -\cdot 56$ and $r_{31} = -40$. Find the plane of regression of X 1 on X 2 and X 3 .

(b) Calculate R21.23 in the above example deriving the formula you use. Interpret the result.

16. (a) Distinguish between " Multiple" and "Partial" correlations, in the case of three variables. Write down the formula for them.

(b) X_1, X_2, X_3 are three variables measured from their means with $N = 10$; $\Sigma X_1^2 = 90$; $\Sigma X_2^2 = 160$; $\Sigma X_3^2 = 40$;

$$\Sigma X_1 X_2 = 60; \Sigma X_2 X_3 = 60; \Sigma X_3 X_1 = 40$$

Calculate $r_{12.3}$ and $R_{2.31}$.

NOTES

17. Calculate coefficient of linear multiple correlation of X_3 on X_1 and X_2 from the following data. Also find $r_{12.3}$, $r_{13.2}$ and $r_{23.1}$

X_1	3	5	6	8	12	14
X_2	16	10	7	4	3	2
X_3	90	72	54	42	30	12

[Ans. $r_{12.3}$ = 0.5950, $r_{13.2}$ = − 0.8995]

18. Obtain the best rule for predicting X_1 in terms of X_2 and X_3, given the following Data:

Observation No.	:	1	2	3	4	5	6	7
Variable X_1	:	5	3	2	4	3	1	8
Variable X_2	:	2	4	2	2	3	2	4
Variable X_3	:	21	21	15	17	20	13	32

19. Calculate (a) R3.12 (b) R1.23 (c) R2.13 from the following data:

X_1 = 6.8	X_2 = 7.0	X_3 = 74
s_1 = 1.0	s_2 = .80	s_3 = .90
r_{12} = .60	r_{13} = .70	r_{23} = .65

[Ans. (a) .7567, (b) .7255, (c) . 6810]

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

अध्याय–9 सांख्यिकीय निर्णयन सिद्धान्त
(STATISTICAL DECISION THEORY)

NOTES

इकाई की रूपरेखा

9.0 उद्देश्य

इस इकाई का अध्ययन करने के बाद आप इस योग्य हो सकेंगे कि–

1. निर्णयन का अर्थ व इसकी अवधारणा का ज्ञान होगा।
2. निर्णयन सिद्धान्त में मूल्यों को सारणीकरण कर सकेंगे।
3. निर्णयन समस्या के तत्वों का ज्ञान होगा।

9.1 प्रस्तावना

निर्णयन प्रबन्ध का हृदय होता है, एक प्रबन्धक अपनी समस्त गतिविधियाँ एवं कार्य निर्णयन के द्वारा ही करता है। वह सतत् निर्णयन प्रक्रिया के साथ संलग्न रहता है। चाहे वह लक्ष्यों का निर्धारण करता है, योजना तैयार करता है, व्यूह रचना जमाता है, नीति निर्धारण एवं प्रक्रिया का निर्धारण करता है अथवा कर्मचारियों की भर्ती, चयन एवं नियुक्ति करता है वह केवल निर्णयन द्वारा ही ये सभी कार्य का पाता है। इस प्रकार निर्णयन समस्त प्रबन्धकीय क्रियाओं का आधार है। प्रसिद्ध प्रबन्ध शास्त्री **पीटर एफ.ड्रकर** ने कहा है कि **"एक प्रबन्धक जो कुछ भी करता है वह निर्णयन के द्वारा ही करता है।"**

निर्णयन का आशय (Meaning of Decision Making)– निर्णयन के विभिन्न पक्षों की व्याख्या करने के पूर्व निर्णय शब्द का अर्थ जानना आवश्यक है। निर्णय (Decision) शब्द की उत्पत्ति लेटिन शब्द 'decides' से हुई है, जिसका शाब्दिक अर्थ काटना होता है। इस प्रकार निर्णय उन विकल्पों जो वांछित होते हैं एवं उन विकल्पों जो अवांछित होते हैं, के मध्य काटने का काम करता है। व्यावहारिक रूप में निर्णय विभिन्न विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन करना है। किसी भी व्यवसाय अथवा उद्योग में आरम्भ से लेकर अन्त तक अनेक निर्णय लेने पड़ते हैं, यही कारण है कि कुछ विद्वानों ने प्रबन्ध को निर्णय लेने की प्रक्रिया के रूप में परिभाषित किया है। **ड्रकर** ने कहा है कि **"निर्णय विभिन्न विकल्पों के मध्य चयन करता है।"**

NOTES

9.2 निर्णयन की अवधारणाएँ (Concept of Decision Making)

निर्णयन कोई तथ्य या विषयवस्तु न होकर एक प्रक्रिया के रूप में जाना एवं माना जाता है। अतः इसे प्रक्रिया के रूप में ही सहज मान्यता मिली है, लेकिन प्रबन्ध शास्त्र के नियंताओं ने अपनी पृथक-पृथक राय इसके बारे में कायम की थी जो विभिन्न अवधारणाओं के रूप में परिलक्षित हुई। इनमें से कुछ प्रमुख अवधारणाएँ निम्नलिखित हैं :

1. **मानसिक प्रक्रिया अवधारणा** (Mental Process Concept)– इस विचार के जनक प्रसिद्ध प्रबन्धशास्त्री **प्रो. जी. एल. एस. शेकल** थे। उनके अनुसार 'निर्णयन' एक मानसिक प्रक्रिया है, जिसमें निर्णय लेने वाला अपने मस्तिष्क का उपयोग करके विवेकपूर्ण एवं तर्कसंगत निर्णय लेता है। यह सर्वथा उचित एवं प्रासंगिक विचार है क्योंकि विकल्पों की खोज, चयन एवं त्वरित निष्कर्ष निकालना जैसी समस्त क्रियाएँ मस्तिष्क से ही संचालित की जाती हैं।

2. **चयन अवधारणा** (Selection Concept)– आरम्भिक तौर पर **कूण्ट्ज ओ'डोनेल, मैकफारलैण्ड** आदि विद्वानों ने निर्णयन को केवल चयन प्रक्रिया तक ही सीमित किया था। उनके अनुसार जब निर्णयन प्रक्रिया प्रारम्भ होती है तो उसकी प्रथम एवं मुख्य कड़ी विभिन्न विकल्पों के मध्य तुलना करके श्रेष्ठ विकल्प का चयन करना होती है। अतः समस्याओं के समाधान हेतु प्रबन्धक वर्ग इस चयन के द्वारा ही अपने लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं।

3. **समस्या निवारण अवधारणा** (Problem Solving Concept)– यह एक स्वाभाविक सत्य है कि कोई भी निर्णय किया क्यों जाता है, क्योंकि कोई समस्या होती है एवं इसका समाधान करने के लिए निर्णयन प्रक्रिया का उपयोग ही श्रेष्ठ हल हो सकता है। अतः समस्या निवारण अवधारणा भी मुख्य रूप से निर्णयन के लक्ष्यों को उभारती है। यदि कोई समस्या नहीं है तो निर्णयन का प्रश्न ही नहीं उठता है।

4. **सतत् प्रक्रिया अवधारणा** (Continuity Process Concept)– निर्णयन कोई इस प्रकार का कार्य नहीं होता कि काम पूरा हुआ एवं निर्णयन पूरा हुआ, यह तो एक सतत् चलने वाले प्रक्रिया होती है। बहुधा यह समझ लिया जाता है कि श्रेष्ठ विकल्प का चयन करके निर्णयन समाप्त हो जाता है। यह समझना भ्रांति है क्योंकि श्रेष्ठ का चयन करके अपने संगठन को कार्य पर लगा देता है, पूँजी की व्यवस्था करता है, श्रम को अभिप्रेरित करता है, लाभार्जन यद्यपि मुख्य लक्ष्य है फिर भी सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है, मानव संसाधनों का विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर भी चिन्तन-मनन करना प्रबन्धकीय निर्णयन प्रक्रिया में समाहित किये जाते हैं। अतः निर्णयन एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया होती है।

5. **उद्देश्यात्मक अवधारणा** (Objective Concept)– कोई व्यक्ति किसी भी कार्य को हमेशा किसी उद्देश्य के लिए ही करता है तो प्रबन्ध तो कोई कार्य निरुद्देश्य कर ही नहीं सकता। निर्णयन प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य लक्ष्य निर्धारण को ध्यान में रखकर उस तक पहुँचने के उपाय ढूँढ़ना, विकल्प प्रस्तुत करना आदि होता है। सामान्यतया निर्णयन का उद्देश्य सकारात्मक होता है, लेकिन कभी-कभी उद्देश्य नकारात्मक भी हो सकते हैं।

6. **चैतन्य मानवीय क्रिया अवधारणा** (Conscious Human Activity Concept)– नियोजन करके लक्ष्य तक पहुँचना है तो एक बाँर उस लक्ष्य प्राप्ति का नियोजन जड़ हो सकता है लेकिन निर्णयन तो व्यक्ति, उद्यमी एवं प्रबन्धक की मानसिक क्रिया से किया जाता है अतः इसमें उन्हें सदैव चैतन्य अवस्था में ही रहना होता है। यदि ये जड़ हुए तो व्यवसाय भी जड़ हो जायेगा एवं निर्णयन दिशाहीन हो जाएगा। अतः निर्णयन एक चैतन्य क्रिया होती है।

7. **वचनबद्धता की अवधारणा** (Commitment Concept)– जब भी प्रबन्ध या प्रशासन कोई निर्णय लेता है तब वह उस निर्णयानुसार कार्य सम्पन्न करने के लिए वचनबद्ध होता है अर्थात् यह वचनबद्धता उसे लक्ष्य पूर्ण होने तक निभानी होती है। निर्णयन के पश्चात् निर्णय लेने वाला वचनबद्ध हो जाता है जिसे वह पूर्ण करने या कराने हेतु बाध्य होता है। यह अवधारणा निर्णयकर्ता को उत्तरदायित्व की भावना से बद्ध करती है।

8. **सर्वव्यापकता की अवधारणा** (Universality Concept)– प्रबन्ध किसी भी स्तर का हो चाहे वह शीर्ष प्रबन्ध हो या मध्य अथवा निम्न प्रबन्ध उसे कोई न निर्णय अवश्य लेना पड़ता है अतः निर्णयन प्रबन्ध की मूल आधारशिला है। यह न केवल उद्योग, प्रबन्ध एवं प्रशासन तक बल्कि प्रत्येक व्यक्ति, समाज एवं हर एक घटक निर्णयन से प्रभावित होता है अतः निर्णयन एक सर्वव्याप्त विचार एवं अवधारणा है।

इसीलिए कई विद्वान निर्णयन एवं प्रबन्ध में कोई भेद करना नहीं चाहते क्योंकि ये दोनों समानार्थक (Synonymous) एवं पूरक माने जाते हैं।

9.3 निर्णयन की परिभाषाएँ (Definitions of Decision Making)

यह निःसन्देह सत्य है कि निर्णयन कोई तथ्य या विषयवस्तु न होकर एक मानसिक प्रक्रिया एवं सतत् गतिविधि होती है इसलिए इसे परिभाषित करना भी अत्यन्त जटिल कार्य है, लेकिन कुछ विद्वानों ने निर्णयन को अपने तरीके से परिभाषित किया है जो निम्न प्रकार से है:

1. **वेल्सटर शब्द** कोष के अनुसार "निर्णयन का अर्थ किसी एक व्यक्ति के मस्तिष्क में किसी सम्मति अथवा कार्यवाही के तरीके के निर्धारण से लगाया जाता है।"

[**टिप्पणी:** यह परिभाषा निर्णयन के केवल एक पक्ष सहमति व तरीके का उल्लेख करती है जो निर्णयन के सही अर्थ को स्पष्ट नहीं करती है।]

2. **कून्ट्ज एवं ओ'डोनेल** के अनुसार, "निर्णयन किसी क्रिया को करने के विभिन्न विकल्पों में से किसी एक का वास्तविक चयन नियोजन का अन्तर्भाग होता है।"

3. **अर्नेस्ट डेल** के अनुसार, "प्रबंधकीय निर्णय वे निर्णय होते हैं जो सदैव सही प्रबन्धकीय क्रियाओं यथा नियोजन, संगठन, कर्मचारियों की भर्ती, निर्देशन, नियन्त्रण, नव-प्रवर्तन और प्रतिनिधित्व में से किसी एक के दौरान लिये जाते हैं।"

[**टिप्पणी** : ये परिभाषाएँ यद्यपि निर्णयन को उसकी सभी विशेषताओं के साथ प्रस्तुत करता है, लेकिन इनमें निर्णयन की निरन्तरता को स्पष्ट नहीं किया गया है।]

4. **जार्ज आर. टेरी** के अनुसार, "निर्णयन किसी मापदण्ड के आधार पर दो अथवा दो से अधिक सम्भावित विकल्पों में से किसी एक का चुनाव करना होता है।"

5. **मैक-फारलैण्ड** के अनुसार, "निर्णयन एक चयन प्रक्रिया है जिसके अन्तर्गत एक अधिशाषी दी हुई परिस्थिति में, क्या किया जाना है, के सम्बन्ध में किसी निष्कर्ष पर पहुँचता है। निर्णय किसी व्यवहार का प्रतिनिधित्व करता है जिसका चयन अनेक सम्भावित विकल्पों में से किया जाता है।"

[**टिप्पणी** : **जॉज टेरी** ने तो निर्णयन हेतु केवल दो विकल्पों की बात करके इसे अत्यन्त सीमित कर दिया है, लेकिन **मैक-फारलैण्ड** ने निर्णयन के उन पहलुओं को छुआ है जो अभी तक स्पष्ट नहीं किये गये थे जैसे यह एक प्रक्रिया है, व्यवहार का प्रतिनिधित्व करने वाला व अनेक विकल्पों में से श्रेष्ठ का चयन करना आदि।]

6. **जी.एल.एस.शेकल** के अनुसार, "निर्णयन रचनात्मक मानसिक क्रिया वा वह केन्द्र बिन्दु है जहाँ कार्यपूर्ति के लिए ज्ञान, विचार, भावना तथा कल्पना का संयोग होता है।"

7. **एलन** के अनुसार, "निर्णयन वह कार्य है जिसे एक प्रबन्धक किसी निष्कर्ष तथा फैसले पर पहुँचने के पूर्व करता है।"

[**टिप्पणी** : इन दोनों परिभाषाओं में एक-एक बिन्दुओं को स्पष्ट किया है- **शेकल** ने निर्णयन को मानसिक क्रिया जिसमें ज्ञान, विचार, भावना व कल्पना को जोड़ा है वहीं **एलन** ने इसे एक ऐसा कार्य निरूपित किया है जो प्रबन्धक निष्कर्ष तक पहुँचने से पहले करता है।]

8. **फेलिक्स लॉपेज** के अनुसार, "निर्णय एक फैसले, विभिन्न विरोधाभासी आवश्यकताओं, संसाधनों एवं उद्देश्यों के पृथक्करण एवं अनिश्चितता, जटिलता अथवा यहाँ तक कि अविवेकपूर्णता की स्थिति में किसी कार्य के प्रति वचनबद्धता को इंगित करता है।"

[**टिप्पणी** : **फेलिक्स लॉपेज** ने निर्णयन को लगभग पूर्णता प्रदान करने की चेष्टा की है। लॉपेज ने उद्देश्यों के प्रथक्करण, कार्य के प्रति वचनबद्धता आदि को अपनी परिभाषा में समेटकर इसे पूर्णता प्रदान की है।]

निर्णयन के अर्थ एवं परिभाषाओं की विवेचना पश्चात् इसकी एक श्रेष्ठ एवं आदर्श परिभाषा इस प्रकार से दी जा सकती है:

9. **आदर्श परिभाषा** – "निर्णयन प्रबन्ध की एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें किसी भी समस्या के निदान हेतु प्रबन्ध द्वारा उपलब्ध विकल्पों में से श्रेष्ठ का चयन करके अपने लक्ष्य तक पहुँचने तथा उद्यम के सभी घटकों को सक्रिय रखने व उनकी प्रत्येक समस्या के निदान के लिए छोटे-बड़े निर्णय त्वरित लेकर अपनी वचनबद्धता को स्थापित किया जाता है।"

NOTES

9.4 निर्णयन के लक्षण या विशेषताएँ (Essentials or Characteristics of Decision-Making)

विवेकपूर्ण निर्णय लेने के लिये आवश्यक होता है कि निर्णय की विशेषताओं को उनके सही अर्थों एवं सन्दर्भों में जाना जाये। एक निर्णय में मुख्य रूप से निम्न विशेषताएँ पायी जाती हैं:

(1) **निर्णयन एक अन्तिम प्रक्रिया है** (Decision is the Last Process)– निर्णय लेना प्रबन्ध का तर्कपूर्ण एवं गहन विचार-विमर्श के बाद किया जाने वाला कार्य होता है अतः इसे अन्तिम प्रक्रिया माना गया है। यह निर्णय लेने के कार्य का परिणाम होता है। यह परिणाम विभिन्न सम्भावित विकल्पों पर काफी तर्कपूर्ण विचार-विमर्श करने के पश्चात् प्राप्त होता है। इसीलिये निर्णय, जो कि एक अन्तिम प्रक्रिया होती है, वह बौद्धिक विश्लेषण, विचार-विनिमय और विकल्पों के तुलनात्मक व विश्लेषणात्मक अध्ययन का निष्कर्ष होती है।

(2) **निर्णयन सर्वोत्तम चयनित विकल्प है** (Decision is a Best Selected Alternative)– निर्णय लेते समय प्रबन्धक के सामने विभिन्न विकल्प होते हैं। उन विकल्पों का उनकी उपादेयता एवं उनसे उत्पन्न होने वाले प्रभावों के सन्दर्भ में तुलनात्मक विश्लेषण करना होता है और अधिक लाभों तथा सपरिणामों की उपलब्धि कराने वाले या कम से कम नुकसान वाले विकल्प का चयन किया जाता है। अतएव निर्णय चुना गया एक सर्वोत्तम विकल्प होता है जो या तो अधिक लाभ प्रदान करने वाला या कम से कम हानिकारक होता है।

(3) **निर्णयन सकारात्मक एवं नकारात्मक हो सकता है** (Decision might be Positive and Negative)– लिये जाने वाले निर्णयों का सदैव ही धनात्मक अर्थात् सकारात्मक होना जरूरी नहीं है। वे नकारात्मक भी हो सकते हैं। किसी कार्य को करने या योजना को लागू करने का निर्णय सकारात्मक होता है और उसी कार्य को न करने या योजना को लागू न करने का निर्णय नकारात्मक होता है। कई बार नकारात्मक निर्णय भी संस्था की भलाई के लिए लेने पड़ते हैं।

(4) **निर्णयन साधन या साध्य या दोनों से सम्बन्धित होता है** (A Decision May Relate to the End or Means or Both)– निर्णय का सम्बन्ध साधन-साध्य दोनों से हो सकता है। कुछ परिस्थितियों में निर्णय साधन का कार्य करता है और कुछ परिस्थितियों में साध्य का। जिन परिस्थितियों में उद्देश्य दिया होता है और उनकी पूर्ति के तरीकों को मालूम करना होता है तो उनमें निर्णय साधन का काम करता और कई बार निर्णयन का सम्बन्ध साधन एवं साध्य दोनों से ही हो सकता है।

(5) **निर्णयन अधिकार दर्शाता है** (Decision Making Shows Rights)– निर्णय लेना यह दर्शाता है कि निर्णयकर्ता के पास निर्णय लेने के लिए पर्याप्त अधिकार हैं। किसी संगठन के अधिकारों के भारार्पण के आधार पर यह निश्चित किया जाता है कि किस व्यक्ति द्वारा किस प्रकार का निर्णय लिया जा सकता है।

(6) **निर्णयन संकल्प का प्रतीक होता है** (Decision Making is an Indicator of a Commitment)– प्रबन्ध द्वारा किसी भी प्रकार का निर्णय लिया गया हो, वह उसके प्रति दृढ़ संकल्प का द्योतक होता है जिसके क्रियान्वयन हेतु सामूहिक या वैयक्तिक प्रयत्न करने होते हैं।

(7) **विशेषज्ञों का परामर्श** (Advice of Specialist)– यदि प्रबन्ध या प्रशासन किसी जटिल समस्या के निर्णयन में कोई असहजता या कठिनाई पाते हैं तो वे सम्बन्धित विषय के विशेषज्ञों से परामर्श भी ले सकते हैं।

बोध प्रश्न

1. निर्णयन की अवधारणा को समझाइए।

....

....

....

....

....

2. निर्णयन की परिभाषा दीजिए।

....

....

....

3. निर्णयन के लक्षण लिखिए।

....

....

....

....

....

सांख्यिकीय निर्णय विश्लेषण (Statistical Decision Analysis)

सांख्यिकीय निर्णय विश्लेषण वह है जिसके अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ निर्णय क्रिया निर्धारित करने के उद्देश्यों से आर्थिक परिणामों के साथ-साथ प्रायिकता मूल्यों को शामिल किया जाता है। इसे निर्णय सिद्धान्त (Decision Theory) के नाम से भी जाना जाता है।

सांख्यिकीय निर्णय विश्लेषण का आरम्भ सशर्त आर्थिक परिणामों को दर्शाने वाली सारणी को निर्णय सारणी कहते हैं। जब निर्णय क्रियाओं के अनुक्रम की आवश्यकता महसूस होती है तब इस विश्लेषण में निर्णय-वृक्ष की रचना की जाती है। निर्णय-वृक्ष में प्रत्येक विकल्प के लिए एक शाखा का उपयोग किया जाता है और उस विकल्प के चयन से सम्भावित घटनाओं को उपशाखाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इस प्रकार, एक उपशाखा से फिर कई शाखाएँ निकल सकती हैं और रेखाचित्र देखने पर शाखायुक्त वृक्ष की तरह दिखाई देता है।

निर्णय-वृक्ष में आयत अथवा वर्ग उस बिन्दु को प्रदर्शित करता है, जहाँ निर्णय लेना है। इसी वर्ग में से निकली शाखा पर बने वृत्त से निकलने वाली शाखाएँ सम्बन्धित विकल्प के चयन किए जाने पर सम्भावित घटनाओं और परिणामों को प्रदर्शित करती हैं।

निर्णय-सारणी (Decision-Table)

किसी निर्माणी कम्पनी को निर्णय लेना है कि किसी विशिष्ट उत्पाद का निर्माण किया जाए अथवा उसे बाजार से खरीदा जाए। इस प्रकार निर्माण के सम्बन्ध में दो सम्भावित निर्णय क्रिया हैं-

1. निर्माण, 2. अनिर्माण,

हम बाजार स्थिति को माँग के सन्दर्भ में तीन सम्भावित स्तरों में व्यक्त कर सकते हैं-

1. निम्न (Low), 2. सामान्य (Moderate), 3. उच्च (High),

अब हम इनके आधार पर निर्णय-सारणी की निम्न रूपरेखा तैयार कर सकते हैं-

बाजार स्थिति-माँग के तीन सम्भावित स्तर

निर्णय क्रिया			बाजार स्थिति
	S_1 निम्न माँग	S_2 सामान्य माँग	S_3 उच्च माँग
D_1 निर्माण			
D_2 निर्माण नहीं	0	0	0

9.5 सारणी में मूल्य रखना (Keep the Values in Table)

अब हम सारणी में मूल्यों को रखें। ये मूल्य निर्णय क्रिया के सशर्त आर्थिक परिणामों (रुपयों में) के रूप में प्रस्तुत होने चाहिए। जैसे कि यदि उत्पादन का 'निर्माण नहीं' किया जाना है तो आर्थिक परिणाम शून्य (Zero) होगा और बाजार की स्थिति कुछ भी हो, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि निर्माण नहीं किया जाना है।

NOTES

इस प्रकार, जब उत्पाद बाजार में जाएगा ही नहीं तो लाभ या हानि का प्रश्न ही नहीं उठता है। इसलिए हम 'निर्णय नहीं' वाली दूसरी पंक्ति में शून्य मूल्य अंकित कर सकते हैं।

सारणी के प्रथम पंक्ति को पूरा करने के लिए हमें जोखिमपूर्ण दशाओं पर विचार करना होगा। माना कि यदि माँग निम्न है तो कुल पूँजी निवेश पर शुद्ध हानि 3,00,000 रुपये होगी और सामान्य माँग की दशा में शुद्ध लाभ 50,000 रु. और माँग की दशा में शुद्ध लाभ 2,50,000 रु. होगा। अब हम इन मूल्यों को सारणी में रख सकते हैं।

9.6 प्रायिकता का निर्धारण (Determination of Probability)

सांख्यिकीय निर्णय विश्लेषण में प्रायिकता मूल्यों और आर्थिक परिणामों, दोनों को शामिल किया जाता है। इसलिए आर्थिक परिणामों के बाद हम प्रत्येक माँग स्थिति के लिए प्रायिकता का निर्धारण करेंगे। पूर्ववर्ती अनुभवों के आधार पर माना कि विभिन्न माँग की दशाओं में प्रायिकता इस प्रकार है-

निम्न माँग की दशा में - 0.20

सामान्य माँग की दशा में - 0.50

उच्च माँग की दशा में - 0.30

अब इन आर्थिक परिणामों और प्रायिकता को निम्न सारणी में प्रदर्शित करेंगे-

आर्थिक परिणाम और प्रायिकता

निर्णय क्रिया	स्थिति S_1 निम्न माँग (P = 0.20) Rs.	स्थिति S_2 सामान्य माँग (P = 0.50) Rs.	स्थिति S_3 उच्च माँग (P = 0.30) Rs.
D_1 निर्माण	–30,00,000	50,000	2,50,000
D_2 निर्माण नहीं	0	0	0

प्रत्येक सम्भावित निर्णय क्रिया के लिए प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य (EMV) निर्धारित करना ताकि सर्वोत्तम निर्णय क्रिया की पहचान की जा सके। इसके लिए हम अंकगणित का सहारा ले सकते हैं-

$$\text{EMV } (D_1) = 0.20\ (-3,00,000) + 0.50\ (50,000) + 0.30\ (2,50,000) = 40,000 \text{ रु.}$$

$$\text{EMV } (D_2) = 0.20\ (0) + 0.50\ (0) + 0.30\ (0) = 0 \text{ रु.}$$

उपलब्ध निर्णय क्रियाओं के लिए प्रत्याशित मौद्रिक मूल्यों के तुलनात्मक अवलोकन से पता चलता है कि सर्वश्रेष्ठ निर्णय D_2 के बजाय D_1 में है, किन्तु यहाँ हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि किसी विशिष्ट निर्णय स्थिति के लिए सर्वोत्तम क्रिया में अशुद्धि भी हो सकती है। जैसे कि इसी उदाहरण में यह सम्भव है कि निम्न बाजार माँग की स्थिति में प्रायिकता 0.20 सही नहीं हो। इस प्रकार, सांख्यिकीय निर्णय विश्लेषण के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ निर्णय क्रिया का चयन यह आश्वासन नहीं देता कि प्रत्येक निर्णय सही ही है, फिर भी इतना अवश्य है कि यह हमें दीर्घकालीन औसत आर्थिक परिणाम की अनुकूलतम दिशा की ओर ले जाता है।

9.7 निर्णय-वृक्ष (Decision-Tree)

उपर्युक्त निर्णय स्थिति में यदि निर्माण करने अर्थात् पहला निर्णय लिया जाता है तो निर्णय की समस्या जटिल बन जाती है, क्योंकि प्रथम निर्णय लेने पर अब आवश्यक हो जाता है कि उसके बाद वाले सम्भावित परिणामों के आधार पर और भी अनेक निर्णय लिए जाएँ। इस तरह की समस्या को प्रस्तुत रेखाचित्र (1) द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

अनुक्रमिक निर्णय समस्या का निर्णय वृक्ष

NOTES



रेखाचित्र 1



रेखाचित्र 2

प्रत्याशित मुद्रा मूल्यों सहित निर्णय वृक्ष

निर्णय वृक्ष उन सभी निर्णय क्रियाओं को और उन स्थितियों को दर्शाते हैं जो अनुक्रमिक रूप से घटित होती हैं। दिए गए चित्र (2) में निर्णय बिन्दुओं को वर्ग संकेत द्वारा एवं सम्भावित घटनाओं को वृत प्रतीक द्वारा दर्शाया गया है।

चित्र (2) में दो निर्णय बिन्दु हैं-

1. उत्पाद को विकसित करना है अथवा नहीं, और
2. यदि उत्पाद को सफलतापूर्वक विकसित करना है तो उसका निर्माण स्तर कैसा होगा?

निर्णय वृक्ष की उपयोगिता यह है कि यह निर्णयकर्ता को प्राथमिक निर्णय के साथ-साथ सम्भावित परिणामों की दिशा में विचार करने की आवश्यकता प्रतिपादित करता है। रेखाचित्र में प्रदर्शित सम्भावित परिणामों की दृष्टि से हम यह कह सकते हैं कि उत्पाद को विकसित करने का निर्णय तभी सही होगा जब 1. उत्पाद को विकसित किया जाए, और 2. इस उत्पाद के लिए अनुक्रमिक माँग उच्च हो।

प्रत्येक निर्णय बिन्दु पर सर्वश्रेष्ठ निर्णय क्रिया सारणी विश्लेषण के समान ही है। रेखाचित्र में प्रदर्शित निर्णय-वृक्ष में सभी निर्णय क्रियाओं के लिए प्रत्याशित मौद्रिक मूल्यों को भी दर्शाया गया है। इसकी गणना पहले की तरह ही की

NOTES

गई है। यहाँ उल्लेखनीय है कि उत्पाद को विकसित किए जाने सम्बन्धी EMV की गणना और उच्च-स्तरीय निर्माण के लिए EMV की गणना इस प्रकार की गई है-

EMV = 0.70 (1,40,000) + 0.30 (-2,00,000) = 38,000 रु.

EMV = 0.40 (5,00,000) + 0.60 (-1,00,000) = 1,40,000 रु.

1. उच्च-स्तर पर निर्माण, जहाँ प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य 1,40,000 रु. है, और
2. निम्न-स्तरीय निर्माण, जहाँ प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य -50,000 रु. है।

प्रस्तुत दशा में उत्पाद के सफलतापूर्वक विकास के साथ उच्च-स्तरीय निर्माण कार्य सर्वश्रेष्ठ निर्णय क्रिया है। जैसा कि रेखाचित्र में प्रदर्शित है कि विकसित नहीं करने और निम्न-स्तरीय निर्माण को वरीयता नहीं देने के कारण उसके लिए दोहरे धारी (H) का प्रयोग किया गया है।

सारांश में हम कह सकते हैं कि प्रथम निर्णय बिन्दु पर उत्पाद को विकसित करने के चयन में 38,000 रु. प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य और विकसित नहीं करने का चयन करने पर शून्य मौद्रिक मूल्य उपलब्ध है। अतएव, सर्वोत्तम निर्णय क्रिया उत्पाद को विकसित करना है। इसके बाद, यदि उत्पाद को असफलतापूर्ण विकसित किया जाए तो 2,00,000 रु. की हानि होगी। इसलिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय यह है कि उत्पाद का सफलतापूर्वक विकास किया जाए और उच्च-स्तरीय निर्माण कार्य किया जाए।

9.8 निर्णयन समस्या के तत्व (Ingredients of Decision Problem)

निर्णयन समस्या के तत्व निम्नलिखित हैं-

(1) **उद्देश्य का निर्धारण** (Determination of Objectives)- निर्णय लेने हेतु उद्देश्यों का पूर्व निर्धारण आवश्यक है। निर्णायक के सभी कदम उद्देश्यों पर ही आधारित होते हैं। निर्णय लेना, निर्णय को स्थगित करना, कोई निर्णय न लेना या यथास्थिति कायम रखना भी निर्णय प्रक्रिया के ही अंग हैं, लेकिन यह सभी पूर्व-निर्धारित उद्देश्यों पर निर्भर करते हैं।

(2) **विकल्पों का ज्ञान** (Identification of Alternatives)- निर्णय लेने के लिए समस्या से सम्बन्धित विभिन्न विकल्पों की खोज तथा उन्हें सूचीबद्ध करना आवश्यक है। निर्णय लेने की स्थिति उत्पन्न ही तब होती है, जबकि समस्या से सम्बन्धित एक से अधिक विकल्प उत्पन्न हों। यदि कोई समस्या इस प्रकार की है कि उसके हल के लिए कोई विकल्प उपलब्ध ही नहीं है तो निर्णय नहीं लिया जा सकता है।

(3) **घटनाओं का पूर्वानुमान** (Estimation of Events)- भावी घटनाओं का निर्णयन पर सीधा प्रभाव पड़ता है, क्योंकि भावी घटनायें विभिन्न बाहरी शक्तियों (आर्थिक, सामाजिक, मौसमी, राजनैतिक तथा तकनीकी) के संयोग के कारण प्रकट होती हैं। अतः निर्णायक के लिए यह आवश्यक है कि उसे विभिन्न विकल्पों तथा विकल्पों के संयोगों से सम्बन्धित विभिन्न भावी घटनाओं की जानकारी हो। यदि निर्णायक विभिन्न घटनाओं का पूर्वानुमान नहीं कर सकता है तो उसे व्यवसाय में सफलता की प्राप्ति संदिग्ध रहती है।

(4) **विकल्पों की उपादेयता की माप** (Evaluation of Alternatives)- सामान्य आर्थिक परिस्थितियों में उपादेयता की माप के लिए दो प्रकार की इकाइयों का प्रयोग किया जाता है-

(a) मुद्रा मूल्य (Monetary Value),

(b) उपयोगिता मूल्य (Utility Value)।

निर्णयन के लिए विकल्पों की उपादेयता की माप किया जाना आवश्यक है।

(5) **निर्णय वातावरण** (Decision Environment)- निर्णयकर्ता को निर्णय सम्बन्धी उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर निर्णय परिस्थितियों को तीन भागों में बाँटा जा सकता है-

(i) निश्चितता की स्थिति में निर्णय (Decision making under certainty)

(ii) अनिश्चितता की स्थिति में निर्णय (Decision making under uncertainity)

(iii) जोखिम की स्थिति में निर्णय (Decision making under risk)

इसमें प्रयोग होने वाले शब्दों का अर्थ इस प्रकार है-

(1) **कृत्य या विकल्प** (Acts or Alternatives)- निर्णयकर्ता को उपलब्ध विभिन्न विकल्प को ही कृत्य कहते हैं। इन्हीं विकल्पों में से निर्णयकर्ता को अनुकूलतम विकल्प का चुनाव करना होता है। एक निर्णय सम्बन्धी विभिन्न विकल्पों के समुच्चय को निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है-

$$a = (a_1, a_2, a_3, \ldots.. a_n)$$

या

$$A = (A_1, A_2, A_3, \ldots.. A_n)$$

(2) **घटनायें** (Events or States of Nature)- निर्णयकर्ता द्वारा किसी कृत्य के लिए किये गए निर्णय का परिणाम कई तत्वों पर आश्रित होता है जो निर्णयकर्ता की पहुँच से परे होता है। अर्थात् निर्णयकर्ता का इन पर कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं होता है। इनको ही घटनाएँ कहते हैं। विभिन्न घटनाओं के समुच्चय को निम्न प्रकार से व्यक्त किया जा सकता है-

$$E = [E_1, E_2, E_3, \ldots.. E_m]$$

या

$$S = (S_1, S_2, S_3, \ldots\ldots.. S_m)$$

(3) **प्राप्तियाँ** (Pay-Off)- विकल्पों तथा घटनाओं के संयोग पर प्राप्त मौद्रिक मान "Pay-Off" कहलाता है।

निर्णायक की प्राप्तियाँ एक याच्छिक चर है जिसका मान निर्णायक द्वारा चुने गये विकल्प एवं भावी घटनाओं के संयोग पर निर्भर करता है। विभिन्न विकल्पों तथा घटनाओं सम्बन्धी प्राप्तियों को सारणी रूप में निम्न प्रकार प्रस्तुत किया जा सकता है।

Events \ Acts	a_1	a_2	a_3	.....	a_n
E_1	O_{11}	O_{12}	O_{13}	.....	O_{1n}
E_2	O_{21}	O_{22}	O_{23}	....	O_{2n}
E_3	O_{31}	O_{32}	O_{33}	.....	O_{3n}
:	:	:	:	......	:
:	:	:	:	......	:
:	:	:	:	....	:
E_m	O_{m1}	O_{m2}	O_{m3}	.....	O_{mn}

(4) **विकल्प त्याग** (Opportunity Loss or Regret)- किसी घटना से सम्वन्धित विभिन्न विकल्पों में से निर्णयकर्त्ता को सर्वोत्तम विकल्प चुनना होता है। लाभ का वह भाग जो निर्णयकर्त्ता को दी हुई परिस्थिति में सर्वोत्तम विकल्प न चुनने के कारण छोड़ना पड़ता है, विकल्प त्याग संबंधी हानि कहलाती है। विकल्प त्याग की लागत की गणना करने के लिए प्रत्येक घटना की सर्वाधिक प्राप्ति से उस घटना से सम्बन्धित विकल्पों की प्राप्तियों को घटा दिया जाता है।

निश्चितता की स्थिति में निर्णय (Decision Making Under Certainty)- निश्चितता की स्थिति में निर्णयकर्त्ता को निर्णय सम्बन्धी सभी सूचनाएँ उपलब्ध होती हैं तथा वह भविष्य की घटनाओं के वारे में भी पूर्णता से पूर्वानुमान कर सकता है। निर्णयकर्त्ता यह मानकर चलता है कि उसके निर्णय के लिए एक ही घटना सम्बन्धित है। निश्चितता की स्थिति में निर्णय लेने की प्रमुख तकनीकें निम्न हैं-

1. आदा-प्रदा विश्लेषण (Input-output Analysis)
2. लागत-लाभ विश्लेषण (Cost Profit Analysis)
3. सामग्री प्रबन्ध तकनीक (Inventory Control Method)
4. रेखीय कार्यक्रम (Linear Programming)

अनिश्चितता की स्थिति में निर्णय (Decision Under Uncertainty)- निर्णयकर्त्ता के पास निर्णय परिस्थिति के बारे में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है। इस स्थिति में वह घटनाओं को प्रायिकता भी प्रदान नहीं कर सकता है। भावी घटनाओं का कोई पूर्व इतिहास भी नहीं होता है तथा निर्णयकर्त्ता के पास प्रत्याशित लाभ प्राप्त करने का कोई साधन नहीं होता। निर्णयकर्त्ता इस स्थिति में निम्न निर्णय कसौटियों में किसी भी एक को अपनाता है-

(1) **अधिकतम से अधिकतम कसौटी** (Maximax Criterion)- आशावादिता पर आधारित इस कसौटी के आधार पर निर्णय करने वाला निर्णायक प्रत्येक विकल्प के लिए अधिकतम प्राप्ति का निर्णय करता है या फिर उस विकल्प का चुनाव करता है जिसकी तुलनात्मक दृष्टि से सर्वाधिक प्राप्ति हो। यह कसौटी उस समय उपयुक्त हो सकती है, जबकि निर्णयकर्त्ता विकल्प के चुनाव के परिणामस्वरूप होने वाली हानि को सहन करने की स्थिति में हो।

(2) **न्यूनतम से अधिकतम कसौटी** (Maxi-Min Criterion)- यह कसौटी निराशावादी निर्णयकर्त्ता है जो निकृष्टतम में से श्रेष्ठ चुनने का आकांक्षी है। इस कसौटी के अन्तर्गत निर्णयकर्त्ता प्रत्येक विकल्प से न्यूनतम प्राप्ति का चुनाव करता है तथा इन न्यूनतम प्राप्तियों से उस विकल्प का चुनाव करता है, जिसमें सर्वाधिक प्राप्ति हो।

(3) **अधिकतम से न्यूनतम (विकल्प त्याग लागत कसौटी)** (Mini-Max Regret Criterion)- इस कसौटी के अन्तर्गत विभिन्न विकल्पों सम्बन्धी विकल्प त्याग की लागतों में से निर्णायक सर्वाधिक विकल्प त्याग की लागत का चुनाव करता है तथा उस विकल्प का चुनाव करता है जहाँ विकल्प त्याग लागत न्यूनतम हो।

(4) **आशावादी गुणांक कसौटी** (Coefficient of Optimism Criterion-Hurwitz Criterion)- यह सिद्धान्त आशावादी व निराशावादी सिद्धान्त का समन्वय है और आशावादी गुणांक पर आधारित है। इस सिद्धान्त के प्रतिपादक **हरविज** (Hurwitz) हैं। **इसके** गुणांक का मूल्य 0 तथा 1 के मध्य होता है। पूर्णतः आशावादी निर्णायक के लिए **हरविज गुणांक** (α) का मान एक (1) तथा पूर्णतः निराशावादी निर्णायक के लिए हरविज गुणांक (α) का मान शून्य (0) होता है। सामान्य निर्णायक इन दोनों मानों के मध्य अपना आशावादी गुणांक निर्धारित करता है। गुणांक निर्धारण के बाद निर्णायक उस विकल्प का चुनाव करेगा, जिसके लिए हरविज मान का मूल्य सर्वाधिक हो। हरविज मान का मूल्य (Value Based on Hurwitz Criterion) निम्न प्रकार निकाला जा सकता है।

$$H(a_1) = \text{विकल्प } a_1 \text{ से अधिकतम प्राप्ति} \times (\alpha) + \text{विकल्प } a_1 \text{ से न्यूनतम प्राप्ति} \times (1-\alpha)$$

or

$$(\alpha)\ (\text{Maximum}) + (1 - \alpha)\ (\text{Minimum})$$

(5) **बर्नोली की विधि** (Jacob Bernoulli Method)- इस रीति का प्रयोग उस समय किया जाता है, जबकि यह मानने के लिए कोई कारण नहीं हो कि किसी भी घटना के घटने की प्रत्याशा दूसरों से अधिक हो। इस प्रकार प्रत्येक घटना के घटने के लिए समान प्रायिकता निर्धारित की जाती है। उदाहरण के लिए-

$$\frac{1}{n}[O_{i1} + O_{i2} + \ldots\ O_{in}]$$

जोखिम की स्थिति में निर्णय (Decision Making Under Risk)- अनेक परिस्थितियों में निर्णायक को निर्णय परिस्थितियों के बारे में पूर्ण जानकारी तो नहीं होती है परन्तु वह पूर्व अनुभव के आधार पर भावी घटनाओं को प्रायिकता प्रदान कर सकने में सम्भव होता है। उदाहरणस्वरूप एक खुदरा व्यापारी अगले दिन की बिक्री के लिए आदेश प्रेषित करना चाहता है। वस्तु की प्रकृति शीघ्र नश्वर है। अतः यदि शाम तक नहीं बिक पाती है तो वह नष्ट हो जायेगी या फिर कम मूल्य पर बेचनी पड़ती है। व्यापारी अपने पूर्व अनुभव के आधार पर विभिन्न माँगों को सापेक्ष बारम्बारता (Relative Frequencies) प्रदान कर सकता है। इस प्रकार की समस्याओं का हल जोखिम की स्थिति में निर्णयन की विभिन्न विधियों का प्रयोग कर किया जा सकता है।

अनिश्चय की स्थिति में प्रायिकता की सहायता से निर्णय लेना

(Decision Making Under Uncertainty with the use of Probabilities)

(i) **प्रत्याशित मौद्रिक मान कसौटी** (Expected Monetary Value Criterion or EMV)- निर्णायक को भावी घटनाओं से सम्बन्धित प्रायिकताओं का ज्ञान होने पर प्रत्याशित मौद्रिक मान कसौटी (EMV) के आधार पर निर्णय किया जा सकता है। इस विधि के अन्तर्गत निर्णायक अपने पूर्व अनुभव या परीक्षण द्वारा विभिन्न घटनाओं को

प्रायिकता प्रदान करता है तथा फिर विभिन्न विकल्पों सम्बन्धी प्रत्याशित मौद्रिक मान का परिकलन निम्न सूत्र की सहायता से करता है-

$$EMV = \sum_{j=1}^{n} p_i O_{ij} = P_1 O_{i1} + P_2 O_{i2} + \ldots + P_n O_{in}$$

प्रत्याशित मौद्रिक मान कसौटी ('बे' का सिद्धान्त) के आधार पर निर्णायक उस विकल्प का चुनाव करता है जिसका प्रत्याशित मौद्रिक मान (EMV) सर्वाधिक हो।

(ii) **प्रत्याशित विकल्प त्याग लागत कसौटी** (Expected Opportunity Loss Criterion EOL)- प्रत्याशित विकल्प त्याग लागत कसौटी (EOL) प्रत्याशित मौद्रिक मान कसौटी का वैकल्पिक रूप है। प्रत्येक कृत्य के लिए प्रत्याशित विकल्प त्याग हानि उसी प्रकार निकाली जाती है जिस प्रकार प्रत्याशित मौद्रिक मान ज्ञात किये जाते हैं। सूत्रानुसार-

$$EOL = \sum_{j=1}^{n} p_i R_{ij} = P_1 R_{i1} + P_2 R_{i2} + \ldots + P_n R_{in}$$

प्रत्याशित विकल्प त्याग लागत कसौटी के आधार पर निर्णायक को उस विकल्प का चुनाव करना चाहिए, जिसकी प्रत्याशित विकल्प त्याग हानि न्यूनतम हो।

प्रत्याशित विकल्प त्याग हानि को कहते हैं जो कि अधिकतम लाभ में से वास्तविक लाभ घटाने के बाद प्राप्त होता है।

पूर्ण सूचना का प्रत्याशित मूल्य (Expected Value of Perfect Information EVPI)- पूर्ण सूचना का प्रत्याशित मूल्य (EVPI)वह मान है जो निर्णायक अधिक सूचना एकत्रित करने के लिए व्यय कर सकता है। पूर्ण सूचना के प्रत्याशित मान की गणना निम्न प्रकार से की जा सकती है-

(i) Expected Value With Perfect Information

= [Best outcome for 1st event × Probability of 1st event] +

[Best outcome for 2nd event × Probability of 2nd event] +

[Best outcome for nth event × Probabiltity of nth event]

(ii) EVPI = Expected value with perfect Information - EMV of optimal act.

वैकल्पिक रूप में, अनुकूलतम हल से सम्बन्धित कृत्य के लिए प्रत्याशित विकल्प त्याग लागत भी पूर्ण सूचना प्रत्याशित मूल्य कहलाती है।

'बे' का निर्णय सिद्धान्त (Bayesian Decision Theory)- इसका विस्तृत वर्णन प्रायिकता सिद्धान्त अध्याय में किया जा चुका है। यहाँ तो सिर्फ इतना ही बताना है कि प्रायिकता की गणना निम्न सूत्र द्वारा की जा सकती है-

$$\frac{\text{Frequency of an Outcome}}{\text{Total Number of Events}}$$

सीमान्त एवं संयुक्त प्रायिकता (Marginal and Joint probability)-इसका विस्तृत विवरण भी प्रायिकता सिद्धान्त के अन्तर्गत किया जा चुका है। सीमान्त विश्लेषण विधि के अनुसार अतिरिक्त इकाई का संचय उस समय तक किया जाना चाहिए जब तक कि अतिरिक्त इकाई के बेचे जाने पर प्राप्त होने वाला प्रत्याशित लाभ उस इकाई के न बिकने पर होने वाली प्रत्याशित हानि से अधिक या बराबर हो।

यदि 'P' अतिरिक्त इकाई के बेचे जाने की प्रायिकता है,'IP'उस इकाई के बेचे जाने पर प्राप्त होने वाले लाभांश तथा 'IL' उस इकाई के न बिकने पर होने वाली हानि हो तो

$$P(IP) \geq (I - P)(IL)$$

Or

$$P \geq \frac{IL}{IP + IL}$$

अर्थात् अतिरिक्त इकाई का संचय उस समय तक किया जाना चाहिए जब तक कि उसके बेचे जाने की प्रायिकता (P) अनुपात $\frac{IL}{IP + IL}$ के बराबर या बड़ी हो।

NOTES

Illustration 1. The management of a company is faced with the problem of choosing one of the two products for manufacturing. The probability matrix after market survey for the two products was as follows:

State of Nature → / ↓ Acts	Good	Fair	Poor
Product 'A'	0.75	0.15	0.10
Product 'B'	0.60	0.30	0.10

The profits that the management can make for different levels of market acceptability of the products are as follows :

Profits (in Rs. if market is)

State of Nature→ / ↓ Acts	Good	Fair	Poor
Product 'A'	35,000	15,000	5,000
Product 'B'	50,000	20,000	(–)3,000

You have to calculate expected value from choice of either of the products.

Solution.

Let us put the above information in a pay-off matrix with probabilities associated with the state of nature.

Market Conditions / Strategy		Good	Fair	Poor
Product 'A'	Probability	0.75	0.15	0.10
	Profit (Rs.)	35,000	15,000	5,000
Product 'B'	Probability	0.60	0.30	0.10
	Profit (Rs.)	50,000	20,000	(–)3,000

The expected values of the two stragegies are :

Product A : (35,000) (0.75) + (15,000) (0.15) + (5,000) (0.10) = **Rs. 29,000**

Product B : (50,000) (0.60) + (20,000) (0.30) + (-3,000) (0.10) = **Rs. 35,700**

The expected pay-off for product B is more and therefore it is preferred.

Illustration 2. A boy purchases a news magazine for Rs. 3 and sells it for Rs. 5 per news magazine. He can return the unsold stock for Re. 1.00 per magazine. Past records of sales are as follows :

Sales of Magazine	20	21	22	23	24	25	26
Probability	0.03	0.05	0.17	0.23	0.30	0.18	0.04

Find the ordering quantity for optimal solution.

Solution.

Firstly the conditional pay-off and than expected monetary value (EMV) will be calculated. Calculation of EMV and conditional pay-off is like this :

Pay off Table (Value in Rs.)

Events	P	Acts						
		20	21	22	23	24	25	26
20	0.03	40	38	36	34	32	30	28
21	0.05	40	42	40	38	36	34	32
22	0.17	40	42	44	42	40	38	36
23	0.23	40	42	44	46	44	42	40
24	0.30	40	42	44	46	48	46	44
25	0.18	40	42	44	46	48	50	48
26	0.04	40	42	44	46	48	50	50
EMV		**40**	**41.74**	**43.56**	**44.56**	**44.64**	**43.52**	**41.60**

Calculation of Conditional pay-off

Ordered Units	Demand	Profit on Sale (in (Rs.)	Loss on Not Sold Goods (in Rs.)	Conditional Profit
20	20	40	–	40
21	20	40	2	38
	21	42	–	42
22	20	40	4	36
	21	42	2	40
	22	44	–	44
23	20	40	6	34
	21	42	4	38
	22	44	2	42
	23	46	–	46

Similarly other conditional pay-off may be calculated.

Calculation (EMV) Expected Monetary Value

Act EMV

$20 \rightarrow 40 \times 0.03 + 40 \times 0.05 + 40 \times 0.17 + 40 \times 0.23 + 40 \times 0.30 + 40 \times 0.18 + 40 \times 0.04 = 40$

$21 \rightarrow 38 \times 0.03 + 42 \times 0.05 + 42 \times 0.17 + 42 \times 0.23 + 42 \times 0.30 + 42 \times 0.18 + 42 \times 0.04 = \mathbf{41.74}$

$22 \rightarrow 36 \times 0.03 + 40 \times 0.05 + 44 \times 0.17 + 44 \times 0.23 + 44 \times 0.30 + 44 \times 0.18 + 44 \times 0.04 = 43.56$

$23 \rightarrow 34 \times 0.03 + 38 \times 0.05 + 42 \times 0.17 + 46 \times 0.23 + 46 \times 0.3 + 46 \times 0.18 + 46 \times 0.04 = \mathbf{44.56}$

$44 \rightarrow 32 \times 0.03 + 36 \times 0.05 + 40 \times 0.17 + 44 \times 0.23 + 48 \times 0.3 + 48 \times 0.18 + 48 \times 0.04 = \mathbf{44.64}$

and similar other values will be calculated for Act 25 and 26.

Decision. EMV (44.64) is geatest for the Act 24. Therefore for optimum solution 24 magazines should be ordered.

Illustration 3. Under an employment promotion programme it is proposed to allow sale of newspapers on the buses during off-peak hours.

The vendor can purchase the newspapers at a special concessional rate of 0.25 paisa per copy against the selling price of 40 paise. Any unsold copies are however, a dead loss.

NOTES

A vendor has estimated the following probability distribution for the number of copies demanded :

Number of Copies	15	16	17	18	19	20
Probability	0.04	0.19	0.33	0.26	0.11	0.07

How many copies should be ordered so that his expected profits will be maximum?

Solution.

The vender does not purchase less than 15 copies or more than 20 copies. His profit is determined by the demand (D) and the number of copies purchased (P). Whan the demand is more than the number of copies purchased by him profit will be:

$$\text{Rs. } 0.40 \times P - \text{Rs. } 0.25 \times P \qquad \text{....(i)}$$

When the demand is less or equal to the number of copies purchased by him his profit is:

$$\text{Rs. } 0.40 \times D - \text{Rs. } 0.25 \times P \qquad \text{....(ii)}$$

From above equation (i) and (ii),we can construct the pay-off Table

D \ P	15	16	17	18	19	20
15	2.25	2.00	1.75	1.50	1.25	1.00
16	2.25	2.40	2.15	1.90	1.65	1.40
17	2.25	2.40	2.55	2.30	2.05	1.80
18	2.25	2.40	2.55	2.70	2.45	2.20
19	2.25	2.40	2.55	2.70	2.85	2.60
20	2.25	2.40	2.55	2.70	2.85	3.00
EMV	**2.25**	**2.38**	**2.44**	**2.37**	**2.19**	**1.97**

Calculation of Expected Profits

Act

$15 = (2.25 \times 0.04) + (2.25 \times 0.19) + (2.25 \times 0.33) + (2.25 \times 0.26) + (2.25 \times 0.11) + (2.25 \times 0.7) = 2.25$

$16 = (2 \times 0.04) + (2.4 \times 0.19) + (2.4 \times 0.33) + (2.4 \times 0.26) + (2.4 \times 0.11) + (2.4 \times 0.07) = 2.38$

$17 = (1.75 \times 0.04) + (2.15 \times 0.19) + (2.55 \times 0.33) + (2.55 \times 0.26) + (2.55 \times 0.11) + (2.55 \times 0.07) = 2.44$

$18 = (1.5 \times 0.04) + (1.90 \times 0.19) + (2.30 \times 0.33) + (2.70 \times 0.26) + (2.70 \times 0.11) + (2.70 \times 0.07) = 2.37$

$19 = (1.25 \times 0.04) + (1.65 \times 0.19) + (2.05 \times 0.33) + (2.45 \times 0.26) + (2.85 \times 0.11) + (2.85 \times 0.07) = 2.19$

$20 = (1.00 \times 0.04) + (1.40 \times 0.19) + (1.80 \times 0.33) + (2.20 \times 0.26) + (2.60 \times 0.11) + (3.00 \times 0.07) = 1.97$

Decision. It is clear from the above calculations that the expected profit is maximum in the third action i.e., 17. Hence he should order 17 copies in order to maximise his profits.

Illustration 4. Calculate the expected monetary value (EMV) of the three conditions with prior probabilities and pay-offs indicated therein:

Events	Probability	Acts		
		A_1	A_2	A_3
E_1	0.1	25	–10	–125
E_2	0.7	400	440	400
E_3	0.2	650	740	750

Solution.

Computation of Expected Monetary Values

Events	Probability	Acts		
		A_1	A_2	A_2
E_1	0.1	$25 \times 0.1 = 2.5$	$-10 \times 0.1 = -1.0$	$-125 \times 0.1 = -12.5$
E_2	0.7	$400 \times 0.7 = 280$	$400 \times 0.7 = 308$	$400 \times 0.7 = 280$
E_3	0.2	$650 \times 0.2 = 130$	$740 \times 0.2 = 148$	$750 \times 0.2 = 150$
Total	1.00	412.5	455.0	417.5

The highest expected value of pay-off is from Act A_2

बोध प्रश्न

1. निर्णयन वृक्ष को समझाइए।

....

....

....

2. निर्णयन समस्या के तत्व लिखिए।

....

....

....

3. पे. ऑफ तथा रिग्रेट क्या है ?

....

....

....

9.9 सारांश

निर्णयन व्यावसायिक प्रबंध का आधार होता है जो कि सांख्यिकीय सिद्धान्तों व तकनीकों पर आधारित होता है। प्रबंध अपनी समस्त गतिविधियाँ एवं कार्य निर्णयन के आधार पर ही करता है एवं यह एक सतत् जारी रहने वाली प्रक्रिया है। जिसके अंतर्गत प्रबंधक योजना तैयार करता, रणनीति बनाता है, नीति निर्धारण, कर्मचारियों का चयन, नियुक्ति एवं व्यवसाय से संबंधित अन्य प्रकार के कार्य निर्णयन से ही संभव होते हैं।

9.10 शब्दावली या शब्दकुंजी

NOTES

9.11 अभ्यास प्रश्न

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long answer type questions)

1. सांख्यिकीय निर्णय सिद्धान्त क्या है ? निर्णय पर्यावरण की विवेचना कीजिये।
   What is statistical decision theory? Disens decisin environment.
2. सम्भावना का उपयोग न करते हुए अनिश्चितता की अवस्था में निर्णय लेने की विभिन्न विधियों का उल्लेख कीजिये।
   Describe the various methods of decision making under uncertainly without use of probobility.
3. पे ऑफ तालिका की सहायता से रिग्रेट तालिका की प्रविष्टियाँ किस प्रकार प्राप्त की जाती हैं ?
   How can entries in a Regret table be derived from a pay-off table?

लघु उत्तरीय प्रश्न (Short answer type Questions)

1. सांख्यिकीय निर्णय सिद्धान्त क्या है ?
   What is statistical decision Theory?
2. पे ऑफ तथा रिग्रेट क्या है ?
   What are pay-offs and Regrets?
3. निर्णय वृक्ष क्या है ?
   What is Decision tree?
4. EMV को समझाइये।
   Explain EMV.

9.12 व्यावहारिक प्रश्न

1. तीन कृत्य A, B, C तथा तीन प्राकृत अवस्थाएँ P, Q, R की प्राप्तियाँ नीचे दी गयी हैं-
   Pay-offs of three acts A, B, C and states of nature P, Q, R are given below :

प्राप्तियाँ (Pay-offs) (in Rupees)

प्राकृत अवस्था (State of Nature)	क्रियाएँ (Acts)		
	A	B	C
P	–35	120	–100
Q	250	–350	200
R	550	650	700

प्राकृत अवस्थाओं की प्रायिकताएँ क्रमश: 0.5, 0.1 तथा 0.4 हैं। उपर्युक्त आँकड़ों के लिए प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य सारणी बनाइए तथा यह भी बताइए कि कौन-सी क्रिया को सर्वोत्तम मान कर चुना जा सकता है ?

The probabilities of the states of nature are 0.5, 0.1 and 0.4 respectively. Tabulate the Expected Monetary Values for the above data and state which can be chosen as the best act?

[उत्तर: प्रत्याशित मौद्रिक मूल्य सारणी

प्राकृत अवस्था	क्रिया		
	A	B	C
P	–17.5	60	–50
Q	25	–35	20
R	220	260	280
EMV	227.5	285	250

न्यूनतम EMV, क्रिया A के लिए है, अत: क्रिया A सर्वोत्तम है।]

2. निम्नलिखित प्राप्ति-आव्यूह पर विचार कीजिए:

प्राकृत अवस्था	प्रायिकता	कृत्य या क्रिया		
		विस्तार न करना	100 इकाइयों का विस्तार	200 इकाइयों का विस्तार
ऊँची माँग	0.2	3,500	4,500	6,000
औसत माँग	0.3	3,500	4,500	3,500
नीची माँग	0.5	3,500	3,500	2,000

ई. एम. वी. कसौटी का उपयोग करते हुए सबसे अच्छा कृत्य चुनिए।

Given the following pay-off matrix :

State of Nature	Probability	Act or Action		
		Do not Expand	Expand 100 units	Expand 200 units
Hight Demand	0.2	3,500	4,500	6,000
Medium Demand	0.3	3,500	4,500	3,500
Low Demand	0.5	3,500	3,500	2,000

Using EMV criterion decide the best act.

[उत्तर: अधिकतम (3,500 12,200 3,250) = 12,200.
100 इकाई का विस्तार करना सबसे अच्छा कृत्य है]

3. निम्न सारणी में तीन क्रियाओं A_1, A_2, A_3 तथा प्राकृत अवस्थाओं E_1, E_2, E_3 के पे-ऑफ दिए गए हैं। प्राकृत अवस्थाओं की प्रायिकताएँ क्रमशः 0.1 , 0.7 तथा 0.2 हैं। सुअवसर-हानि सारणी बनाइए तथा सबसे उत्तम क्रिया बताइए:

पे-ऑफ सारणी

प्राकृत अवस्था	क्रिया		
	A_1	A_2	A_3
E_1	25	–10	–125
E_2	400	440	400
E_3	650	740	750

4. Given is the following pay-off matrix:

State of Nature	Probability	Decision		
		Do not Expand Rs.	Expand 200 units (Rs.)	Expand 400 units (Rs.)
Hight Demand	0.4	2,500	3,500	5,000
Medium Demand	0.4	2,500	3,500	2,500
Low Demand	0.2	2,500	1,500	1,000

What should be the decision if we use (i) EMV criterion,(ii) The minimax criterion, and (iii) the maximax criterion?

5. The probalility of the demand for lorries for hiring on any day in a given district is as follows:

Number of Lorries Demanded	0	1	2	3	4
Probability	0.1	0.2	0.3	0.4	0.2

Lorries have a fixed of Rs.90 each a day to keep and daily hire charge (net of variable costs of running) is 200. If the lorry-hire company owns four lorries, what is its daily expectation? If the lorry-hire company is about to go into business and currently has no lorries, how many lorries should it buy?

NOTES

6. (i) Marketing staff of a certain industrial organization has submitted the following pay-off table, giving profits in million rupees, concerning a certain proposal depending upon the rate of technological advance in the next three years:

Decision		
Technological advance	Accept	Reject
Much	2	3
Little	5	2
None	–1	4

The probabilities are 0.2, 0.5 and 0.3 for Much, Little and none technological advance respectively.What decision should be taken?

(1) It is known that 40% of the students in a certain college are girls and 50% of the students are above the median height. If $\frac{2}{3}$ of the boys are above the median height, what is the probability that a randomly selected student who is below the median height is a girl ? (Answer the problem preparing a joint probability table).

7. A management is faced with the problem of choosing one of the products for manufacturing. The potential demand for each product may turn out to be good, moderate or poor. The probabilities for each of the states of nature were estimated as follows:

Product	Nature of Demand		
	Good	Moderate	Poor
X	0.70	0.20	0.10
Y	0.50	0.30	0.20
Z	0.40	0.50	0.10

The estimated profit or loss under the three states may be taken together as:

	Rs	Rs.	Rs.
X	30,000	20,000	10,000
Y	60,000	30,000	20,000
Z	40,000	10,000	–15,000 (loss)

Prepare the expected value teble, and advise the management about the choice of product.

8. A Newpaper distributor assigns probabilities to the demand for a magazine as follows:

Copies	Probability
1	0.4
2	0.3
3	0.2
4	0.1

A copy of the magazine sells for Rs.7 and costs Rs. 6. What can be the maximum possible expected monetary value (EMV) if the distributor can return unsold copies for Rs.5 each?

[Ans. If the distributor can return back unsold copies for Rs.5 each, the maximum possible EMV is Rs.1.20.]

9. A group of students raises money each year by selling Souvenirs outside the stadium after a criket match between Teams A and B. They can buy any of the three different types of Souvenirs from a supplier. Their conditional pay-off table is as under:

	Types of Souvenir			
		I	II	III
Team A wins	Rs.	1,200	800	300
Team B wins	Rs.	2.50	700	1,100

(i) Construct the opportunity loss table.

(ii) Which type of Souvenir should the students buy if probability of Team A's winning is 0.6?

(iii) Find out the cost of uncertainty.

10. The conditional pay-offs in rupees for each action-event combination are as under:

Event	Action			
	1	2	3	4
	Rupees			
A	4	–2	7	8
B	0	6	3	5
C	--5	9	2	–3
D	3	1	4	5
E	6	6	3	3

(i) Which is the best action in accordance with the maximum criterion?

(ii) Which is the best action in accordance with EMV criterion, presuming all events have equal probabilities of occurrences.

11. A management is faced with the problem of choosing one of the three products for manufacturing. The potential demand for each product may turn out to be good. fair or poor. The probabilities for each type of demand were estimated as follow:

Product	Type of Demand		
	Good	Fair	Poor
A	0.75	0.15	0.10
B	0.60	0.30	0.10
C	0.50	0.30	0.20

The estimated profit of loss under the three states of demand in respect of each product may be taken as:

	Rs.	Rs.	Rs.
A	35,000	15,000	5,000
B	50,000	20,000	loss or 3,000
C	60,000	30,000	20,000

Prepare the expected value table and advice the management about the choice of the product.

12. Pay-offs of three Acts A, B and C the states of nature P.Q.R. are given below:

State of Nature	Pay-offs (Rupees)		
	A	B	C
P	–35	120	–100
Q	250	–350	200
R	550	650	700

The probabilities of the states of nature are 0.5, 0.1 and 0.4 respectively. Tabulate the expected monetory value for the above data and state which can be chosen as the best act.

अपनी प्रगति की जाँच करें
Test your Progress

सुझाव पत्र (विद्यार्थियों के लिये)

नाम	–	कार्यक्रम का नाम	–
नामांकन नं.	–	कोर्स का नाम	–
फोन नं.–		सत्र	–
ई–मेल आईडी –			

प्रिय छात्र–छात्राओं,

विश्वविद्यालय के द्वारा दूरस्थ शिक्षण संस्था में पंजीकृत छात्र–छात्राओं को दी जाने वाली पाठ्यसामग्री को हमेशा बेहतर बनाने का प्रयास रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु आपके विचार एवं सुझाव आंमत्रित है, कृपया आपको प्रदान की जाने वाली पाठ्य–सामग्री के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव 500 शब्दों में लिखकर प्रेषित करें, ताकि उक्त विचार एवं सुझाव का अमल करते हुये हम अपने पाठ्य सामग्री को और अधिक सरल, सहज एवं रोचक बनाया जा सकें।

सुझाव –

....

....

....

....

....

....

....

....

....

छात्र का नाम एवं हस्ताक्षर

सुझाव पत्र (विषय विशेषज्ञ/पाठ्यक्रम समन्वयक/कार्यक्रम समन्वयक के लिये)

नाम — पद —
विभाग/विषय — पता —
फोन नं.— सत्र —
ई–मेल आईडी —

प्रिय विषय विशेषज्ञ/पाठ्यक्रम समन्वयक/कार्यक्रम समन्वयक,

विश्वविद्यालय के द्वारा दूरस्थ शिक्षण संस्था में पंजीकृत छात्र–छात्राओं को दी जाने वाली पाठ्यसामग्री को हमेशा बेहतर बनाने का प्रयास रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु आपके विचार एवं सुझाव प्रार्थनीय है, कृपया आप इस पाठ्य–सामग्री के संबंध में अपने विचार एवं सुझाव 500 शब्दों में लिखकर प्रेषित करें, ताकि उक्त विचार एवं सुझाव का अमल करते हुये हम अपने पाठ्य सामग्री को और अधिक सरल, सहज एवं रोचक बनाया जा सकें।

सुझाव —

....

....

....

....

....

....

....

....

....

धन्यवाद,

नाम एवं हस्ताक्षर